नई दिल्ली
मंगलवार 6 अक्टूबर 2026
अश्विन मास कृष्ण पक्ष,
एकादशी वर्ष : 30, अंक : 169
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 32.0°C
न्यून. 22.0°C

हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
haribhoomi.com

समाचार ही नहीं, विचार भी



11 कोको गॉफ यूएस ओपन के सेमीफाइनल में पहुंची

भारतीय धरा पर जन्मे शावकों की पीढ़ी ले रही अंगड़ाइयां



मादा चीता केजेपी-21 ने 5 स्वस्थ शावकों को दिया जन्म, अब संख्या 60

कूनो में गूंजी चीतों की 'नई पीढ़ी' की दहाड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर/भोपाल

श्योपुर स्थित कूनो राष्ट्रीय उद्यान में चीता प्रोजेक्ट अंतर्गत 5 अक्टूबर सोमवार को एक और ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज हुई। भारतीय धरती पर जन्मी 32 माह की मादा चीता केजेपी-21 ने 5 स्वस्थ शावकों को जन्म दिया है। इसके साथ ही भारत में चीतों की संख्या बढ़कर अब 60 हो गई है, इसमें से 41 भारतीय धरती पर जन्में चीते शामिल है। भारत में जन्मी मादा चीता केजेपी-12 और मुखी के बाद केजेपी-21 तीसरी मादा चीता है, जिसने भारतीय धरती पर शावकों को जन्म दिया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रोजेक्ट चीता से जुड़ी टीम को दी बधाई



जन्मे नन्हे शावकों का दृश्य

यह उपलब्धि देश में चीता संरक्षण एवं पुनर्स्थापना के प्रयासों की सफलता और चीतों की नई पीढ़ी की विस्तार की दिशा में मील का पत्थर है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस ऐतिहासिक अवसर पर प्रोजेक्ट चीता से जुड़े वन्य अधिकारियों, पशु चिकित्सकों, मैदानी अमले, प्रबंधन टीम तथा सभी सहयोगियों को बधाई दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उनके समर्पण, प्रतिबद्धता और अथक प्रयासों से भारत में चीता पुनर्स्थापना की यह यात्रा निरंतर आगे बढ़ रही है। नन्हे मेहमानों के आगमन से कूनो की धरती पर एक बार फिर वन्य जीव संरक्षण की नई उम्मीद ने जन्म लिया है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी साझा की और टीम को शुभकामनाएं दी। गौर हो कि प्रोजेक्ट चीता 2022 में शुरु हुआ था।

भारत में बोत्सवाना वंशावली की शुरूआत

केजेपी-21 के पांच शावकों का जन्म एक महत्वपूर्ण उपलब्धि भी लेकर आया है। इनका पिता बोत्स्वाना से लाया गया नर चीता है। इन शावकों के जन्म के साथ भारत में बोत्सवाना वंशावली की शुरूआत हुई है। इससे देश में बढ़ती चीता आबादी में एक नई अनुवांशिक वंशावली का समावेश हुआ है।

Dinh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

सुप्रीम कोर्ट में 3 नए जज नियुक्त, संख्या 37 हुई

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को तीन नए न्यायाधीशों की नियुक्ति की गई। इनमें गुजरात हाई कोर्ट की मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सुनीता अग्रवाल, दिल्ली हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय व तेलंगाना हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश अपरेश कुमार सिंह शामिल हैं। अब कोर्ट में कार्यरत न्यायाधीशों की संख्या 37 हो जाएगी।



गूगल जेमिनी के फ्री यूजर्स पर बढ़ी पाबंदी

नई दिल्ली। गूगल अपने जेमिनी एआई मॉडल्स की उपलब्धता को लेकर 9 अक्टूबर से नए नियम लागू करने जा रहा है। कंपनी फ्री और एंट्री-लेवल एआई प्लस यूजर्स के लिए मॉडल एक्सेस सीमित करेगी। फ्री यूजर्स को केवल फ्लैश-लाइट मॉडल मिलेगा। प्रो मॉडल का एक्सेस हटा दिया। लाइट और फ्लैश मॉडल मिलेंगे।



दिल्ली से जा रही इंडिगो में महिला की बची जान

नई दिल्ली। आसमान में उड़ते विमान में जब 32 वर्षीय महिला की सांसें उखड़ने लगीं तो चार डॉक्टर उसके लिए मसीहा बनकर सामने आए। दिल्ली से आइजोल जा रही इंडिगो की उड़ान में 3 अक्टूबर को क्रॉनिक किडनी डिजीज से पीड़ित महिला की हालत अचानक गंभीर हो गई। उसका ऑक्सीजन सैचुरेशन गिरकर करीब 40% पहुंच गया।



एसआईआर पर सुनवाई | सुप्रीम कोर्ट ने कहा - उम्मीद है कि सैवधानिक संस्था कानून के मुताबिक काम करेगी

संशोधित फॉर्म 6 को हमने मंजूरी नहीं दी, पता लगाएंगे बदलाव किसने किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मतदाता पंजीकरण से जुड़े फॉर्म 6 में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान जोड़ी गई अतिरिक्त घोषणा को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं

मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सोमवार सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस मामले में बहस के बाद सुप्रीम कोर्ट ने सीईसी ज्ञानेश कुमार के निलंबन की मांग खारिज कर दी। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि उसे उम्मीद है कि संवैधानिक संस्था कानून के मुताबिक काम करेगी। चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस बागची और जस्टिस वी. मोहना की पीठ ने मामले में चुनाव आयोग को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिकाओं में आरोप लगाया गया है कि एसआईआर, फॉर्म-6 में बदलाव और चुनाव आयोग के कई अन्य फैसले कानून में निर्धारित प्रक्रिया का उल्लंघन करते हुए लिए गए। याचिकाओं में कहा गया कि चुनाव आयोग से जुड़े ▶▶शेष पेज 5 पर



जस्टिस सूर्यकांत

सीईसी ज्ञानेश कुमार के निलंबन की मांग खारिज



ज्ञानेश कुमार

राहुल बोले- फॉर्म 6 में गैरकानूनी और एकतरफा तरीके से बदलाव किया



राहुल गांधी

राहुल गांधी ने सोमवार को आरोप लगाया कि ज्ञानेश कुमार ने फॉर्म 6 में 'गैरकानूनी और एकतरफा' तरीके से बदलाव किया। उन्होंने चुनाव आयोग की 26 सितंबर की प्रेस नोट का एक हिस्सा सोशल मीडिया पर शेयर किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह उनके पद का इस्तेमाल कर भाजपा की मदद करने का एक और सबूत है।

चुनाव आयोग में एकतरफा फैसलों का आरोप

केंद्र और निर्वाचन आयोग को जारी किया नोटिस

आयोग के जवाब का इंतजार

याचिका में आरोप लगाया गया है कि उन्होंने दो अन्य निर्वाचन आयुक्तों की सहमति के बिना एकतरफा फैसले लिए। पीठ ने कहा कि निर्वाचन आयोग का जवाब आने तक यह मानकर चलना होगा कि आयोग के फैसले कानून के अनुरूप लिए गए हैं। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि किसी रिपोर्ट के सही या गलत होने के आधार पर अदालत आदेश पारित नहीं कर सकती। पहले निर्वाचन आयोग का जवाब आने का इंतजार किया जाएगा।

क्या है फॉर्म 6 का विवाद?

विवाद ऑनलाइन मतदाता पंजीकरण प्रक्रिया में जोड़ी गई अतिरिक्त घोषणा को लेकर है। एसआईआर के दौरान नए मतदाताओं से खुद को या अपने माता-पिता अथवा दादा-दादी को पिछली मतदाता सूची से जोड़ने वाली जानकारी मांगी गई थी। आरोप है कि फॉर्म 6 में यह अतिरिक्त आवश्यकता औपचारिक नियम संशोधन के बिना जोड़ी गई।

आज चुनाव आयोग का घेराव करेगी कांग्रेस

कांग्रेस सहित 19 विपक्षी दल 6 अक्टूबर को चुनाव आयोग का घेराव करेंगे। इसे लेकर दिल्ली के इंदिरा भवन में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी की मौजूदगी में उच्चस्तरीय बैठक हुई। इसमें सभी प्रदेश अध्यक्ष, प्रभारी और पार्टी के विभिन्न संगठनों के प्रमुख शामिल हुए। इसमें रणनीति तैयार की गई।

चौबटिया स्थित विदेशी प्रशिक्षण नोड में 5 से 18 अक्टूबर तक होगा युद्धाभ्यास का आयोजन

पश्चिम-एशिया युद्ध के बीच उत्तराखंड में युद्धाभ्यास करती भारत-यूएई की सेनाएं



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया सहित खाड़ी क्षेत्र में अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच जारी युद्ध के चिंताजनक दौर में यहां देश में भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की थलसेनाएं उत्तराखंड के चौबटिया स्थित विदेश प्रशिक्षण नोड में संयुक्त सैन्य अभ्यास 'माउंटेन गार्डियन-2026' करने में लगी हुई हैं। इस बार युद्धाभ्यास की शुरुआत 5 अक्टूबर को हुई है और इसका समापन 18 अक्टूबर को होगा। माउंटेन गार्डियन का मुख्य उद्देश्य खासतौर पर दोनों सेनाओं में पर्वतीय युद्धकौशल को लेकर अंतर-संचालनीयता से लेकर आपसी समझ और सहयोग को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करना है। ▶▶शेष पेज 5 पर

युद्धाभ्यास में महिलाओं की भागीदारी

सेना ने सोमवार को बताया, माउंटेन गार्डियन युद्धाभ्यास में भारत और यूएई के कुल 92 सैन्यकर्मी भाग ले रहे हैं। जिसमें नई दिल्ली और संयुक्त अरब अमीरात से समान संख्या में 46 रणबांकुरों का दल शामिल है। भारतीय सेना की भैरव बटालियन और यूएई की माउंटेन इन्फेंट्री बटालियन का दल युद्धाभ्यास का हिस्सा हैं। इस वर्ष महिलाओं की इसमें बतौर विशेषज्ञ के रूप में भूमिका देखने को मिलेगी।

युद्धाभ्यास की खास बातें

14 दिन के युद्धाभ्यास के दौरान दोनों सेनाएं संयुक्त योजना, रणनीतिक ड्रिल, फायरिंग अभ्यास, निगरानी ग्रिड और ड्रोन अभियान जैसी गतिविधियों को बराबरी के साथ मिलकर पूरा करेंगी। इसके अलावा शारीरिक क्षमता बढ़ाने वाली ट्रेनिंग, चट्टान की चढ़ाई, बाधाओं से निपटने और एकीकृत फील्ड अभ्यास को युद्धाभ्यास में ही अंजाम दिया जाएगा। तकनीक ▶▶शेष पेज 5 पर

भारत की भी रहेगी भागीदारी, मौजूदा वर्ष में नई दिल्ली ने किया गया था आयोजन

अगले साल स्विट्जरलैंड में आयोजित किया जाएगा कृत्रिम बुद्धिमत्ता सम्मेलन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अगले साल 2027 में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) शिखर सम्मेलन का आयोजन स्विट्जरलैंड द्वारा किया जाएगा।

जिसमें भारत की भी भागीदारी देखने को मिलेगी। अभी फिलहाल केंद्र की तरफ से इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के संबंध में कोई औपचारिक जानकारी नहीं दी गई है। लेकिन यह जरूर साफ किया गया है कि 2027 में सम्मेलन मध्य यूरोप के देश स्विट्जरलैंड में ही होगा। यह जानकारी सोमवार को राजधानी में आयोजित किए गए एक संवाददाता सम्मेलन में विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज ▶▶शेष पेज 5 पर



2026 में भारत की मेजबानी

जॉर्ज के मुताबिक, इस साल नई दिल्ली की मेजबानी में एआई इंपैक्ट शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया था। जिसका एकमात्र मकसद ग्लोबल साउथ के देशों में एआई की आवाज को बुलंद करने और सभी के लिए इसे सुलभ बनाना था। स्विट्जरलैंड के राष्ट्राध्यक्ष भी एआई इंपैक्ट सम्मेलन में शामिल हुए थे। भविष्य से जुड़ी इस महत्वपूर्ण तकनीक एआई के ▶▶शेष पेज 5 पर

एचएएल के कोरापुट डिवीजन में होगा 2000 वें इंजन की डिलीवरी का कार्यक्रम

रक्षा मंत्री के हाथों ओडिशा और आंध्र-प्रदेश से नौसेना वायुसेना को मिलेगी महत्वपूर्ण 'सैन्य सौगात'

विशाखापट्टनम में पहले एफएसएस-1 का जलावतरण, एफएसएस-5 की कील रखने के अलावा अन्य कार्यक्रमों में राजनाथ करेंगे शिरकत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

तेजी से बदलते घरेलू और वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मंगलवार को ओडिशा और आंध्र-प्रदेश से नौसेना, वायुसेना को कुछ महत्वपूर्ण सैन्य-सामरिक सौगात देने वाले हैं। जिसके केंद्र में रक्षा क्षेत्र का सार्वजनिक उपक्रम हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) रहेगा। ओडिशा में वह एचएएल के 2000 वें इंजन की डिलीवरी कार्यक्रम का उद्घाटन ▶▶शेष पेज 5 पर



आत्मनिर्भरता की झलक देखने को मिलेगी

यह आयोजन भारत को रक्षा उपकरणों के खरीदार से इतर सैन्य प्रणालियों के डिजाइनर, उनका विकास करने वाले और निर्माता के रूप में बदलने के केंद्र सरकार के दृष्टिकोण (आत्मनिर्भरता) को रेखांकित करता है। प्रणोदन प्रणालियों के रणनीतिक महत्व और तकनीकी जटिलता को देखते हुए स्वदेशी एयरो-इंजन क्षमता का निर्माण भी इसी दृष्टिकोण में शामिल एक महत्वपूर्ण ▶▶शेष पेज 5 पर

एयरो-इंजन डिलीवरी ऐतिहासिक कार्यक्रम

एचएएल ने एयरो इंजन की डिलीवरी को एक ऐतिहासिक कार्यक्रम के तौर पर मनाने का निर्णय लिया है। मंत्रालय का कहना है कि यह कार्यक्रम भारत की एयरोस्पेस, रक्षा विनिर्माण क्षमताओं और सशस्त्र बलों की संचालन तत्परता में एचएएल कोरापुट के कुल करीब 60 वर्षों के योगदान को भी चिन्हित करेगा। वहीं, इन सबके अलावा 200 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश ▶▶शेष पेज 5 पर

बनाया बसपा का राष्ट्रीय संयोजक

मायावती ने फिर आकाश आनंद को दे दिया मौका

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को एक बार फिर पार्टी में अहम जिम्मेदारी दी है। उन्होंने आकाश आनंद को बसपा का राष्ट्रीय संयोजक नियुक्त किया है। मायावती ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी दी।

यह फैसला ऐसे समय में लिया गया है, जब पार्टी आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी है। मायावती ने कहा कि आकाश आनंद का व्यक्तित्व पार्टी में काफी हद तक ठीक रहा है, लेकिन पिछले दिनों कुछ ऐसे कारण सामने आए, जिनकी वजह से पार्टी संगठन में कई जरूरी बदलाव करने पड़े। उन्होंने कहा कि पार्टी के कुछ लोगों का मानना है कि आकाश आनंद के व्यक्तित्व और कार्यशैली में काफी बदलाव आया है। इन सभी पहलुओं पर विचार करने के बाद उन्हें फिर से राष्ट्रीय संयोजक की जिम्मेदारी देने का फैसला किया गया है।

बोली-व्यक्तित्व और कार्यशैली में बदलाव आया



रोशनी से नर्व सिग्नल को नियंत्रित करने की तकनीक 'ऑप्टोजेनेटिक्स' खोजी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वर्ष 2026 के फिजियोलॉजी या मेडिसिन के नोबेल पुरस्कार की घोषणा कर दी गई है। इस साल यह प्रतिष्ठित सम्मान कार्ल डिसेरोथ, पीटर हेगमैन और जॉर्ज नागेल को ऑप्टोजेनेटिक्स के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए दिया गया है। तीनों वैज्ञानिकों ने ऐसी तकनीक विकसित करने में अहम भूमिका निभाई, जिससे रोशनी की मदद से तंत्रिका कोशिकाओं की गतिविधियों को नियंत्रित करना संभव हुआ। उनकी खोज ने न्यूरोसाइंस में शोध के नए रास्ते खोले हैं। पीटर हेगमैन और जॉर्ज नागेल ▶▶शेष पेज 5 पर

चिकित्सा का नोबेल...कार्ल डिसेरोथ, पीटर हेगमैन और जॉर्ज नागेल बने विजेता

दिमागी कोशिकाओं को कंट्रोल करने की तकनीक से डिप्रेशन-मानसिक बीमारियों को समझना आसान हुआ



कार्ल डिसेरोथ, पीटर हेगमैन और जॉर्ज नागेल

कार्ल डिसेरोथ ने बनाया रोशनी का स्विच

कार्ल डिसेरोथ ने इस खोज को तंत्रिका विज्ञान से जोड़ा। उन्होंने चूहों की तंत्रिका कोशिकाओं में चैनलरोडोप्सिन का जीन डालकर नीली रोशनी के जरिए नर्व सिग्नल शुरू करने में सफलता हासिल की। 2005 में उनकी इस महत्वपूर्ण खोज का प्रकाशन हुआ और बाद में उन्होंने जीवित चूहों के दिमाग में भी इस तकनीक को सफलतापूर्वक इस्तेमाल किया। रोशनी से नर्व सिग्नल को नियंत्रित करने की इस तकनीक को 'ऑप्टोजेनेटिक्स' कहा गया। इसके जरिए वैज्ञानिक यह समझने में सक्षम हुए कि मस्तिष्क में न्यूरल सर्किट किस तरह यादों, भावनाओं और व्यवहार को नियंत्रित करते हैं। इसका इस्तेमाल न्यूरोलॉजिकल और मनोरोग संबंधी बीमारियों के अध्ययन के साथ-साथ दृष्टिबाधित लोगों की रोशनी वापस लाने के प्रयासों में भी किया जा रहा है।

शादीपुर में दो फर्जी जॉब प्लेसमेंट कॉल सेंटर का भंडाफोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ 11 लोगों को किया गिरफ्तार

मध्य जिला पुलिस ने दो फर्जी जॉब प्लेसमेंट कॉल सेंटर का पर्दाफाश किया है। शादीपुर मेट्रो स्टेशन के पास स्थित इन सेंटरों में बेरोजगारों से हो रही ठगी में साइबर थाना पुलिस, स्पेशल स्टाफ और रंजीन नगर पुलिस ने कुल 11 लोग पकड़े गए हैं। पुलिस जांच में पता चला कि कॉल सेंटर नौकरी चाहने वालों का पर्सनल डेटा हासिल कर नौकरी के इच्छुक लोगों से रजिस्ट्रेशन या प्रोसेसिंग फीस के नाम पर पैसा मांगते थे। अलग अलग बहानों से 12 सौ से साढ़े तीन हजार तक वसूली की जाती थी। दोनों जगहों से 13 कंप्यूटर और पांच मोबाइल के साथ कॉलिंग सॉफ्टवेयर आदि सामान जब्त किया गया है।

पुलिस के अनुसार छापे के दौरान छह लोग जिनमें चार महिलाएं और दो पुरुष एक कॉल सेंटर से पकड़े गये। एक अन्य टीम ने लाल रतन बिल्डिंग से चल रहे एक और संदिग्ध जॉब प्लेसमेंट कॉल सेंटर पर छापा मारा। वहां पर पांच पुरुष कर्मचारी कॉलिंग क्यूबिकल्स में काम करते हुए पाए गए। पैसे मिलने के बाद कॉलर कथित तौर पर नौकरी और आगे की प्रक्रियाओं के बारे में भरोसा दिलाकर कुछ समय तक उम्मीदवारों को उलझाए रखते थे। इसके बाद वादा की गई नौकरी दिए बिना ही बातचीत बंद कर दी जाती थी। पकड़े गये लोगों के नाम अर्पित, अशोक, आसिम, संदीप, गौरव मलिक, ज्ञान सिंह, रोहित बताये गये। चार महिला कर्मचारी भी पकड़ी गई है। दिल्ली पुलिस सभी नौकरी चाहने वालों को सलाह देती है कि वे रजिस्ट्रेशन, प्रोसेसिंग या प्लेसमेंट फीस के बदले पक्की नौकरी देने वाले कॉल से सावधान रहें। व्यक्तिगत जानकारी साझा करने या कोई भी पेमेंट करने से पहले हमेशा नियोक्ता की जानकारी की स्वतंत्र रूप से पुष्टि करें। संदिग्ध साइबर धोखाधड़ी की सूचना तुरंत नेशनल साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 पर या www.cybercrime.gov.in के माध्यम से दी जा सकती है।

गार्ड के पांच वर्षीय बच्चे की खंभे से गिरकर मौत

नई दिल्ली। अक्षरधाम परिसर में खंभे से गिरने के कारण मंदिर परिसर में तैनात सुरक्षा गार्ड के पांच वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। घटना रविवार शाम सामने आई। बच्चा अक्षरधाम परिसर में फुटबॉल खेल रहा था, इसी दौरान वह खंभे से गिर गया और उसकी मौत हो गयी। बच्चा अपने माता पिता के साथ अक्षरधाम परिसर में ही रहता था। पुलिस ने घटना में किसी तरह के संदेह या साजिश की आशंका से इंकार किया है। बच्चे का पिता पिछले 15 वर्षों से अक्षरधाम में गार्ड के तौर पर काम कर रहा हैं।

पुलिस ने लूट के पांच आरोपी दबोचे, अन्य की तलाश जारी

लाखों की डकैती के बाद मनाली घूमने गये, लौटते समय हुये गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



उत्तरी जिला पुलिस ने अंतरराज्यीय तलाशी अभियान के बाद कश्मीरी गेट इलाके में हुई 19.50 लाख की लूट का मामला सुलझा लिया है। दिल्ली, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड से पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इनसे 9.90 लाख और लूटे गए पैसों से खरीदा गया नया आईफोन 17 प्रो बरामद किया गया। बाकी आरोपियों की तलाश जारी है। उन्हें पकड़ने और बाकी रकम बरामद करने के लिए टीमें उत्तराखंड भेजी गई हैं।

पुलिस के अनुसार 30 सितंबर को मुकेश और रामेश्वर ओल्ड लाजपत राय मार्केट स्थित अपने कार्यालय से साढ़े 19 लाख नकद लेकर स्कूटी से करोल बाग की ओर जा रहे थे। छत्ता रेल पार करने के बाद, जब वे जीपीओ के पास पहुंचे, तो दो मोटरसाइकिलों पर सवार कुछ लोगों ने उन्हें रोका और रोडरेज के बहाने उनसे झगड़ा करने लगे। हालांकि, जब मौके पर लोग जमा हो गए तो बदमाश चले गए। इसके बाद मुकेश और रामेश्वर ने करोल बाग की ओर अपना सफर फिर से शुरू किया। जब वे रानी झांसी फ्लाईओवर पर सेंट स्टीफंस अस्पताल के पास पहुंचे, तो दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार से पांच लोगों ने अचानक उनकी स्कूटी को रोक लिया। दोनों लोगों पर हमला कर रकम लूट बदमाश फरार हो गये। इस संबंध में कश्मीरी गेट थाने में केस दर्ज किया गया था। घटनास्थल और आसपास के इलाकों के कैमरा फुटेज की बारीकी से जांच की गई। फुटेज से पता चला कि दो मोटरसाइकिलों पर सवार छह लोगों ने पीड़ितों का पीछा किया था। वे छत्ता रेल इलाके से आईएसबीटी और तीस हजारी की तरफ गए। टेक्निकल जांच के आधार पर अभिषेक, शाकिर, सुलेमान, अरुण और सुभाष की पहचान की गई। लगातार कोशिशों के बाद अभिषेक तिवारी, शाकिर, सुलेमान उर्फ शाहरुख और अरुण को तब पकड़ा गया जब वे मनाली से दिल्ली लौट रहे थे। इनकी निशानदेही पर सुभाष कश्यप नाम के शख्स को पकड़ा। आरोपियों से आगे की पूछताछ और टेक्निकल सबूतों से एक और आरोपी ब्रिज की भूमिका का पता चला, जिसने कथित तौर पर डकैती को अंजाम देने के लिए अमन और पिंटू का इंतजाम किया था। जांच में यह भी पता चला कि अमन और पिंटू ने कूचा घासी राम से पीड़ितों का पीछा किया था और उनसे जुड़ी अहम जानकारी दी थी।

निगम का प्रर्वतन अभियान जारी, सभी जोनों में चला तोड़फोड़ अभियान, कई संपत्तियां सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) द्वारा खतरनाक भवनों, अनधिकृत निर्माण तथा दिल्ली मास्टर प्लान (एमपीडी) और भवन उप-विधियों के उल्लंघन के खिलाफ दिल्ली में प्रवर्तन अभियान लगातार सोमवार को भी जारी रहा। एमसीडी का दावा है कि इस शहर व्यापी प्रवर्तन अभियान के तहत आज कुल 31 पर ध्वस्तीकरण कार्रवाई की यानी तोड़फोड़ की गई। एमसीडी ने बताया कि इसके अलावा अनधिकृत निर्माण एवं भवन मानदंडों के उल्लंघन पर 5 संपत्तियां सील कर दी गई है। इसके अलावा 7 संपत्तियों को ध्वस्तीकरण हेतु आदेश जारी कर दिए गए है। एमसीडी का कहना है कि भवन मानदंडों का अनुपालन सुनिश्चित करने और जन सुरक्षा के मद्देनजर निगम के सभी 12 जोनों में सख्त प्रवर्तन कार्रवाई की जा रही है। आज अभियान के दौरान जनकपुरी, टैगोर गार्डन एक्सटेंशन, सरस्वती विहार, शालीमार बाग, शक्ति नगर, शकरपुर, घरौली एक्सटेंशन, सीलमपुर और संत नगर सहित दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में प्रमुख तौर पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। एमसीडी ने दोहराया कि उसके अधिकार क्षेत्र में अनधिकृत निर्माण और भवन मानदंडों का उल्लंघन किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। क्षेत्रीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में कड़ी निगरानी बनाए रखें तथा एमपीडी, भवन उप-विधियों और अन्य संबंधित नियमों के प्रावधानों के अनुसार उल्लंघनों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रोहित कुमार, पुत्रः बालकिशन, पताः डी–744, गली नं. 03, अशोक नगर, शाहदरा, दिल्ली–110093, 2) 1/5895/4, कबूल नगर, पूर्वी रोहताश नगर, शाहदरा, दिल्ली–110032** ने **CC NI ACT/2239/2022, U/s 138 NI Act, पुलिस थाना मंडावली, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **रोहित कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **रोहित कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CC NI ACT/2239/2022, U/s 138 NI Act, पुलिस थाना मंडावली, दिल्ली** के अभियुक्त **रोहित कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.11.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार – सुश्री श्रद्धा त्रिपाठी
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–02, पूर्वी
कमरा नं. 407, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/13703/ED/2026

स्क्रैप कारोबारी पर फायरिंग करने वाले दो गुर्गे पुलिस मुठभेड़ में हुये घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ गैंगस्टर राशिद केबलवाला के कहने पर की थी फायरिंग

उत्तर पूर्वी जिले के भजनपुरा इलाके में स्क्रैप कारोबारी पर फायरिंग करने वाले दो गुर्गे स्पेशल स्टाफ के साथ मुठभेड़ में घायल हो गये। दोनों का संबंध गैंगस्टर राशिद केबलवाला से बताया गया है। आरोपियों के नाम मोहम्मद कैफ और मोहम्मद जासिम हैं। इनके पैरों में गोली लगी है। मुठभेड़ के दौरान दो पुलिसकर्मियों की बुलेटप्रूफ जैकेट पर भी गोलियां लगीं और वे बाल-बाल बचे।

पुलिस के अनुसार आरोपियों के पास से तीन सेमी ऑटोमैटिक पिस्टल, 18 कारतूस और बिना रजिस्ट्रेशन प्लेट वाली मोटरसाइकिल बरामद की गई। इन्होंने सोमवार तड़के उस्मानपुर की ओर जाने वाली थर्ड पुश्ता रोड पर हुई इस मुठभेड़ के दौरान पुलिस टीम पर निशाना साधकर 12 राउंड गोलियां चलाई। पुलिस के अनुसार 2 अक्टूबर को सुबह लगभग सवा तीन बजे भजनपुरा पुलिस स्टेशन को गोलीबारी की घटना की सूचना मिली थी। स्टाफ तुरंत गली नंबर 16, सुभाष विहार, नॉर्थ घोंडा पहुंचा। शिकायतकर्ता स्क्रैप कारोबारी ने बताया कि उसने गली में गोलनी की आवाज सुनी और अपनी बालकनी में आया। उसने देखा कि दो लोग स्कूटी पर सवार थे और उनके पास हथियार थे। हमलावरों ने कथित तौर पर उस पर और हवा में गोलियां चलाई और फिर मौके से भाग गए। गोलियां इमारत की कांच की रेलिंग और बाहरी दीवार पर लगी थी।

महिला पत्रकारों के यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर संसद मार्ग थाने के बाहर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ एक पीड़ित महिला समेत करीब 17 पत्रकार, यूट्यूबर और फ्रीलांस पत्रकार हिरासत में लिये

जंतर मंतर पर महिला पत्रकारों के यौन उत्पीड़न का मामला सोमवार को भी गर्म रहा। राहुल गांधी समेत कई बड़े चेहरों ने आरोपी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने सोमवार को संसद मार्ग थाने के बाहर इकट्ठा होकर महिला पत्रकारों के मामले के संबंध में प्राथमिकी दर्ज करने और मामले की जांच की मांग की। कई प्रदर्शनकारियों को उस समय हिरासत में ले लिया गया, जब वे थाने के बाहर प्रदर्शन कर रहे थे। इनमें एक पीड़ित महिला पत्रकार, फ्री लांस पत्रकार और कुछ यूट्यूबर्स शामिल थे।

मिली जानकारी के अनुसार प्रदर्शकारी कथित घटना की सीसीटीवी फुटेज की जांच कराने और शिकायतों पर कार्रवाई की मांग कर रहे थे। एक प्रदर्शनकारी ने बताया कि कथित घटना वाले दिन वे सीसीटीवी फुटेज हासिल करने के लिए थाने गए थे, लेकिन उन्हें 24 घंटे बाद आने को कहा गया। वह दोबारा गए और फिर सीसीटीवी फुटेज मांगी, लेकिन पुलिस ने उन्हें फुटेज उपलब्ध नहीं कराई। पुलिस ने न तो प्राथमिकी दर्ज की और न ही मामले के बारे में कोई जानकारी दी। इसके बजाय पत्रकारों को ही हिरासत में ले लिया गया।

कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 382 दिनांक 01.10.26 धारा 127 (6) BNS थाना शिवा जी कालोनी जिला रोहतक।



गुमशुदा की पहचान बारे
नाम- वशं
पिता/पति का नाम - रविन्द्र
पता- निवासी रिटोल रोहतक
उम्र- 14 वर्ष
कद-5 फुट ।
हुलिया - रंग सांवला, गोल चेहरा, जो स्कूल की हरे रगं की टी शर्ट व काली निकर पहने हुए है।

रोहतक उपरोक्त कि दिनांक 30.09.26 को रविन्द्र उपरोक्त ने अपने लड़के वंश जिसकी उम्र 14 वर्ष ने हाजिर थाना आकर एक दरखास्त घर से लापता की गई अभियोग पंजीकृत हुआ है यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे में कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें।

1. प्रबन्धक थाना शिवा जी कालोनी रोहतक – 7082999119
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200,

बाइक को लेकर हुये झगड़े में फायरिंग, 16 वर्षीय किशोर जख्मी

नई दिल्ली। जैतपुर एक्सटेंशन में बाइक को लेकर हुये झगड़े फायरिंग की गई। इसमें 16 साल का किशोर जख्मी हो गया। पुलिस ने इस बाबत दो नाबालिगों को पकड़ा है। घटना रविवार रात 8.41 बजे जैतपुर एक्सटेंशन पार्ट-2 में किराने की दुकान के बाहर हुई। कालिंदी कुंज पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस को पूछताछ के दौरान पता चला कि घायल किशोर उत्तर प्रदेश के अमरोहा का मूल निवासी है और खड्डा कॉलोनी में सैलून चलाता है। उसे दुकान के बाहर गोली लगी। खड्डा कॉलोनी में ही रहने वाला किशोर का मामा उसे सफदरजंग अस्पताल ले गया। पुलिस ने कहा कि जब टीम अस्पताल पहुंची तो किशोर ऑपरेशन थिएटर में था, जिसके कारण उसका बयान तुरंत दर्ज नहीं किया जा सका। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि पांच मार्च को बाइक को लेकर दो गुटों के बीच झगड़ा हुआ था, जिसमें एक तरफ पीड़ित और दूसरी तरफ आरोपी थे। झगड़े के दौरान कथित तौर पर कैंची से हमला किया गया था, जिसके बाद प्राथमिकी दर्ज की गई थी। उसी झगड़े से उपजी पुरानी दुश्मनी के कारण 16 और 17 साल के दो किशोरों ने इस गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने दोनों किशोरों को पकड़ लिया है।

50 करोड़ की हेरोइन के साथ चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



रोहिणी जिले के स्पेशल स्टाफ ने अंतरराज्यीय मादक पदार्थ गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस सिलसिले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। इनसे करीब 50 करोड़ रुपये मूल्य की हेरोइन और अन्य मादक पदार्थ बरामद हुये। इस गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने लखनऊ में हेरोइन बनाने की अवैध इकाई का भी पर्दाफाश किया। आरोपियों के कब्जे से 7.076 किलोग्राम हेरोइन बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किये गये लोगों में हरियाणा के रोहतक निवासी 58 वर्षीय लक्ष्मण हुड्डा, दिल्ली के रघुबीर नगर निवासी 51 वर्षीय अनिल उर्फ भोला, उत्तर प्रदेश के बरेली निवासी 35 वर्षीय बबलू और बरेली का ही रुकसार अली उर्फ राजू शामिल हैं। पुलिस ने 16 सितंबर को बेगमपुर इलाके में मादक पदार्थों की आवाजाही की सूचना के आधार पर सेक्टर-32 में एक कार को रोककर लक्ष्मण हुड्डा को पकड़ा था। उसकी कार से 300 ग्राम हेरोइन और तीन लाख रुपये नकद बरामद किये गये थे। 17 सितंबर को अनिल उर्फ भोला को सोनीपत से गिरफ्तार किया गया और उसकी कार से 501 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। वह पहले 12 मामलों में शामिल रहा है और भलस्वा डेयरी थाने में दर्ज एनडीपीएस मामले में अंतरिम जमानत पर जेल से बाहर आने के बाद से फरार था। अदालत ने इसे भगोड़ा भी घोषित कर दिया था। पुलिस ने बताया कि आगे की जांच और तकनीकी निगरानी के आधार पर चार अक्टूबर को उत्तर प्रदेश के लखनऊ के जानकीपुरम स्थित सीता कॉलोनी में हेरोइन बनाने की इकाई पर छापा मारा गया, जहां बबलू को पकड़ा गया और 6.275 किलोग्राम हेरोइन बरामद हुई। छापे के दौरान 2.504 किलो सोडियम, 787 ग्राम एसिटिक एनहाइड्राइड, एक टब, गैस सिलेंडर, मिक्सर ग्राइंडर, बर्तन, पॉलीथीन, इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन, लकड़ी की टोकरी और हेरोइन बनाने में इस्तेमाल होने वाली अन्य सामग्री बरामद हुई। बबलू से मिली जानकारी के आधार पर मुख्य आपूर्तिकर्ता और मालिक रुकसार अली उर्फ राजू को बरेली से गिरफ्तार किया गया। मामले में आगे की जांच जारी है।

'वरिष्ठ नागरिकों का अनुभव समाज के लिए महत्वपूर्ण पूंजी'

नई दिल्ली। वरिष्ठ नागरिकों का अनुभव और समाज में उनका योगदान समाज के लिए महत्वपूर्ण पूंजी है। दिल्ली के समाज कल्याण विभाग के उप निदेशक राजीव सक्सेना ने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में दौरान यह बात कही। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण समाज के लिए लंबे समय तक योगदान देने वाले वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान रहा। विभिन्न क्षेत्रों में जनसेवा और समाज के प्रति उल्लेखनीय योगदान देने वाले वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया गया। विभाग की ओर से उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों के अनुभव और योगदान को समाज की महत्वपूर्ण पूंजी बताया गया। उप निदेशक राजीव सक्सेना ने इस कार्यक्रम की जानकारी साझा करते हुए बताया कि उन्हें भी समाज कल्याण विभाग के प्रति लंबे समय से समर्पित सेवा और योगदान के लिए सम्मानित किया गया। उन्होंने इस सम्मान को अपने लिए गौरव और विनम्रता का विषय बताया। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर केंद्रित दिनभर के कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

युवाओं के लिए चुनाव आयोग 7-8 अक्टूबर को आयोजित करेगा कॉलेज व स्कूल में विशेष कैंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

युवाओं के लिए दिल्ली के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) कार्यालय द्वारा आगामी 7-8 अक्टूबर 2026 को कॉलेज, स्कूल सहित अन्य शिक्षण संस्थानों में विशेष कैंप आयोजित किए जाएंगें। इस बारे में सीईओ कार्यालय दिल्ली के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दिल्ली के सभी कॉलेजों, विश्वविद्यालयों और अन्य शिक्षण संस्थानों में युवा मतदाताओं के नामांकन के लिए आगामी 7 और 8 अक्टूबर, 2026 को विशेष कैंप का एक और दौर आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सीईओ अशोक कुमार ने सभी युवा मतदाताओं से अनुरोध किया है कि वे आगे आएं और मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने तथा लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेने के इस अवसर का लाभ अवश्य उठाएं। उन्होंने बताया कि जो नए मतदाता 1 अक्टूबर 2026 को या उससे पहले 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहे हैं, उन्हें मतदाता सूची में अपना नाम जरूर शामिल कराने के लिए फॉर्म-6 में आवेदन करना चाहिए। अधिकारी की मानें तो कार्यालय ने अधिकांश स्कूलों, कॉलेजों व संभावित शिक्षण संस्थानों से बातचीत कर ली है। इनमें विशेष कैंप लगाने के लिए तैयारियां की जा रही है। कैंपों में बीएलओ सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहेंगे, जो नए छात्रों को फॉर्म भरने में हर संभव मदद करेंगे। बता दें कि इससे पहले भी सीईओ कार्यालय ऐसे कैंप आयोजित कर चुका है। जबकि एसआईआर प्रक्रिया के तहत मतदाताओं को मिले नोटिस के बाद उनके सहयोग के लिए रविवार को सभी पोलिंग बूथों पर विशेष कैंप का आयोजन किया गया था। इन कैंपों में हजारों लोगों ने नोटिस के तहत अपनी पहचान व पते के सबूत आदि से संबंधित उचित कागजात जमा करते हुए त्रुटियों को दूर कर राहत पाई।

PUBLIC NOTICE

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

VEHICLES FOR SALE

1) ASHOK_LEY AL1015TE REG. NO. UP16MT8230-YOM- 2023
2) TATA MOTORS TATAACE REG. NO. DL1LAL4214-YOM 2023
3) TATA MOTORS TATALP709F REG. NO. UP16JT7574 -YOM- 2022
4) EICHR_VECV PRO6028CBC REG. NO. HR55AT3968-YOM NA
5) TATA MOTORS T_INTRAV20 REG. NO. DL1LAM6448-YOM- NA
6) TATA MOTORS TATA4825B REG.NO. UP13CT6185-YOM- 2023
7) ASHOK_LEY ECOMET1615 REG. NO. UP81DT1244 -YOM- 2021
8) MAH VEERO15XXL REG. NO. DL1LAR4993 -YOM- NA
9) TATA MOTORS T_INTRAV20 REG. NO. DL1LAL5144 -YOM-
10) TATA MOTORS LPT1109T REG. NO. UP14ST3338 -YOM-2021

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 7 DAYS AT BRANCH ADDRESS: KOTAK MAHINDRA BANK 3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125, NOIDA-201313 OR CONTACT : PUNIT PARASHAR KOTAK MAHINDRA BANK LTD. CONTACT NO. 8377905498 EMAIL-punit.parashar@kotak.com

दर्ज की गई चार नई एफआईआर

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने संसद मार्ग पर सोमवार को उग्र प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन के दौरान बवाल देखा गया और कथित तौर पर हिंसा भी हुई। पुलिस ने बताया कि कुल चार नई एफआईआर दर्ज की गई हैं। एक मामला सीआईएसएफ कांस्टेबल पर हुए हमले के सिलसिले में भी दर्ज किया गया है। आरोपी प्रदर्शनकारी को हिरासत में ले लिया गया है। आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। अन्य मामले कथित दंगा, संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और लोक सेवकों को उनके कर्तव्यों का पालन करने से रोकने से संबंधित हैं।

कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 245 दिनांक 30.09.26 धारा 127 (6) BNSS थाना अर्बन एस्टेट जिला रोहतक ।



गुमशुदा की पहचान बारे
नाम- रोशनी
पिता/पति का नाम – राजेन्द्र
पता- निवासी शीला बाई पास रोहतक
उम्र- 15 वर्ष
कद- 5 फुट 2 ईंच ।
हुलिया- गोल चेहरा, रंग गेहुआ

रोहतक उपरोक्त ने हाजिर थाना आकर एक दरखास्त घर से लापता की गई अभियोग पंजीकृत हुआ है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे में कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें।

1. प्रबन्धक थाना अर्बन एस्टेट रोहतक – 70829994122, 9254047186
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 01262-247894

आप ने जंतर-मंतर पर 10 के आंदोलन को लेकर बैक-अप लीडरशिप तैयार की: भारद्वाज

हरिभूमि न्यूज . नई दिल्ली

केंद्र के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे को लेकर सड़कों पर उतरी आम आदमी पार्टी की दिल्ली इकाई ने आगामी 10 अक्टूबर को जंतर मंतर के आंदोलन को लेकर रणनीति बनानी शुरू कर दी है। इसकी शुरुआत करते हुए प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने सोमवार को दिल्ली के आप के विधायकों, पार्षदों, जिलाध्यक्षों, विधानसभा अध्यक्षों और वार्ड ऑब्जर्वर्स के साथ की एक आपात बैठक की। जिसके बाद उन्होंने कहा कि प्रस्तावित 10 अक्टूबर के आंदोलन को लेकर आप पार्टी ने रणनीतिक तैयारी के तहत बैक-अप लीडरशिप तैयार की है। क्योंकि इस आंदोलन से घबराई सरकार अब झूठे केस में विपक्षी दलों व संगठनों के नेताओं को गिरफ्तार करने की योजना बना रही है। लेकिन हम सरकार को बता रहे है कि चाहे कितनी भी गिरफ्तारियां कर ले, लेकिन देशवासियों का यह आंदोलन अब किसी कीमत पर रूकने वाला नहीं है। उन्होंने इस आंदोलन में उतरे सभी संगठनों से कहा है कि संगठन प्लान ए, बी और सी तैयार करने के साथ आपस में संवाद के माध्यम पर भी गंभीरता से विचार जरूर करें। जंतर-मंतर पर होने वाले इस सबसे बड़े आंदोलन को सफल बनाकर ही लोकतंत्र को बचाया जा सकता हैं। भारद्वाज ने बताया कि आज की बैठक में आंदोलन को सफल बनाने के लिए बैक-अप लीडरशिप तैयार की गई है, ताकि पहली पंक्ति के नेताओं को भाजपा सरकार की पुलिस अगर गिरफ्तार भी कर ले तो आंदोलन का नेतृत्व दूसरी और तीसरी पंक्ति की लीडरशिप पूरी ताकत से कर सके। भारद्वाज ने कहा कि हमें खबर मिली है कि जंतर-मंतर 2.0 का समर्थन करने वाले संगठनों के नेताओं को जल्द ही झूठे मुकदमों में गिरफ्तार किया जाएगा। इन गिरफ्तारियों के बावजूद शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन जारी रहना चाहिए। इसके लिए नेताओं और संगठनों को एक बैकअप नेतृत्व तैयार करना चाहिए। संवाद के लिए भी एक प्लान बी होना चाहिए। यह आंदोलन किसी भी व्यक्ति, संगठन या राजनीतिक दल से बहुत बड़ा है। भारद्वाज ने कहा कि 10 अक्टूबर को जंतर-मंतर पर जो बड़ा आंदोलन हो रहा है, जिसमें देश के कोने-कोने से लोग चुनाव आयोग के खिलाफ आवाज उठाने आएंगे, उस आंदोलन के नाम से ही सरकार घबराई हुई है। सरकार चलाने वाले लोग रात को सो नहीं रहे हैं कि 10 अक्टूबर को क्या होगा और उसके लिए सरकार ने कुछ योजना बनाई है। भारद्वाज ने सभी नेताओं और संस्थाओं से कहा कि सभी अपना बैकअप प्लान तैयार करें। मान लीजिए कि 6 अक्टूबर को सभी की पहली पंक्ति के नेता कई महीनों के लिए गिरफ्तार हो जाते हैं, तो दूसरी पंक्ति के नेता कौन होंगे। अगर दूसरी पंक्ति के नेता भी गिरफ्तार होते हैं, तो तीसरी पंक्ति के नेता कौन होंगे। बात सिर्फ शीर्ष नेताओं की गिरफ्तारी की नहीं है, सभी के मध्य और निचले स्तर के नेताओं को भी गिरफ्तार किया जा सकता है। आगामी 10 अक्टूबर के प्रदर्शन से एक दिन पहले यानी 9 अक्टूबर को हो सकता है कि सभी के जिला और विधानसभा स्तर के नेताओं को हिरासत में ले लिया जाए।

कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

DD नं. 27- दिनांक-03.10.26 धारा- 194 BNS आर्य नगर रोहतक ।



अदमशिनाख्त नाश की पहचान बारे
नाम - नामालूम
पिता/पति का नाम - नामालूम
पता - नामालूम
हुलिया- सावलां रंग, दुबला पतला शरीर, कद- 5 फुट 6 ईंच AGE 50/55

दिनांक 03.10.26 को एक नामपता नामालूम व्यक्ति जो सिविल हस्पताल ईलाज के दोरान रैफर PGIMS रोहतक किया गया वहां मृत्यु हो गई जिसके परिजनों का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। थाना रोहतक आर्य नगर द्वारा पोस्टमार्टम करवाया जाकर शिनाख्त हेतु 72 घण्टे के लिए डैड हाऊस PGIMS रोहतक में रखवाया गया है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें।

1. प्रबन्धक थाना रोहतक– 7082999119
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 01262-247894, 9996464100

पीआरडीएच-1084/11/5433/2027/49919/88/7 दि. 05.10.26

मुख्यमंत्री ने लोक नायक अस्पताल स्थित 'सखी वन स्टॉप सेंटर' का किया निरीक्षण

महिलाओं को मिलनी चाहिए सुरक्षा और प्रभावी न्यायिक सहयोग: रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

संकट की स्थिति में अपने घर से निकलकर मदद के लिए 'सखी वन स्टॉप सेंटर' तक पहुंचने वाली महिला के लिए यह स्वयं में बड़ा कदम होता है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को पुरानी दिल्ली जिले के अंतर्गत आने वाले लोक नायक अस्पताल स्थित 'सखी वन स्टॉप सेंटर' के निरीक्षण के दौरान मौजूद अधिकारियों को यह स्पष्ट निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि ऐसे में सेंटर पर पहुंचने के बाद उसे सुरक्षित और सहज वातावरण मिलना चाहिए, उसकी बात धैर्यपूर्वक सुनी जानी चाहिए और उसकी आवश्यकता के अनुसार तुरंत सहायता उपलब्ध कराई जानी चाहिए। उन्होंने केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं, पीड़ित महिलाओं और बच्चियों को दी जा रही सेवाओं तथा शिकायतों के निस्तारण की पूरी व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों और सेंटर की टीम से विभिन्न मामलों की प्रक्रिया, काउंसलिंग, पुलिस सहायता, कानूनी सहयोग, मेडिकल सुविधा, अस्थायी आश्रय और मामलों पर की गई कार्रवाई की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिंसा से पीड़ित प्रत्येक महिला और बच्ची को समयबद्ध, संवेदनशील एवं सम्मानजनक सहायता उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके साथ ही पीड़ित महिला को सहायता नहीं, बल्कि सम्मान, सुरक्षा और प्रभावी न्यायिक सहयोग मिलना चाहिए। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सेंटर में रहने वाली महिलाओं और बच्चियों के लिए उपलब्ध अस्थायी आश्रय व्यवस्था, भोजन, कपड़े और अन्य आवश्यक सामग्री की भी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकारी व्यवस्था की सफलता केवल दर्ज मामलों की संख्या से नहीं, बल्कि पीड़ितों को मिली वास्तविक सहायता और मामलों में हुई आगे की कार्रवाई से भी आंकी जाए। मुख्यमंत्री ने सेंटर में काउंसलिंग की प्रक्रिया का भी संज्ञान लिया। मुख्यमंत्री ने सेंटर में काउंसलिंग की प्रक्रिया को समझा और कहा कि हर मामले की प्रकृति अलग होती है, इसलिए सहायता भी पीड़िता की आवश्यकता के अनुसार दी जानी चाहिए।



एक ही छत के नीचे एकीकृत सहायता प्रणाली

मुख्यमंत्री ने बताया कि 'सखी वन स्टॉप सेंटर' का मूल उद्देश्य पीड़ित महिलाओं को एक ही स्थान पर समग्र सहायता प्रदान करना है। यहां हिंसा प्रभावित महिलाओं और बच्चियों को तत्काल सुरक्षा, आपातकालीन चिकित्सा जांच, मनोवैज्ञानिक व सामाजिक काउंसलिंग, निःशुल्क कानूनी परामर्श और एफआईआर दर्ज कराने में पूर्ण सहायता उपलब्ध कराई जाती है। इसके साथ ही संकट की स्थिति में जरूरतमंद महिलाओं को अल्पकालिक सुरक्षित प्रवास, भोजन, वस्त्र और अन्य बुनियादी सामग्रियां भी एक ही छत के नीचे प्रदान की जाती हैं। सखी वन स्टॉप सेंटर व्यवस्था के तहत महिलाओं और बच्चियों को टोल-फ्री महिला हेल्पलाइन 181 के माध्यम से सहायता से जोड़ा जाता है। आवश्यकता के अनुसार आपातकालीन बचाव एवं सुरक्षा, मेडिकल सहायता, पुलिस सहायता, काउंसलिंग, कानूनी सहायता तथा अस्थायी आश्रय जैसी सेवाओं को एकीकृत रूप से उपलब्ध कराया जाता है।

'रिपोर्ट प्रतिमाह मुख्यमंत्री कार्यालय को की जाए प्रस्तुत'

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता निरीक्षण के दौरान सेंटर पर आने वाले मामलों के रिकॉर्ड और उनके फॉलोअप की व्यवस्था की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि अब से दिल्ली के सभी सखी वन स्टॉप सेंटरों की विस्तृत रिपोर्ट प्रतिमाह मुख्यमंत्री कार्यालय को प्रस्तुत की जाए। इस रिपोर्ट में केवल मामलों की संख्या दर्ज करना पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि प्रत्येक मामले की पुलिस सूचना, एफआईआर की स्थिति, आरोपी के विरुद्ध की गई कार्रवाई और पीड़िता को मिली वास्तविक सहायता का स्पष्ट विवरण देना अनिवार्य होगा। यदि किसी संबंधित पुलिस थाने से जानकारी प्राप्त करने में देरी या कठिनाई आती है तो उसे रिपोर्ट में दर्ज किया जाएगा ताकि उन मामलों को उच्च पुलिस अधिकारियों के समक्ष उठाकर तुरंत हल कराया जा सके और पीड़िता व उसके परिवार को कार्रवाई की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया जा सके।

'संवेदनशील मामलों का रिकॉर्ड पूरी गोपनीयता से रखा जाए'

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बच्चियों से संबंधित पॉक्सो मामलों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि ऐसे अत्यंत संवेदनशील मामलों का रिकॉर्ड पूरी गोपनीयता के साथ अलग से रखा जाए। पुलिस कार्रवाई, एफआईआर, आरोपी की गिरफ्तारी और आगे की कानूनी प्रक्रिया का नियमित और समयबद्ध फॉलोअप सुनिश्चित किया जाए। बच्चियों से जुड़े मामलों में गोपनीयता बनाए रखते हुए पूरी जानकारी सिस्टम में व्यवस्थित होनी चाहिए, ताकि किसी भी स्तर पर मामले की पैरवी कमजोर न पड़े।

प्रदेश भाजपा कार्यालय पर स्वास्थ्य जांच कैम्प का हुआ आयोजन

नई दिल्ली। स्वास्थ्य सबसे बड़ी सेवा है, यदि समाज का प्रत्येक व्यक्ति स्वस्थ रहेगा, तभी हम एक सशक्त और स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकेंगे। भाजपा के 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत सोमवार को दिल्ली भाजपा कार्यालय पर मेडिकल संस्था 'डोकपेट' के सहयोग से आयोजित स्वास्थ्य जांच कैम्प के उद्घाटन के दौरान दिल्ली भाजपा की सह प्रभारी एवं पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री दर्शना जरदोश ने यह संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इसी विचार को आगे बढ़ाते हुए दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा और उनकी टीम के साथ इस सेवा कार्यक्रम में उपस्थित होकर लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का अवसर मिला है। सांसद एवं उत्तराखंड की सह प्रभारी बाँसुरी स्वराज ने दिल्ली भाजपा के महामंत्री विष्णु मित्तल एवं 'डोकपेट' संयोजक डॉ. शंकर खत्री की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन कर मेडिकल कैम्प का उद्घाटन किया और 'डोकपेट' संस्था की सराहना की। प्रदेश भाजपा से मिली जानकारी के अनुसार, सुबह 11 से सांय 4 बजे तक चले मेडिकल कैम्प में 462 लोगों ने निशुल्क जांच सुविधाओं एवं डाक्टर परामर्श का लाभ उठाया। सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा कि पिछले 25 वर्षों से मां भारती की सेवा करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस गौरवपूर्ण सफर को समर्पित करते हुए दिल्ली प्रदेश भाजपा द्वारा दीनदयाल उपाध्याय मार्ग स्थित प्रदेश कार्यालय के सामने आज हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर दिल्ली जलबोर्ड उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय, विधायक अनिल शर्मा, दिल्ली भाजपा पदाधिकारी प्रवीण शंकर कपूर आदि प्रदेश पदाधिकारी उपस्थित रहे।

आशीष सूद ने की पीजी संचालकों से मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- छात्र की मूलभूत सुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर हुई चर्चा

दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने सोमवार को राजधानी दिल्ली में छात्रों के लिए सुरक्षित, पारदर्शी और सुव्यवस्थित आवास व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए दिल्ली सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। पीजी आवासों के लिए व्यापक नियामक नीति तैयार करने की दिशा में जारी प्रयासों के तहत शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने सोमवार को पीजी मालिकों, संचालकों और प्रबंधकों के साथ महत्वपूर्ण हितधारक परामर्श बैठक की। बैठक में पीजी संचालन से जुड़े व्यावहारिक पहलुओं, विभिन्न चुनौतियों तथा छात्रों की सुरक्षा और मूलभूत सुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। नीति निर्माण में सहभागिता के महत्व पर जोर देते हुए आशीष सूद ने कहा कि दिल्ली में हाल ही में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बाद पीजी को विनियमित करने और उनके लिए नए कानून बनाने की प्रक्रिया जारी है। इस पहल के तहत कुछ दिन पहले पीजी में रहने वाले छात्रों और निवासियों से संवाद कर उनकी चिंताओं को समझने का प्रयास किया था।

शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि पीजी संचालकों, मालिकों और प्रबंधकों से मुलाकात कर उनके दृष्टिकोण और समस्याओं को समझा। किसी भी नए कानून का मसौदा तैयार करने से पहले हमारी सरकार सभी संबंधित पक्षों के साथ संवाद और परामर्श कर रही है। यही सहभागी शासन की भावना है, जिसे हम नीति निर्माण में आगे बढ़ाना चाहते हैं। हमारी प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि दिल्ली में लोगों, विशेषकर छात्रों को सुरक्षित, विश्वसनीय और उचित दरों पर पीजी आवास उपलब्ध हों।

शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि हर वर्ष देश के विभिन्न हिस्सों से छह लाख से अधिक छात्र दिल्ली आते हैं। इनमें से बड़ी संख्या पीजी आवासों में रहती है। उन्हें सुरक्षित आवास उपलब्ध कराना हमारी जिम्मेदारी है। इसी जिम्मेदारी के तहत आज पीजी संचालकों के साथ यह हितधारक परामर्श बैठक आयोजित की गई है।

महापौर ने मैत्रेयी मध्याह्न भोजन रसोई का किया निरीक्षण

नई दिल्ली। महापौर प्रवेश वाही ने बाहरी दिल्ली के पूठ गांव स्थित मैत्रेयी मध्याह्न भोजन (मिड डे मील) रसोई का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान महापौर ने अधिकारियों संग पूरी रसोई की गहनता से जांच की। निगम के अनुसार इस दौरान महापौर ने वर्तमान स्थित को संतोषजनक व निगम के रसोई में भोजन सामग्री तय मानकों के अनुरूप पाई गई तथा सुरक्षा के सभी मानकों का निर्वहन करते हुए मिले। इस मौके पर महापौर वाही ने कहा कि दिल्ली नगर निगम के विद्यालयों में मध्याह्न भोजन की आपूर्ति करने वाली रसोइयां पांच सितारा होटलों जितनी साफ एवं सुसज्जित हैं। महापौर ने निरीक्षण के दौरान सुबह की पाली के विद्यालयों के लिए कढ़ी चावल एवं शाम की पाली के विद्यालयों के लिए पूरी सब्जी का निरीक्षण किया एवं भोजन की गुणवत्ता पर संतोष जाहिर किया। महापौर ने सुबह की पाली के विद्यालयों के लिए बनाए गए कढ़ी चावल को चखा और भोजन की गुणवत्ता पर संतुष्टि व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पीएम पोषण अभियान के अंतर्गत मध्याह्न भोजन रसोई को हर प्रकार की मदद जैसे खाद्य सामग्री एवं वित्तीय सहायता समय से उपलब्ध कराई जा रही है। निगम विद्यालयों में छोटे छोटे बच्चे पढ़ने के लिए आते हैं और उनके सर्वांगीण विकास के लिए मध्याह्न भोजन एक अहम भूमिका निभा रहा है।

महिला सुरक्षा के लिए डीसीडब्ल्यू का प्रयास रहेगा जारी: लता गुप्ता



- डीसीडब्ल्यू अध्यक्ष ने कमला नेहरू और गार्गी कॉलेज में छात्राओं से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों से जुड़े मुद्दों को प्रभावी मंच तक पहुंचाने के लिए दिल्ली महिला आयोग निरंतर प्रयास करता रहेगा। यह बात सोमवार को दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) अध्यक्ष लता गुप्ता ने छात्राओं से संवाद करने के दौरान कही। गौरतलब है कि 'बेटियों के साथ भरोसे का संवाद-नारी शक्ति संवाद' कार्यक्रम के तहत डीसीडब्ल्यू की अध्यक्ष लता गुप्ता पिछले महीने से लगातार कॉलेजों में जाकर छात्राओं से सीधा संवाद कर रही हैं।

इसी कड़ी में सोमवार को उन्होंने साउथ कैंपस स्थित कमला नेहरू कॉलेज एवं गार्गी कॉलेज में छात्राओं से संवाद किया। इस दौरान लता गुप्ता ने पॉक्सो एक्ट, यौन उत्पीड़न की शिकायत प्रक्रिया तथा शैक्षणिक संस्थानों में आंतरिक समिति (आईसी) की भूमिका के बारे में छात्राओं को जानकारी दी। उन्होंने साइबर अपराधों से बचाव को लेकर भी जागरूक करते हुए फर्जी सोशल मीडिया प्रोफाइल, साइबर स्टॉकिंग, ऑनलाइन उत्पीड़न, निजी तस्वीरों एवं वीडियो के दुरुपयोग तथा ऑनलाइन ब्लैकमेलिंग जैसे मामलों में सतर्क रहने की अपील की।

उन्होंने कहा कि महिलाएं व लड़कियां किसी भी प्रकार के उत्पीड़न, भेदभाव या परेशानी को चुपचाप सहन न करें और आवश्यकता पड़ने पर उपलब्ध शिकायत एवं कानूनी तंत्र का उपयोग करें। उन्होंने छात्राओं को शिक्षा, आत्मनिर्भरता, करियर निर्माण और नेतृत्व क्षमता पर ध्यान केंद्रित करने के लिए भी प्रेरित किया।

दिल्ली में प्रदूषण की स्थिति की लगातार निगरानी कर रही सरकार: रेखा गुप्ता

नई दिल्ली। दिल्ली में प्रदूषण की स्थिति पर दिल्ली सरकार लगातार निगरानी रख रही है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को प्रदूषण के खिलाफ समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) को एकीकृत प्लेटफॉर्म के रूप में विकसित किया गया है। उन्होंने बताया कि आईसीसीसी के माध्यम से 24×7 निगरानी, एआई आधारित कैमरों, रियल-टाइम डेटा विश्लेषण और मैकेनिकल स्वीपर्स की जीपीएस आधारित मॉनिटरिंग की जा रही है। इससे प्रदूषण से जुड़े विभिन्न स्रोतों और गतिविधियों पर लगातार नजर रखने के साथ-साथ जरूरत के अनुसार तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए केवल प्रदूषण की निगरानी पर्याप्त नहीं है, बल्कि निगरानी के आधार पर समय पर और प्रभावी जमीनी कार्रवाई भी जरूरी है। आईसीसीसी के माध्यम से दिल्ली सरकार तकनीक और डेटा आधारित निगरानी को मजबूत करते हुए प्रदूषण नियंत्रण की दिशा में निरंतर प्रयास कर रही है।

हिंदूराव के पास हेरिटेज बिल्डिंग की छत का गिरा प्लास्टर, कोई हताहत नहीं

नई दिल्ली। एमसीडी के हिंदूराव अस्पताल के नजदीक एक पुरानी हेरिटेज बिल्डिंग के एक कमरे में सोमवार को छत से अचानक प्लास्टर टूट कर गिरने की घटना सामने आई। इस घटना महापौर प्रवेश वाही ने बताया कि जिसे हिंदूराव की बिल्डिंग बताई जा रही है वह गलत है। यह इमारत भारतीय पुरातत्व विभाग (एएसआई) की है और निगम को इसकी परमिशन हाल ही में मिली है। महापौर वाही ने कहा कि जैसे ही इस घटना की जानकारी मिली तुरंत इसका संज्ञान लिया गया। जिसमें पता चला हिंदूराव अस्पताल की कहीं कोई छत नहीं गिरी है, पास वाली एएसआई की इमारत में बने कंप्यूटर सर्वर रूम है, जिसकी छत का केवल प्लास्टर का कुछ हिस्सा गिरा है।





मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ

जल बोर्ड पेंशनरों के लिए उपचार और आगे की प्रक्रिया की सुविधा होगी कैशलेस : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली जल बोर्ड के 50 हजार से अधिक पेंशनरों व फैमिली पेंशनरों के लिए उपचार से लेकर चिकित्सकीय जांच तक की सुविधा कैशलेस होगी और सिंगल विंडो व्यवस्था से यह प्रक्रिया पूरी तरह आसान होगी। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत सोमवार को दिल्ली जल बोर्ड के 50 हजार से अधिक पेंशनरों व फैमिली पेंशनरों के लिए कैशलेस मेडिकल सुविधा के शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान यह बात कही।

उन्होंने कहा कि इस सुविधा के शुरू होने से वर्षों तक दिल्ली जल बोर्ड को अपनी सेवाएं देने वाले सेवानिवृत्त कर्मियों और उनके परिवारों को इलाज के दौरान होने वाली आर्थिक एवं प्रक्रियात्मक परेशानियों से बड़ी राहत मिलेगी। इस अवसर पर दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि दिल्ली जल बोर्ड के कर्मियों ने पूरी जिंदगी दिल्लीवासियों की सेवा की, अब उनके स्वास्थ्य की जिम्मेदारी हमारी है। इस अवसर पर दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष और विधायक सतीश उपाध्याय सहित बोर्ड के सदस्य, वरिष्ठ अधिकारी व अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली जल बोर्ड के पेंशनरों और फैमिली पेंशनरों ने अपने जीवन का बड़ा हिस्सा दिल्ली की सेवा में समर्पित किया है। ऐसे में सरकार की जिम्मेदारी है कि जीवन के इस पड़ाव पर उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं सहज और सम्मानजनक तरीके से उपलब्ध कराई जाएं। पहले किसी बीमारी या उपचार की आवश्यकता होने पर पेंशनरों को अस्पताल में इलाज का खर्च पहले अपनी जेब से वहन करना पड़ता था।



'सरल और सुगम सुविधाएं हो रही हैं उपलब्ध'

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार का उद्देश्य दिल्लीवासियों को बेहतर, सरल और सुगम सुविधाएं उपलब्ध कराना है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि सरकार ने पेंशनर्स की इस समस्या को समझते हुए इस सुविधा को शुरू करने की दिशा में काम किया। इस व्यवस्था को लागू करने में कई अड़चनें और बाधाएं थीं, लेकिन सरकार ने सभी बाधाओं को दूर करते हुए आज यह सुविधा पेंशनरों को समर्पित की है। सरकार का उद्देश्य केवल योजनाएं शुरू करना नहीं, बल्कि ऐसी व्यवस्थाएं तैयार करना है जिनसे लोगों का जीवन आसान हो। वर्षों तक दिल्ली जल बोर्ड की सेवा करने वाले कर्मियों के लिए यह पहल उनके योगदान के प्रति सम्मान और कृतज्ञता का प्रतीक है।

अपना जीवन दिल्ली की सेवा में किया है समर्पित : प्रवेश

दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि दिल्ली जल बोर्ड के कर्मियों और पेंशनरों ने अपना जीवन दिल्ली की सेवा में समर्पित किया है। ऐसे में सेवानिवृत्ति के बाद इलाज के लिए उन्हें कागजी प्रक्रियाओं और प्रतिपूर्ति की लंबी प्रक्रिया से गुजरना पड़े, यह उचित नहीं है। इसी सोच के साथ कैशलेस चिकित्सा सुविधा शुरू की गई है। 50 हजार से अधिक पेंशनरों व फैमिली पेंशनरों को इस सुविधा का लाभ मिलेगा। सिंगल विंडो सिस्टम के माध्यम से पूरी प्रक्रिया को सरल और सुविधाजनक बनाया गया है। यह केवल एक चिकित्सा सुविधा नहीं, बल्कि उन कर्मचारियों के प्रति सम्मान और जिम्मेदारी का भाव है, जिन्होंने वर्षों तक दिल्ली के घरों तक पानी और सीवर सेवाएं पहुंचाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

खबर संक्षेप

105वां रक्तदान शिविर का आयोजन



फरीदाबाद। नव प्रयास सेवा संगठन द्वारा 105वां रक्तदान शिविर का आयोजन 60 फुट रोड़ स्थित उत्सव बैंक्वेट हॉल में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विश्वास कान्वेंट स्कूल के चेयरमैन एवं शिक्षाविद् प्रदीप गुप्ता, वशिष्ठ अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता कविन्द्र चौधरी, नगर निगम की फाईनेंस कमेटी के सदस्य मनोज नासवा, वरिष्ठ भाजपा नेत्री नीरा तोमर वहीं 56 रक्तवीरों ने रक्तदान किया।

वाहन चोर गिरफ्तार आरोपी को भेजा जेल



फरीदाबाद। वाहन चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए फरीदाबाद पुलिस द्वारा लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में अपराध शाखा डीएलएफ फरीदाबाद की टीम ने थाना एनआईटी क्षेत्र में हुए वाहन चोरी के मामले में 4 अक्टूबर को आरोपी मेहताब निवासी सरिता साऊथ दिल्ली को गिरफ्तार किया है।

कहासुनी में बच्चे पर किया चाकू से हमला मौत



फरीदाबाद। बीती रात थाना सेक्टर-58 क्षेत्र के अंतर्गत नाबालिग की चाकू मारकर हत्या के मामले में पुलिस चौकी सेक्टर-55 की टीम ने कार्रवाई करते हुए एक अपचारी बालक को अभिरक्षा में लिया है। पुलिस प्रवक्ता अनुसार यामिन निवासी सेक्टर-56 फरीदाबाद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 4 अक्टूबर को उसका नाबालिग बेटा अपने एक दोस्त के साथ खेल रहा था। इसी दौरान दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। कहासुनी के दौरान बेटे के दोस्त ने नुकीली वस्तु, चाकू से उसके बेटे की छाती पर हमला कर दिया।

उद्देश्य कचरा फैलने के कारणों और पैटर्न का अध्ययन कर समाधान तैयार करना

कचरा फैलाने वाले हॉटस्पॉट की होगी पहचान, डेटा से तैयार होंगे समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फैलाने की समस्या से निपटने के लिए फिलिप मॉरिस इंडिया और ग्लोबल सिविक टेक्नोलॉजी कंपनी लिटरेटी ने साझेदारी की है। 12 महीने की इस पहल का पहला चरण दिल्ली से शुरू किया गया है। इसका उद्देश्य कचरा फैलने के कारणों और पैटर्न का अध्ययन कर ऐसे समाधान तैयार करना है, जिन्हें अन्य शहरों में भी लागू किया जा सके। यह पहल फिलिप मॉरिस इंडिया के सीएसआर प्रोजेक्ट 'उन्मेषा' के तहत शुरू हुई है। लिटरेटी की सामुदायिक विज्ञान आधारित पद्धति और एआई-सक्षम इमेज रिकग्निशन तकनीक के जरिए दिल्ली में कचरे के हॉटस्पॉट की पहचान की जाएगी। साथ ही कचरे की संरचना और स्रोत का अध्ययन कर वैज्ञानिक आधार तैयार किया जाएगा। इसके आधार पर संबंधित क्षेत्रों में व्यवहार परिवर्तन, जिम्मेदार कचरा निपटान और वेस्ट रिकवरी पर केंद्रित अभियान चलाए जाएंगे।

- सफाई अभियान में स्वयंसेवियों ने 4,000 किलोग्राम से अधिक कचरा हटाया गया
- 12 महीने की इस पहल का पहला चरण दिल्ली से शुरू किया गया



कचरा फैलने के पैटर्न व्यवहार और स्थानीय चुनौतियों को समझना जरूरी है

यह पहल फिलिप मॉरिस इंडिया के प्तक्लीनविदबिट्टू अभियान को भी आगे बढ़ाती है। विश्व सफाई दिवस पर दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में चलाए गए अभियान में स्वयंसेवियों ने 4,000 किलोग्राम से अधिक कचरा हटाया था। इसमें 1,600 किलोग्राम कचरे को रिसाइक्लिंग और कंपोस्टिंग के लिए भेजा गया, जिससे करीब 2,200 किलोग्राम कार्बन उत्सर्जन बचाने का दावा किया गया। फिलिप मॉरिस इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर नवनील कर ने कहा कि कचरे की समस्या से निपटने के लिए केवल सफाई अभियान पर्याप्त नहीं हैं। कचरा फैलने के पैटर्न, व्यवहार और स्थानीय चुनौतियों को समझना जरूरी है। लिटरेटी के को-फाउंडर एवं चीफ स्ट्रेटजी ऑफिसर डिक आयरेस ने कहा कि कचरे के स्रोत और उसके फैलने के तरीके को समझने के लिए डेटा जरूरी है। पहल के जरिए हॉटस्पॉट की पहचान के साथ समय के साथ होने वाले बदलाव का भी आकलन किया जाएगा। लिटरेटी 100 से अधिक देशों में काम कर चुका है और कचरे से संबंधित बड़े डेटाबेस में से एक तैयार कर चुका है।

ग्रेटर फरीदाबाद क्षेत्र में विकास कार्यों की समीक्षा, मंत्री राजेश नागर ने अधिकारियों को दिए

बिल्डरों को लाइसेंस एग्रीमेंट के अनुसार सड़क, पार्क कम्युनिटी सेंटर सहित मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्यमंत्री राजेश नागर ने आज ग्रेटर फरीदाबाद एवं तिगांव विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए विकास कार्यों में तेजी लाई जाए तथा जनसमस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाए।

मंत्री राजेश नागर ने ग्रेटर फरीदाबाद की विभिन्न निजी सोसायटियों में बिल्डरों द्वारा निवासियों से लिए जा रहे मेंटेनेंस चार्ज से संबंधित शिकायतों का संज्ञान लेते हुए कहा कि प्राइवेट बिल्डरों द्वारा यदि नियमों के विपरीत या अनावश्यक रूप से मेंटेनेंस चार्ज की वसूली की जा रही है तो उसका स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लाइसेंस एग्रीमेंट में निर्धारित प्रावधानों के अनुसार सभी निजी बिल्डरों से सड़क, पार्क, कॉमन एरिया तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं का उचित रखरखाव सुनिश्चित कराया जाए।

> दीपावली से पहले सभी सब-डिवीजनों में बेहतर लाइटिंग, अतिक्रमण हटाने और सीवरेज व्यवस्था दुरुस्त करने पर दिया जोर



स्वच्छता एवं नागरिक सुविधाओं पर विशेष

उन्होंने अवैध रूप से सीवरेज डिस्चार्ज किए जाने की शिकायतों पर रोक लगाने के लिए एफएमडीए, एचएसवीपी प्रदूषण नियंत्रण विभाग तथा डीटीपी सहित संबंधित विभागों की संयुक्त टीम गठित कर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रेटर फरीदाबाद की सीवरेज एवं एसटीपी व्यवस्था के बेहतर प्रबंधन के लिए संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें।

विकास के साथ-साथ नागरिकों को बेहतर जीवन सुविधाएं उपलब्ध कराना

बिल्डरों द्वारा निवासियों को अनावश्यक रूप से परेशान करने की शिकायतों पर भी प्रभावी कार्रवाई की जाए तथा नियमों के अनुरूप नागरिकों को उनके अधिकारों और सुविधाओं का लाभ सुनिश्चित कराया जाए।

मंत्री नगर ने अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाने के निर्देश दिए

राजेश नागर ने शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने पर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने सेक्टर.37 में अवैध रूप से लगाए गए स्टॉल हटाने तथा अन्य क्षेत्रों में भी अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है और आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ता है, इसलिए नियमित रूप से निगरानी कर कार्रवाई की जाए। ग्रेटर फरीदाबाद में यातायात व्यवस्था की समीक्षा करते हुए मंत्री ने पीक आवर्स के दौरान पर्याप्त ट्रैफिक पुलिस की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्कूलों की छुट्टी एवं सुबह के समय यातायात का दबाव अधिक रहता है, इसलिए स्कूल बसों की आवाजाही का उचित प्रबंधन किया जाए तथा प्रमुख चौराहों एवं व्यस्त मार्गों पर ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रखा जाए, ताकि लोगों को जाम की समस्या से राहत मिल सके।

जल प्रबंधन को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा हुई

हवा और सड़कों को सुरक्षित बनाने पर जोर अर्बन अड्डा में विशेषज्ञों ने सुझाए उपाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम



गुरुग्राम में बढ़ते वायु प्रदूषण और सडक़ सुरक्षा की चुनौतियों के बीच अर्बन अड्डा 2026 में शहर के लिए स्वच्छ परिवहन, सुरक्षित सड़कों और बेहतर जल प्रबंधन को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा हुई।

अर्बन अड्डा 2026 में विशेषज्ञों और नीति-निर्माताओं ने स्वच्छ परिवहन, वायु गुणवत्ता, सड़क सुरक्षा और जल प्रबंधन को लेकर तत्काल ठोस कार्रवाई पर जोर दिया। इंडिया हैबिटेट सेंटर में आयोजित तीन दिवसीय सम्मेलन की शुरुआत 'अर्बन इंडिया 2047 ग्रोथ, इक्विटी एंड रेजिलिएंस' थीम के साथ हुई। इससे पहले कनॉट प्लेस में राहगीरी डे के तहत स्ट्रीट टेकओवर कार्यक्रम आयोजित किया गया। राहगीरी फाउंडेशन की निदेशक निधि मदान ने शहरी विकास के लिए विभिन्न विभागों और संस्थाओं के बीच बेहतर समन्वय की जरूरत बताई। वाहन प्रदूषण पर चर्चा के दौरान पूर्व जी-20 शेरपा और नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत ने मजबूत नियामक ढांचे संस्थागत समन्वय के जरिए इलेक्टिक परिवहन को बड़े स्तर पर बढ़ाने की बात कही।

कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।

मु.न. 276 दिनांक 19.09.2026 धारा 127 (6) बी.एन.एस. थाना सिविल लाईन सोनीपत जिला सोनीपत ।



गुमशुदा की पहचान
नाम- किरण ।
पति का नाम- मोहन ।
पुत्री का नाम- सलोनी ।
पता- वासी सैनीपुरा, कामी रोड़ जिला सोनीपत।
किरण की उम्र- 35 वर्ष।
किरण का कद - 5 फुट 2 इंच ।
किरण का हुलियाः रंग गेहुंआ, पतला शरीर, लम्बुतरा चेहरा, काले बाल, काली आँखें।
किरण का पहनावा : सफेद रंग का सूट, काले रंग की सलवार पहने हुए है।
सलोनी की उम्र- 12 वर्ष ।
सलोनी का कद-3 फुट 6 इंच ।
सलोनी का हुलिया : रंग गेहुंआ, पतला शरीर, गोल चेहरा, काले बाल, काली आँखें।
सलोनी का पहनावा : हरे रंग की टी-शर्ट, हरे रंग की पायजामी पहने हुए है।
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 10.09.2026 को किरण पत्नी मोहन अपनी पुत्री सलोनी वासी सैनीपुरा, कामी रोड़ जिला सोनीपत, को साथ लेकर बिना किसी को बताए घर से कहीं चली गयी थी। अब तक वापिस नहीं आयी हैं। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा थाना में दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती हैं तो निम्नलिखित नंबरों पर सूचित करें।
प्रबन्धक थाना मो. नं. -7419410533
अनुसंधानकर्ता मो. नं. - 8930545450
कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
पीआरडीएच-1084/11/5429/2027/49913/88/7 दि. 05.10.26 मुख्यालय, सोनीपत।

सेमीफाइल हुए और 6 बैंड फिनाले तक पहुंचे

युवा बैंड्स की जंग में न्यूहॉफ स्कूल बैंड ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम



देशभर के युवा संगीतकारों के बीच हुई 'यामाहा टीन्सरॉक 2026-द बैटल ऑफ बैंड्स' में मिजोरम के न्यूहॉफ इंग्लिश मीडियम स्कूल के न्यूहॉफ स्कूल बैंड ने खिताब अपने नाम किया। तमिलनाडु के सीएस एकेडमी के सीएस हॉलर प्रथम और पश्चिम बंगाल के हनुमान मंदिर धर्मशाला स्कूल के द अप्रिसिटी द्वितीय उपविजेता रहे। यामाहा म्यूजिक इंडिया ने ट्रिनिटी कॉलेज लंदन के सहयोग से आयोजित प्रतियोगिता का ग्रैंड फिनाले बेंगलुरु के प्रेस्टिज सेंटर फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स में हुआ। प्रतियोगिता के लिए 680 से अधिक रजिस्ट्रेशन और 270 से अधिक वीडियो सबमिशन मिले। ऑनलाइन और ऑफलाइन ऑडिशन के बाद 13 यामाहा म्यूजिक स्क्वायर में सेमीफाइनल हुए और छह बैंड फिनाले तक पहुंचे। फिनाले में केएम म्यूजिक कंजर्वेटरी, द सनशाइन ऑर्केस्ट्रा के विद्यार्थियों और यामाहा आर्टिस्ट्स ने विशेष प्रस्तुतियां दीं। यामाहा म्यूजिक इंडिया के ब्रांड एंबेसडर ए. आर. रहमान की मौजूदगी ने युवा कलाकारों का उत्साह बढ़ाया। प्रतियोगिता का मूल्यांकन यामाहा आर्टिस्ट्स रणजीत बरोट, गुलराज सिंह और रिदम शॉ तथा ट्रिनिटी कॉलेज लंदन के डायरेक्टर ऑफ म्यूजिक एंड परफॉर्मिंग आर्ट्स स्टुअर्ट ब्राइनर ने किया। बैंड्स को संगीतात्मकता, रचनात्मकता, मंचीय प्रस्तुति और प्रदर्शन के आधार पर परखा गया। ए .आर.रहमान ने कहा कि संगीत युवाओं को अपनी पहचान और भावनाओं को व्यक्त करने का अवसर देता है। उ

न्होंने फाइनलिस्टों को बधाई दी। यामाहा म्यूजिक इंडिया के प्रबंध निदेशक केन्नेई साकाई ने कहा कि टीन्सरॉक युवाओं को संगीत बनाने, आत्मविश्वास बढ़ाने और प्रतिभा दिखाने का मंच है। ट्रिनिटी कॉलेज लंदन के इंडिया हेड सचिन दास ने इसे संगीत सीखने और लाइव प्रदर्शन के बीच महत्वपूर्ण सेतु बताया।

घायलों को नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया

दशहरे के बम बनाने के दौरान धमाका, पांच लोग झुलसे, तीन गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

साहिबाबाद थाना क्षेत्र के लाजपत नगर इलाके में सोमवार सुबह उस समय अफरा तफरी मच गई, जब शनि चौक के पास एक सामुदायिक भवन में जब दशहरे के लिए बम और रावण के पुतले में इस्तेमाल होने वाले पटाखे तैयार किए जाने के दौरान अचानक जोरदार धमाका होने से पूरा इलाका दहल गया। इस दौरान वहां पर आग लग गयी। जिसमें कार्य कर रहे पांच लोग झुलस गए। इनमें तीन की हालत गंभीर है। उन्हें दिल्ली के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

एसीपी अमित सक्सेना ने बताया कि पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीमें मौके पर पहुंच गईं पुलिस ने घटनास्थल को घेरकर जांच शुरू कर दी है वहीं अग्निशमन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा ले रही है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल के मुताबिक आज समय 09:26 बजे फायर स्टेशन साहिबाबाद, कमिश्नरेट गाजियाबाद के कंट्रोल रूम पर सूचना प्राप्त हुई कि रामलीला मैदान, शनि चौक स्थित पटाखों की दुकान में आग लग गई है। सूचना प्राप्त होते ही मुख्य अग्निशमन अधिकारी गाजियाबाद, प्रभारी अग्निशमन अधिकारी साहिबाबाद तथा फायर स्टेशन साहिबाबाद से 03 फायर टेंडर तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुए।

आग किसी आतिशबाजी की दुकान मे न होकर रामलीला मैदान, शनि चौक के बैक साइड में स्थित सामुदायिक केंद्र भवन के एक बडे हॉल मे लगी थी। जिसे फायर सर्विस यूनिट द्वारा तत्काल अग्निशमन वाहन से पम्पिंग कर पूर्ण रूप से बुझा दिया गया। आग को पूर्ण रूप से बुझाकर शान्त किये के उपरान्त अग्निशमन टीम द्वारा स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया तो संज्ञान मे आया कि हॉल के अन्दर रामलीला कार्यक्रम के लिए रावण के पुतले को बनाने का कार्य किया जा रहा था। संभवत पुतले को बनाये जाने मे आतिशबाजी या अन्य किसी विस्फोटक सामग्री का प्रयोग किये जाने के कारण उसमे विस्फोट होने के कारण आग लग गई थी।

शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया

जिला फरीदाबाद ब्राह्मण सभा चुनाव में डा. तेजपाल शर्मा पैनल की जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



जिला फरीदाबाद ब्राह्मण सभा की नई कार्यकारिणी के लिए जिला प्रशासन की देख-रेख में चुनाव कराया गया। सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान हुआ। मतदान समाप्त होने के बाद मतगणना कराई गई।

चुनाव परिणाम में डॉ. तेजपाल शर्मा के पैनल ने सभी सातों पदों पर जीत दर्ज की। चुनाव मुख्य चुनाव अधिकारी एवं एसडीएम बल्लभगढ़ मयंक भारद्वाज की देखरेख में संपन्न हुआ। सातों पदों पर दोनों पैनलों के प्रत्याशियों के बीच सीधा मुकाबला था।

मतदान बैलेट पेपर के माध्यम से कराया गया। सुबह से ही सभा के सदस्यों में मतदान को लेकर उत्साह देखने को मिला। मतगणना के बाद प्रधान पद पर सिकरौना गांव के पूर्व सरपंच एवं शिक्षाविद् डा. तेजपाल शर्मा विजयी रहे। उनके पैनल से उपाध्यक्ष पद पर बाबूराम वशिष्ठ, महासचिव पद पर महेश चंद शर्मा, कोषाध्यक्ष पद पर कैलाश वशिष्ठ, संयुक्त सचिव पद पर कौशल शर्मा, मीडिया सचिव पद पर कृष्ण कौशिक और सलाहकार पद पर रामकिशन शर्मा ने जीत हासिल की। वहीं, दूसरे पैनल से प्रधान पद पर मास्टर गंगाविष्णु शर्मा, उपाध्यक्ष पद पर देवेंद्र प्रसाद दीक्षित, महासचिव पद पर टेकचंद शर्मा, कोषाध्यक्ष पद पर प्रदीप कुमार, संयुक्त सचिव पद पर विक्रांत, मीडिया सचिव पद पर बसंत कुमार और सलाहकार पद पर प्रकाश चंद शर्मा चुनाव मैदान में थे।

विज्ञापन के नाम पर 1.80 लाख की ठगी

फरीदाबाद। विज्ञापन के नाम पर 1.80 लाख रूपए की ठगी करने का आरोपी साईबर थाना एनआईटी ने काबू किया है। पुलिस ने बताया कि ग्रीन फील्ड कॉलोनी फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत दी कि वह अपने ब्रांडिंग कार्य की विज्ञापन करवाना चाहता था। इसी दौरान उसके पास एक कॉल आई, जिसमें आरोपी ने विज्ञापन कराने का झांसा दिया।

आरोपी ने ब्रांडिंग प्रोडक्ट की जानकारी मांगी और एडवर्टाइजिंग मैटेरियल भेजने के नाम पर उससे 1,80,000 ठग लिए, लेकिन कोई ब्रांडिंग सामग्री नहीं भेजी। शिकायत के आधार पर साइबर थाना एनआईटी में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया।

कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।

मु.न. 520 दिनांक 19.09.2026 धारा 127 (6) बी.एन.एस. थाना खरखौदा जिला सोनीपत



गुमशुदा की पहचान
नाम- प्रतीक्षा।
पिता का नाम- परवेश ।
पता - वासी गाँव फिरोजपुर जिला सोनीपत ।
उम्र - 18 वर्ष ।
कद- 5 फुट 3 इंच ।
हुलियाः- रंग गेहुआ, गोल चेहरा, काले बाल, काली आँखें।
पहनावा - सुट-सलवार पहने हुए है।
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 18.09.2026 को प्रतीक्षा पुत्री परवेश वासी गाँव फिरोजपुर जिला सोनीपत, बिना किसी को बताए घर से कहीं चली गई थी। अब तक वापिस नहीं आयी हैं। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा थाना में दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती हैं तो निम्नलिखित नंबरों पर सूचित करें।
प्रबन्धक थाना मो. नं. - 7419410536
अनुसंधानकर्ता मो. नं. -9050230954
कन्ट्रोल रुम सोनीपत - 0130-2222903,100

हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत।
पीआरडीएच-1084/11/5431/2027/49915/88/7 दि. 05.10.26

---

10 अभियुक्तों को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा

बुकिंग के नाम पर करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी के मामले में महिला धरी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

थाना नंदग्राम पुलिस टीम द्वारा फ्लैट /दुकान बुकिंग के नाम पर करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी के मुकदमें में फरार चल रही महिला को गिरफ्तार किया गय। आरोपी महिला सारिका शर्मा पत्नि अवनीत शर्मा उम्र करीब 44 वर्ष, निवासी फ्लैट न0- 507, सन सिक्स मिक्सन रुफ सोसाईटी राजनगर एक्शटेन्शन है। इस प्रकरण में 10 अभियुक्तों को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। मुकदमा एएसआर रियल टेक लिमिटेड व राइट अर्थ इंफ्रा की परियोजनाओं में फ्लैट/दुकान बुकिंग के नाम पर निवेशकों से करोड़ों रुपये लेकर धोखाधड़ी करने के आरोप में पंजीकृत है। विवेचना के दौरान प्राप्त साक्ष्यों, बैंक खातों एवं अन्य दस्तावेजों के परीक्षण में यह तथ्य प्रकाश में आया कि निवेशकों से प्राप्त धनराशि गिरफ्तार अभियुक्ता के बैंक खातो में भी प्राप्त हुआ है।



उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर इसकी संलिप्तता पाए जाने पर अभियुक्ता सारिका शर्मा उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ में सारिका शर्मा ने खोले कई राज

अभियुक्ता से पूछताछ करने पर सारिका शर्मा ने बताया कि मैंने तथा मेरे सहयोगी / मालिक संदीप कुमार गुप्ता , प्रवीन गुप्ता तथा दीपक शर्मा उर्फ नितिन शर्मा आदि कई लोगो के साथ मिलकर, नाम से मूल्यवान प्रतिभूति के प्रपत्रों में कूटरचना कर प्रस्तुत कर फर्जी बैंक खातों में रुपया लेकर धोखाधड़ी करने तथा उक्त धोखाधडी व कूटरचना के आपराधिक षडयन्त्र में मैं भी सम्मलित रही हूं, मैंने भी फर्जी प्रोजेक्ट के लिए आम लोगों को दुकान व फ्लैट अच्छे दामों पर दिलाने के नाम पर उनको लुभावने और भविष्य में अच्छे मुनाफे के वायदे कर उनसे बुंकिंग के नाम पर भारी धनराशि देने के लिए राजी किया था, नितिन शर्मा उर्फ दीपक शर्मा आदि के साथ मिलकर योजना के तहत लोगो से फर्जी व कूटरचित दस्तावेजो का और नाम का सहारा लेकर बहुत लोगो से धोखाधड़ी की है इसी कारण से पीड़त लोगों के द्वारा ये कई मुकदमे लिखाये जाने से नितिन शर्मा उर्फ दीपक शर्मा आदि कुछ तो फरार हो गए।

बैंक ऑफ महाराष्ट्र
Bank of Maharashtra
भारत सरकार का उद्यम
एक परिवार एक बैंक

जोनल कार्यालय, आईआरसीओएन इंटरनेशनल टावर, इंस्टीट्यूशनल एरिया, सेक्टर-32, गुरुग्राम, हरियाणा-122001

कब्जा सूचना

चूंकि, अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित अधिनियम 2002 के प्रवर्त्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत बैंक ऑफ महाराष्ट्र का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमों 2002 के नियम 8 के साथ पठित धारा 13 की उपधारा (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कर्जदार/गारंटर 1. **कर्जदार का नाम : श्री हरेंद्र कुमार** पुत्र श्री रामअवतार, **पताः** मकान नं. 415, मोहल्ला खरखड़ी, नारनौल, महेंद्रगढ़, हरियाणा-123001, 2. **सह-कर्जदार का नाम : श्रीमती ललिता देवी** पत्नी श्री हरेंद्र कुमार, **पताः** मकान नं. 415, मोहल्ला खरखड़ी, नारनौल, महेंद्रगढ़, हरियाणा-123001, का आह्वान करते हुए एक डिमांड नोटिस दिनांक 17.07.2026 जारी किया जो उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर पूर्ण राशि **रु. 23,25,192.28/- (रुपये तेईस लाख पच्चीस हजार एक सौ बानवे और अट्ठाईस पैसे केवल)** जमा **17.07.2026** से उस पर भविष्य का ब्याज व्यय और अन्य परिव्यय का पुनर्भुगतान करने के लिए है। कर्जदार द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहने पर, कर्जदार और सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति/यों का सांकेतिक कब्जा 03 अक्तूबर 2026 को ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और सर्व साधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा सम्पत्ति/यों के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति/यों के साथ किसी भी प्रकार की डीलिंग यहां ऊपर वर्णित राशि के लिए बैंक ऑफ महाराष्ट्र की वसूली के अधीन होगी। कर्जदार का ध्यान प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को छुड़ाने के लिये, उपलब्ध समय के सम्बन्ध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है।

बैंक के पास गिरवीकृत सम्पत्ति और बैंक द्वारा लिए गए कब्जे के विवरण निम्नानुसार हैं :-

मोहल्ला खरखड़ी, नारनौल, जिला महेंद्रगढ़-123001 में स्थित सम्पत्ति आईडी 3NHLTKN3 वाली भूमि और भवन का इक्विटेबल मोर्टगेज, कुल क्षेत्रफल माप 161.29 वर्ग गज है, जो सेल डीड नं. 1440 दिनांक 28.09.2020, बुक नंबर 1, जिल्द नंबर 2, पृष्ठ सं. 160 के अनुरूप श्रीमती ललिता देवी पत्नी श्री हरेंद्र कुमार के नाम है।

संपत्ति की सीमाएं निम्नानुसार हैं :-

सेल डीड 1440 दिनांक 28.09.2020 के अनुसार :
पूर्व : श्याम लाल का मकान
पश्चिम : संजय सोनी का प्लॉट
उत्तर : बीर सिंह का मकान
दक्षिण : सीसी रोड
{CERSAIASSET ID: 200077558454}

मूल्यांकन रिपोर्ट दिनांक 08.12.2023 के अनुसार :
पूर्व : खुला प्लॉट
पश्चिम : खुला प्लॉट
उत्तर : सुनील का मकान
दक्षिण : 19' चौड़ी गली

दिनांक : 06.10.2026
स्थान : गुरुग्राम

कृते बैंक ऑफ महाराष्ट्र
प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ महाराष्ट्र

इसी महीने शुरू होगा राष्ट्रव्यापी 'खेत बचाओ अभियान', किसानों की जेब तक पहुंच रहा योजनाओं का लाभ

प्राकृतिक खेती को 27.32 लाख किसान और 12.85 लाख हेक्टेयर क्षेत्र जुड़ा, 33 हजार कृषि सखियां तैनातः कृषि मंत्री चौहान

कहा, देश में बने 10.77 करोड़ से अधिक 'फार्मर आईडी', सीधे किसानों की जेब तक पहुंच रहा योजनाओं का लाभ

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में सोमवार को कृषि भवन में मंत्रालय की पहली समग्र मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस उच्चस्तरीय बैठक में फैसला लिया गया कि मंत्रालय के सभी विभागों, प्रभागों और राष्ट्रीय मिशनों के कामकाज की अब हर महीने नियमित समीक्षा होगी और अधिकारियों के मासिक वित्तीय व भौतिक लक्ष्य तय किए जाएंगे।

बैठक में केंद्रीय कृषि सचिव अतीश चंद्रा सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक में डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन के तहत 10.77 करोड़ से अधिक विशिष्ट 'फार्मर आईडी' बनने, दलहन व तिलहन में राष्ट्रीय लक्ष्य पार होने, प्राकृतिक खेती के अभूतपूर्व विस्तार और फसल बीमा योजना में 23 प्रतिशत की उल्लेखनीय बढ़ोतरी जैसी ऐतिहासिक उपलब्धियों को रेखांकित किया गया, जिसकी केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने सराहना की। इसके साथ ही खेतों की मिट्टी की रक्षा और फसलों की सुरक्षा के लिए इसी महीने से शुरू होने जा रहे राष्ट्रव्यापी 'खेत बचाओ अभियान' की रूपरेखा तय की गई। वहीं, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत राज्यों को निरंतर स्वीकृतियां जारी रखने का भरोसा दिलाते हुए केंद्रीय मंत्री चौहान ने पिछड़ रहे राज्यों और जिलों में प्रशासनिक ढिलाई दूर करने के कड़े निर्देश भी दिए। समीक्षा बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मिट्टी की घटती सेहत, पराली व अवशेष प्रबंधन और रासायनिक खादों के असंतुलित उपयोग से खेतों को बचाने के लिए एक बड़े राष्ट्रव्यापी अभियान के बारे में बताया कि इसी माह 22 तारीख से पूरे देश में सघन 'खेत बचाओ अभियान' शुरू किया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री ने



अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस अभियान की रूपरेखा और जमीनी क्रियान्वयन इतना सुदृढ़ होना चाहिए कि इसका सीधा और अधिकतम लाभ गांव-गांव के अन्नदाताओं तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि खेतों को बचाना केवल कृषि का विषय नहीं, बल्कि देश के भविष्य और भावी पीढ़ियों के पोषण की सुरक्षा से जुड़ा मामला है। इसके तहत कृषि वैज्ञानिक और मैदानी अमला सीधे खेतों तक पहुंचेगा जहां किसानों को मिट्टी की जांच, जैविक तत्वों के संरक्षण, पराली न जलाने और संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन के प्रति व्यावहारिक रूप से जागरूक किया जाएगा। समीक्षा बैठक में डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन के बारे में जानकारी दी गई कि देश में कुल 14 करोड़ किसानों के डिजिटल एकीकरण के राष्ट्रीय लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 10.77 करोड़ से अधिक किसानों की डिजिटल फार्मर आईडी सफलता से बनाई जा चुकी है। केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने इसे देश के छोटे और सीमांत किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण का सबसे मजबूत आधार बताया। यह विशिष्ट डिजिटल पहचान बिचौलियों के नेटवर्क को खत्म कर सीधे किसान के बैंक खाते में योजनाओं की सब्सिडी, सस्ता संस्थागत ऋण, एमएसपी खरीद, फसल बीमा और आपदा राहत पहुंचाने का पारदर्शी माध्यम बन चुकी है जिससे कागजी औपचारिकताओं का समय समाप्त हो रहा है। डिजिटल ढांचे के विस्तार के तहत डिजिटल क्रॉप सर्वे में चालू खरीफ सीजन के दौरान अब तक 26.73 करोड़ से अधिक खेतों का डिजिटल सर्वे पूरा हो चुका है जिससे फसलों की सटीक जानकारी सीधे सैटेलाइट व मोबाइल ऐप से मिल रही है। इसके साथ ही राष्ट्रीय मृदा मानचित्रण कार्यक्रम के तहत 8.03 मिलियन हेक्टेयर क्षेत्र का डिजिटल नक्शा शत-प्रतिशत पूरा कर लिया गया है। केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह ने निर्देश दिए कि जिन राज्यों में फार्मर आईडी और डिजिटल सर्वे की रफ्तार धीमी है वहां विशेष कैंप लगाकर सभी किसानों को तत्काल डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ा जाए।

राधाकांत ओझा, धर्मपाल सिंह लोधी और प्रियंका सिंह रावत भी उममीदवारों में शामिल

भाजपा ने समीकरण साधते हुए यूपी में आठ राज्यसभा उम्मीदवार घोषित किए

भाजपा ने अपने पिछले किसी भी राज्यसभा सदस्य को दोहराया नहीं, हरदीप पुरी को सूची में जगह नहीं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने उत्तर प्रदेश की राज्यसभा सीटों के लिए अपने आठ उम्मीदवारों के नाम घोषित किए हैं, जिसमें आगरा के राम प्रताप सिंह चौहान को भी प्रत्याशी बनाया गया है। उत्तर प्रदेश की 10 राज्यसभा सीटों के लिए 16 अक्तूबर को चुनाव होना है। उम्मीदवारों में धर्मपाल सिंह, राधाकांत ओझा, प्रकाश पाल, विद्यासागर सोनकर,गोपी कृष्णा पाण्डेय,प्रियंका सिंह रावत,राम प्रताप सिंह चौहान और श्रुति गंगवार शामिल हैं। भाजपा ने अपने पिछले किसी भी राज्यसभा सदस्य को दोहराया नहीं है और सारे समीकरण साधते हुए प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की है। भाजपा के सभी प्रत्याशी मंगलवार को नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। इस दौरान विधान भवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी भी मौजूद रहेंगे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने उत्तर प्रदेश में आगामी राज्यसभा द्विवार्षिक चुनाव 2026 के लिए अपने आठ उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है। पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने इन नामों पर अंतिम मुहर लगाई है। भाजपा के राष्ट्रीय मुख्यालय प्रभारी और राज्यसभा सांसद तरुण चुग द्वारा जारी की गई इस सूची में आगरा से राम प्रताप सिंह चौहान को भी उम्मीदवार बनाया गया है। यह चुनाव उत्तर प्रदेश की 10 राज्यसभा सीटों के लिए 16 अक्तूबर को होना है। भाजपा ने इस बार कई नए चेहरों को मौका दिया है, जबकि मौजूदा राज्यसभा सांसद और केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी को इस सूची में स्थान नहीं मिला है।

इन उम्मीदवारों पर खेला दांव

धर्मपाल सिंह लोधी : उत्तर प्रदेश सरकार में पशुधन मंत्री और बरेली की आंवला विधानसभा सीट से विधायक धर्मपाल सिंह को उम्मीदवार बनाया गया है। वह लगातार दो बार से राज्य सरकार में मंत्री पद की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं।

राधाकांत ओझा: प्रयागराज से आने वाले राधाकांत ओझा इलाहाबाद हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता हैं। वह इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के दो बार अध्यक्ष चुने जा चुके हैं और विधिक क्षेत्र में प्रमुख चेहरा माने जाते हैं। वह आरएसएस से भी जुड़ाव रखते रहे हैं। इसके अलावा भाजपा को प्रबुद्ध वर्ग से जोड़ने में भी सक्रिय रहे हैं। प्रयागराज उत्तरी सीट से विधानसभा चुनाव लड़ने की भी उन्होंने 2017 में दावेदारी की थी, लेकिन मौका नहीं मिला था।

श्रुति गंगवार : बरेली की अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक की चेयरपर्सन और सामाजिक कार्यकर्ता श्रुति गंगवार आईआईटी पासआउट हैं। वे वरिष्ठ भाजपा नेता और वर्तमान राज्यपाल संतोष गंगवार की पुत्री हैं तथा बरेली-बहेड़ी क्षेत्र में सामाजिक व राजनीतिक रूप से सक्रिय हैं।

प्रकाश पाल : वर्तमान में उत्तर प्रदेश भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश पाल पूर्व में कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष रह चुके हैं। वह संगठन को मजबूत करने में लगातार सक्रिय रहे हैं।

विद्या सागर सोनकर : मूल रूप से जौनपुर के रहने वाले विद्या सागर सोनकर भाजपा के प्रमख दलित चेहरों में गिने जाते हैं। वे पूर्व में जौनपुर (मछलीशहर) से लोकसभा सांसद, उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सदस्य और उपनेता तथा पार्टी के प्रदेश महामंत्री रह चुके हैं।

गोपी कृष्ण पाण्डेय : वरिष्ठ संगठनकर्ता और पार्टी पदाधिकारी गोपी कृष्ण पाण्डेय लंबे समय से जमीनी स्तर पर संगठन का काम और अभियानों का संचालन संभाल रहे हैं। रसड़ा बलिया के गोपी कृष्ण पाण्डेय संगठन से जुड़े नेता रहे हैं। पार्टी के किसान मोर्चा से जुड़े रहे हैं और कई राज्यों में किसान मोर्चा के प्रभारी रह चुके हैं। वह बेहद लो-प्रोफाइल व्यक्ति हैं और अपनी उम्मीदवारी के नाम से पहले कभी चर्चा में नहीं रहे।

प्रियंका सिंह रावत : बाराबंकी से 16वीं लोकसभा की सांसद रह चुकीं प्रियंका सिंह रावत यूपी भाजपा का प्रमुख महिला चेहरा हैं। वे राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर संगठन में सक्रिय भूमिका निभाती रही हैं।

राम प्रताप सिंह चौहान : पूर्व विधायक राम प्रताप सिंह चौहान वर्ष 2017 से 2022 तक आगरा की एत्मादपुर सीट से विधायक रहे हैं। वर्तमान में वह उत्तर प्रदेश भाजपा के प्रदेश महामंत्री और पश्चिम क्षेत्र के प्रभारी के रूप में कार्यरत हैं।

पेज एक का शेष

संशोधित फॉर्म 6...

कानून के मुताबिक फैसले सर्वसम्मति से या बहुमत से लिए जाने चाहिए। ये याचिकाएं सामाजिक कार्यकर्ता राकेश कुमार सिंह और वकील शैलेंद्र मणि त्रिपाठी ने दाखिल की हैं। राकेश कुमार सिंह की ओर से वरिष्ठ वकील विकास सिंह पेश हुए। उन्होंने जनप्रतिनिधित्व कानून के मूल स्वरूप और उसमें किए गए बदलावों के साथ धारा 10(2) और 10(3) का हवाला दिया। मतदाता पंजीकरण से जुड़े फॉर्म 6 में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान जोड़ी गई अतिरिक्त घोषणा को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को स्पष्ट किया कि उसने फॉर्म 6 के किसी संशोधित प्रारूप को मंजूरी नहीं दी थी। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि अदालत रिकॉर्ड आने के बाद यह देखेगी कि फॉर्म में बदलाव किसने किया।

पश्चिम-एशिया युद्ध...

दोनों देशों में मित्रता, विश्वास बढ़ेगाः माउंटेन गार्डियन युद्धाभ्यास दोनों थलसेनाओं को अपने पेशेवर अनुभवों को साझा करने, रणनीतिक युद्धकौशल क्षमता को बढ़ाने व सैन्य प्रक्रियाओं से जुड़ी अच्छी आदतों को आपस में बांटने का अवसर प्रदान करेगा। साथ ही इसकी मदद से यह भी तय है कि दोनों सेनाओं के बीच सैन्य सहयोग को बढ़ावा मिलेगा। जबकि दूसरी ओर मित्रता के बंधन और विश्वास में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी।

युद्धाभ्यास की खास...

के समावेश वाले अभियानों, युद्धकौशल के आदान-प्रदान तथा चुनौतीपूर्ण पर्वतीय माहौल में जरूरी रणनीतिक तैयारियों को भी अभ्यास में व्यापक रूप से जांचा-परखा जाएगा।

अगले साल ...

ने दी है।

पीपल, प्लेनेट, प्रोग्रेस के सिद्धांत रहे अहमः यहां बता दें कि भारत का एआई शिखर सम्मेलन पीपल, प्लेनेट और प्रोग्रेस जैसे तीन महत्वपूर्ण सिद्धांतों पर आधारित था। विकासशील देशों में इस विषय पर हुआ यह पहला बड़ा आयोजन था। पूर्व में ब्रिटेन, फ्रांस और दक्षिण कोरिया में एआई शिखर सम्मेलन हुआ था। लेकिन भारत में इसके आयोजन के दौरान उक्त तीन सिद्धांतों में शामिल पीपल में मानव केंद्रित एआई को बढ़ावा देना, दूसरे प्लेनेट में ऊर्जा कुशल प्रणालियों, संसाधनों के जिम्मेदारी पूर्ण उपयोग, जलवायु संरक्षण की कार्रवाई को शामिल किया गया था। जबकि अंतिम प्रोग्रेस में नवाचार, क्षमता निर्माण तथा उत्पादन, प्रगति और विकास परिणामों को बढ़ावा देने के लिए एआई के इस्तेमाल से समावेशी आर्थिक-प्रौद्योगिकीय विकास को समर्थन प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित किया गया था।

2026 में भारत...

विषय में भारत का दृष्टिकोण एआई फॉर ऑल पर आधारित है। जिसकी मदद से शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि जैसे बुनियादी क्षेत्रों में इसके इस्तेमाल को बढ़ावा दिया जा सकता है।

रक्षा मंत्री के ...

करेंगे। साथ ही 218 करोड़ रुपए के निवेश से स्थापित की गई शक्ति इंजन की दूसरी उत्पादन लाइन की घोषणा भी की जाएगी।

जबकि दूसरी ओर आंध्र-प्रदेश के विशाखापट्टनम में डीपीएसयू के ही एक केंद्र में नौसेना की युद्धक क्षमता को मजबूत बनाने वाली कई प्रकार की सैन्य सामग्री का बल में समावेश करने की प्रक्रिया को अमलीजामा पहनाया जाएगा। रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है।

45 हजार टन के पोतों का होगा जलावतरणः मंत्रालय के मुताबिक, विशाखापट्टनम में रक्षा मंत्री बेड़ा सहायता पोत-1 (एफएसएस-1) का जलावतरण करेंगे। कार्यक्रम में एफएसएस-5 की कील भी रखी जाएगी तथा उन्नत स्लिपवे-4 और 300 टन क्षमता वाली गोलियाथ क्रेन का उद्घाटन भी राजनाथ सिंह करेंगे। स्लिपवे-4 और 300 टन क्षमता की गोलियाथ क्रेन शिपयार्ड को 45 हजार टन वजनी पोतों का निर्माण और जलावतरण करने में सक्षम बनाएगी। इस कवायद से कहीं न कहीं शिपयार्ड की जटिल प्लेटफार्म निर्माण का कार्य करने की क्षमता में कई गुना की बढ़ोतरी देखने को मिलेगी।

डेढ़ साल बाद पानी में उतरेगा पोतः परियोजना के तहत नौसेना के लिए कुल 5 बेड़ा सहायता पोतों का निर्माण किया जाएगा। जिनमें से यह पहला है। स्टील कटिंग के मात्र 18 महीने के बाद यह बंगाल की खाड़ी में उतरेगा। पोत का कुल वजन 43 हजार 500 टन है और इनकी मदद से हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में नौसेना की लंबे समय तक तैनाती की क्षमता, पहुंच दोनों में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। एफएसएस-5 की कील रखे जाने के बाद यह कार्यक्रम श्रृंखलाबद्ध उत्पादन की दिशा में निर्बाध रूप से आगे बढ़ेगा। कार्यक्रम में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू, नौसेनाप्रमुख एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन और रक्षा उत्पादन सचिव संजीव कुमार शामिल होंगे।

आत्मनिर्भरता की ....

घटक है। समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी, रक्षा उत्पादन सचिव संजीव कुमार और एचएएल के सीएमडी रवि.के सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति शिरकत करेंगे।

एयरो-इंजन....

से स्थापित शक्ति इंजन की उत्पादन लाइन की मदद से ध्रुव उन्नत हेलिकॉप्टर, प्रचंड हल्के युद्धक हेलिकॉप्टर सहित स्वदेशी हेलिकॉप्टर प्लेटफार्म को लेकर सशस्त्र सेनाओं की बढ़ती आवश्यकताओं की पूर्ति होगी।

दिमागी कोशिकाओं...

ने एक-कोशिका वाले शैवाल में 'चैनलरोडोप्सिन' नाम के प्रोटीन की खोज की। यह प्रोटीन नीली रोशनी पड़ने पर एक चैनल खोलता है, जिससे आवेशित आयन कोशिका में प्रवेश करते हैं और विद्युत संकेत पैदा होता है। वैज्ञानिकों ने पाया कि जिस कोशिका में यह प्रोटीन डाला गया, वह प्रकाश के प्रति संवेदनशील हो गई। नोबेल कमेटी के मुताबिक इन तीनों वैज्ञानिकों की खोज ने दिमाग को समझने के लिए रिसर्च का एक नया रास्ता खोल दिया है। इस तकनीक का इस्तेमाल आंखों की बीमारियों पर भी किया जा रहा है। वैज्ञानिक यह पता लगा रहे हैं कि इसकी मदद से दृष्टि खो चुके लोगों की आंखों की रोशनी वापस लाई जा सकती है या नहीं। गौर हो कि 2026 में प्रत्येक पुरस्कार की राशि 1.2 करोड़ स्वीडिश क्रोनर है। पुरस्कार समारोह दिसंबर में स्वीडन के स्टॉकहोम और नॉर्वे के ओस्लो में होते हैं।

हरियाणा सरकार



सुनार समाज के आदि पुरुष
श्री अजमीढ़ देव जी महाराज
की जयंती पर
उनको शत-शत नमन
6 अक्तूबर, 2026



"भारतीय संतों और ऋषियों की भूमिका केवल पूजा और उपासना तक सीमित नहीं रही है। उन्होंने राष्ट्र और समाज के हर आयाम को सशक्त बनाने में अहम योगदान दिया है।"
–नरेन्द्र मोदी

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा और मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
haribhoomi.com



हरिभूमि
नई दिल्ली, मंगलवार
6 अक्टूबर, 2026
6

सहेली

स्पेशल : इंटरनेशनल गर्ल चाइल्ड-डे, 11 अक्टूबर

राष्ट्रीय हो या अंतरराष्ट्रीय, बालिकाओं की स्थिति बहुत चिंताजनक है। वे कुपोषण का शिकार हैं, शिक्षा नहीं हासिल कर सकतीं, उनका बाल विवाह हो रहा है, भ्रूण हत्याएं जारी हैं। वे हिंसा का शिकार होती हैं। कानूनी अधिकारों से वे वंचित हैं। सबसे अधिक दुखदायी स्थिति है बेटियों के साथ सामाजिक और पारिवारिक भेदभाव। दुनिया की सभी बालिकाएं अपना हक पाएं, सुखी जीवन हासिल करें, इसके लिए बहुत जरूरी है, वैश्विक स्तर पर साझे प्रयास किए जाएं।

दुनिया भर में कायम है बेटियों की जद्दोजहद

कवर स्टोरी
डॉ. मोनिका शर्मा

किसी भी देश या समाज की दशा-दिशा के मुताबिक बेटियों के जीवन से जुड़ी परिस्थितियां भी बदल जाती हैं। दुनिया का कोई भी कोना हो, बच्चियों को असहज करने वाली बातों और हालातों में फर्क आ ही जाता है। हर जगह बड़ी होती लाडलियों के सामने आने वाली समस्याओं में भी अंतर होता है। आगे बढ़ने और अपने सपने साकार करने में आने वाली अड़चनों से जुड़ी शिकायतें भी थोड़ी भिन्न होती हैं। इतना ही नहीं, आम-सी जिंदगी जीने की सहजता भी संसार के हर कोने में एक-सी नहीं है। हर परिवेश में बेटियों के हिस्से आई सुविधाएं और दुविधाएं अलग-अलग होती हैं। यहां तक कि जन्म लेने से पहले ही उनका जीवन छीन लेने की स्थितियां भी दुनिया के कई हिस्सों की अजन्मी बेटियों को झेलनी पड़ती हैं। कुल मिलाकर देखा जाए तो पीड़ाओं का रंग-ढंग भले अलग हो, दुनिया के हर भू-भाग में बेटियों को बहुत-सी तकलीफों से जूझना ही पड़ता है। अनकहा-सा दबाव और बंदिशें उनके हिस्से आती ही हैं। इसी के चलते आज भी दुनिया भर में बेटियों की जद्दोजहद कायम है।

ग्लोबल लेवल पर समस्याएं

आज भी बेटियों की जद्दोजहद किसी एक देश तक सीमित नहीं है। सुरक्षा और सम्मान से जुड़े विपरीत हालात वैश्विक स्तर पर देखे जा सकते हैं। बाल विवाह हो या अशिक्षा, भ्रूणहत्या हो या कुरीतियां। किसी न किसी रूप में बेटियों के जीवन का दंश बना हुआ है। विकसित देशों से लेकर आर्थिक-सामाजिक रूप से पिछड़े देशों तक, कहीं जागरूकता की कमी है, तो कहीं अति आधुनिक विचार बेटियों के जीवन को मुसीबत में डाल रहे हैं। वैश्विक स्तर पर लड़कियों के सामने शिक्षा की कमी, सामाजिक-पारिवारिक भेदभाव, कुपोषण, हिंसा और कानूनी अधिकार पाने से जुड़ी अनगिनत चुनौतियां कायम हैं। ऐसी बहुत-सी चुनौतियों को संबोधित करने के लिए ही अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। यह खास दिन दुनिया भर की लड़कियों को उनके हक दिलाने और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने से जुड़ा है। इस दिन आगे बढ़ती बेटियों के योगदान का ग्लोबल उत्सव भी मनाया जाता है। बेटियों के सशक्त स्वर, उनके प्रभावी कार्यों और नेतृत्व क्षमता की चर्चा होती है। विशेष रूप से बेटियों की परवाह करने वाले लोग हर उस मोर्चे पर अवेयरनेस लाने का प्रयास करते हैं, जो उनके जीवन को सहज बना सके। संसार के हर कोने में समस्याओं का सामना करती बालिकाओं के लिए अपने अधिकार पाने और मन-जीवन से जुड़ी चुनौतियों का डटकर सामना करने का परिवेश बना सकें।



मिले बाल विवाह के दंश से मुक्ति

साल 2026 के लिए इंटरनेशनल गर्ल चाइल्ड-डे की थीम 'एंड चाइल्ड मैरिज एंड इंवेस्ट इन गर्ल्स राइट्स' है। यह विषय लड़कियों के अधिकारों के लिए आवाज उठाने वाले ऑर्गनाइजेशंस, दुनिया भर के आम नागरिकों और यूएन के पार्टनर्स द्वारा मिलकर तय किया गया है। यह मुहिम साझे प्रयासों से बाल विवाह को खत्म करने, लड़कियों के अधिकारों को बल देने और फाइनेंशियल कॉन्ट्रिब्यूशन करने के लिए सक्रियता से काम करने का उद्देश्य लिए है। बाल विवाह हमारे देश में ही नहीं, दुनिया भर में बेटियों के जीवन के लिए दंश बना हुआ है। हर साल विश्व में एक करोड़ बारह लाख लड़कियों की चाइल्ड मैरिज होती है। दुनिया के कई देशों में बेटियों की शादी एडल्ट होने से पहले ही करा दी जाती है। समझना कठिन नहीं, बाल विवाह के बाद जेंडर वॉयलेंस, कुपोषण, कम उम्र में मां बनने से प्रेग्नेंसी के कॉम्प्लिकेशन जैसी स्थितियां लड़कियों के हिस्से आती हैं।

आंकड़े बताते हैं कि लगभग हर चार में से एक 15-19 वर्ष की लड़की ने अपने जीवनकाल में इंटीमेट पार्टनर की हिंसा झेली होती है। वैश्विक स्तर पर टीनएजर्स के एचआईवी संक्रमण के नए केसेस में 75 प्रतिशत लड़कियां होती हैं। इन स्थितियों में लड़कियों का सम्मान और स्वास्थ्य दोनों चोटिल होते हैं। पढ़ाई छूट जाती है। भविष्य बनाने के सपने टूट जाते हैं। सुखद है कि हमारे देश में अब बाल विवाह में कमी आई है। बेटियों का जीवन सहेजने के लिए बाल विवाह को लेकर वैश्विक स्तर पर जागरूकता लाना और पारिवारिक स्तर पर जवाबदेही तय करना आवश्यक है।

आशाओं को मिले संबल

यूनिसेफ की एक रिसर्च के अनुसार अनगिनत चुनौतियों से जूझने के बावजूद दुनिया भर की लड़कियां बेहतर भविष्य के लिए आशान्वित और दृढ़ संकल्पित हैं। ग्लोबल लेवल पर बहुत-सी बालिकाएं सुरक्षित, सशक्त बनने के विजन को लेकर आगे बढ़ रही हैं। उनकी आशाओं को संबल देने की जरूरत है।



कई समस्याओं का सामना कर रही हैं बालिकाएं

आमतौर पर यह मान लिया जाता है कि विकसित देशों में लड़कियों का जीवन बहुत सहज-सुविधाजनक है। जबकि आर्थिक रूप से संपन्न इन देशों में भी कई सामाजिक-पारिवारिक बंधन लड़कियों के हिस्से हैं। इतना ही नहीं, तकनीकी तरक्की के चलते इन देशों में लड़कियां साइबर बुलिंग की शिकार बनती हैं। टूटते परिवारों वाले आधुनिक समाज में बहुत-सी बच्चियां अकेलापन और एंग्जायटी भी झेलती हैं। कुछ समय पहले आई सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका की 60 फीसदी लड़कियों ने लगातार उदास और हताश रहने की शिकायत की थी। इसी रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका की हर दस में एक से ज्यादा लड़की ने बताया कि उसे यौन धमकियां मिलीं और यौन संबंधों के लिए मजबूर किया गया। समझना मुश्किल नहीं कि दुनिया का कोई भी देश हो, बिखरी मनःस्थिति में बच्चियों का आपराधिक सोच वाले लोगों के जाल में फंसना बहुत आसान होता है। विकसित देशों में सिंगल पैरेंट के साथ बड़ी होती बेटियों में भावनात्मक असुरक्षा बहुत अधिक होती है। अमेरिका जैसे देश में भी जेंडर पे गैप की स्थितियां मौजूद हैं।

जो बिना कहे साथ निभाए वही है सच्चा रिश्ता

रिश्ते सिर्फ यह कह देने से 'हम आप से बहुत प्यार करते हैं' साबित नहीं होते, बल्कि उन अनकहे शब्दों से भी पहचाने जाते हैं, जब कोई बिना कुछ कहे साथ खड़ा रहता है, मुश्किल घड़ी में संबल बनता है। प्यार की असली खूबसूरती शब्दों से अधिक भरोसे में छिपी होती है। सच्चे रिश्ते की यही पहचान है।

रिलेशनशिप
वीरेंद्र बहादुर सिंह



अकसर आपने देखा होगा कि कुछ लोग हर समय प्यार और अपनेपन का इजहार तो करते रहते हैं, लेकिन मुश्किल समय में साथ नहीं दिखते। वहीं कुछ लोग कभी बड़े-बड़े वादे नहीं करते, लेकिन जरूरत पड़ने पर आपके साथ खड़े होते हैं। सच यही है कि सच्चे रिश्तों की पहचान शब्दों से नहीं, व्यवहार से होती है।

आकर्षण से ज्यादा विश्वास-अपनत्व है जरूरी: किसी नए रिश्ते की शुरुआत प्रायः किसी न किसी आकर्षण से होती है। हर आकर्षण के पीछे कोई न कोई वजह होती है। किसी का स्वभाव, व्यक्तित्व या समझदारी हमें उसकी ओर खींचती है। समय के साथ यदि ये वजहें बदलने लगें तो आकर्षण भी कम हो सकता है। लेकिन रिश्ता अगर केवल आकर्षण पर नहीं, विश्वास और अपनत्व पर टिका हो, तो वह लंबे समय तक बना रहता है।



'आई लव यू' के साथ जुड़ी होती हैं उम्मीदें: जब कोई 'आई लव यू' या 'मैं तुमसे करती हूं/प्यार करता हूं' कहता है, तो उसके साथ कई अनकही उम्मीदें भी जुड़ी होती हैं। साथ निभाना, परवाह करना, मुश्किल समय में साथ खड़ा रहना और भावनाओं को समझना, ये सब प्रेम का हिस्सा हैं। परेशानी तब शुरू होती है, जब इन उम्मीदों/अपेक्षाओं पर कभी खुलकर बात ही नहीं होती।

अनकही शिकायतों से बढ़ती है रिश्तों में दूरी: अधूरी उम्मीदें धीरे-धीरे शिकायतों का रूप ले लेती हैं। इन शिकायतों को जल्द से जल्द आपसी बातचीत और समझदारी से हल किया जाना जरूरी है। शिकायतों को मन में दबाए रखने से सामने वाले को अपनी बात स्पष्ट करने का मौका नहीं मिलता। इससे रिश्ते में नाराजगी और गलतफहमी का जाल फैलता जाता है, दूरी बढ़ने लगती है। रिश्तों में सबसे बड़ा संकट तब आता है, जब मन की बात मन में ही रह जाती है।

छोटी-छोटी गलतफहमियों से टूटते हैं रिश्ते: अधिकांश रिश्ते किसी एक बड़ी घटना से नहीं टूटते। वे छोटी-छोटी गलतफहमियों, गलत धारणाओं और संवाद की कमी से कमजोर होकर टूट जाते हैं। यदि हर छोटी बात या गलतफहमी को बढ़ा-चढ़ाकर देखा जाए, तो प्रेम की जगह अविश्वास घर कर लेता है। कई बार यह अविश्वास रिश्ते के टूटने का कारण बन जाता है।

सच्चे प्रेम को प्रमाण की जरूरत नहीं होती: जो व्यक्ति आपको दिल से चाहता है, उसका अपनापन आपको स्वतः महसूस हो ही जाता है। वह चाहे कम बोले, लेकिन उसके व्यवहार में उसका प्रेम दिखाई देता है। उसी तरह जो केवल दिखावे का रिश्ता निभा रहा हो, उसकी सच्चाई भी समय के साथ स्पष्ट हो ही जाती है।

जताने से ज्यादा जरूरी है निभाना: जीवन में सबसे अनमोल रिश्ता वही होता है, जहां दिखावे से अधिक विश्वास हो, शब्दों से अधिक संवेदनाएं हों और वादों से अधिक साथ निभाने का साहस हो। आखिरकार, सच्चे रिश्ते बोलते नहीं, महसूस होते हैं।

खत्म नहीं होता सच्चा रिश्ता: लोग अलग हो सकते हैं, लेकिन रिश्तों की यादें, सीख और भावनाएं हमेशा साथ रहती हैं। कोई भी सच्चा रिश्ता समाप्त नहीं होता, समय के साथ केवल उसका स्वरूप बदल जाता है।

मैरिड लाइफ
नैंसी गुप्ता

हर किसी के लिए 'मी टाइम' जरूरी है, पति- पत्नी के लिए भी, क्योंकि शादी के बाद दोनों अपनी रुटीन लाइफ में इतने ज्यादा बिजी हो जाते हैं कि उनके पास अपने लिए कोई समय नहीं होता। जीवन में हमेशा एक ताजगी बनी रहे, इसके लिए जरूरी है 'मी टाइम'।

क्या 'मी टाइम' शादीशुदा लोगों के लिए भी जरूरी है?

शादी के बाद जिंदगी में जिम्मेदारियां बढ़ जाती हैं। घर-परिवार, बच्चों की देखभाल, नौकरी और सामाजिक जिम्मेदारियों के बीच कई दंपती अपनी पसंद और जरूरतों के लिए समय निकालना भूल जाते हैं। खासकर रोजमर्रा की व्यस्त जिंदगी में व्यक्ति का पूरा ध्यान दूसरों की जरूरतें पूरी करने में लग जाता है। ऐसे में खुद के लिए समय निकालना यानी 'मी टाइम' मानसिक और भावनात्मक संतुलन बनाए रखने में मदद करता है। अकेले समय बिताने का मतलब परिवार से दूरी बनाना नहीं होता, बल्कि यह खुद को समझने और अपने भीतर एक नई ऊर्जा जुटाने का अवसर होता है। जी हां, शादीशुदा लोगों के लिए भी 'मी टाइम' बहुत जरूरी है। इसे स्वस्थ रिश्ते और बेहतर जीवनशैली का हिस्सा समझना चाहिए।



खुद के लिए समय निकालना क्यों जरूरी : शादी के बाद अकसर व्यक्ति की प्राथमिकताएं बदल जाती हैं। घर और परिवार की जरूरतों को पूरा करते-करते अपनी पसंद, आराम और रुचियों के लिए समय कम बचता है। लगातार व्यस्त रहने से थकान और चिड़चिड़ापन महसूस होने लगता है। रोजाना कुछ समय अपने लिए निकालने से व्यक्ति को मानसिक रूप से आराम मिलता है, वह अपनी जरूरतों पर ध्यान दे पाता है। यह समय बहुत लंबा हो यह जरूरी नहीं है। दिन में 20-30 मिनट आसानी से अपने लिए निकाले जा सकते हैं।



'मी टाइम' का मतलब अकेले रहना नहीं: कई लोगों को लगता है कि 'मी टाइम' का अर्थ परिवार से अलग रहना या जिम्मेदारियों से बचना है, ऐसा बिल्कुल नहीं है। 'मी टाइम' का मतलब अपनी पसंद का कोई काम करना होता है, जैसे कोई किताब पढ़ना, पेंटिंग करना, संगीत सुनना, टहलना, पौधों की देखभाल करना, योग करना या शांत बैठकर चाय पीना भी 'मी टाइम' का हिस्सा है। जरूरी यह है कि इस दौरान व्यक्ति खुद को मानसिक रूप से आराम देने वाली गतिविधि करे, उसे एक सुकून महसूस हो।

शादीशुदा रिश्ते के लिए भी फायदेमंद: पति-पत्नी का हर समय साथ रहने का मतलब यह नहीं होता कि उन्हें हर काम साथ ही करना चाहिए। दोनों को अपनी व्यक्तिगत पसंद और रुचियों के लिए भी एक स्पेस मिलनी चाहिए। जब व्यक्ति खुद के लिए समय निकालता है तो वह अधिक तरोताजा महसूस करता है। इससे छोटी-छोटी बातों पर होने वाली झुंझलाहट कम करने में मदद मिलती है। हमें यह समझना चाहिए कि स्वस्थ रिश्ते में साथ समय बिताने के साथ-साथ एक-दूसरे के पर्सनल स्पेस का सम्मान करना भी जरूरी है। यह दांपत्य जीवन में मधुरता बनाए रखता है।

अपनी रुचि को फिर से पहचानें: शादी और परिवार की जिम्मेदारियों के बीच कई लोग अपनी पुरानी हॉबी छोड़ देते हैं। किसी को पेंटिंग पसंद होती है, किसी को डांस या फिर पढ़ना-लिखना, लेकिन समय न मिलने के कारण ये रुचियां पीछे छूट जाती हैं। 'मी टाइम' अपनी पुरानी रुचियों को फिर से जिंदगी में शामिल करने का मौका देता है।

हर समय परिवार के लिए उपलब्ध रहना जरूरी नहीं: परिवार के सदस्यों की जरूरतों का ध्यान रखना बहुत अच्छी बात है, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि व्यक्ति को हर समय उपलब्ध रहना ही चाहिए। लगातार काम करते रहने से थकान बढ़ जाती है। इसलिए घर में सभी सदस्यों को एक-दूसरे की जरूरतो का ध्यान रखना चाहिए।

अगर कोई व्यक्ति कुछ समय शांत रहना चाहता है या अपनी पसंद का कोई काम करना चाहता है, तो इसे गलत समझने के बजाय उसकी जरूरत के रूप में देखना चाहिए।

(लाइफस्टाइल एक्सपर्ट श्वेता गुप्ता से बातचीत पर आधारित)

हेयर केयर
शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

घर पर ऐसे करें हेयर कलर

आजकल महिलाओं में बालों को कलर करने का ट्रेंड बहुत देखने को मिल रहा है। जहां पहले सिर्फ सफेद बालों को काला करने के लिए कलर किया जाता था। लेकिन अब महिलाएं काले बालों को ग्लैमरस लुक देने के लिए भी उन्हें कलर करवा रही हैं। लेकिन केमिकल वाले कलर्स से बालों को नुकसान भी पहुंचता है। इसलिए बालों को नेचुरल कलर से रंगना चाहिए।

नेचुरल हेयर कलर: आजकल प्राकृतिक तत्वों और सब्जियों से बने कलर्स भी 'हेयर मस्कारे' के रूप में उपलब्ध हैं। हेयर मस्कारा कुछ हद तक क्रेयॉन की तरह होते हैं, जो बालों को 'स्ट्रीक' करने के लिए किए जाते हैं। यह काफी प्रभावी रूप से सफेद बालों को छिपाते हैं। ये बालों को ग्लैमरस लुक देते हैं और सामान्य बालों से अलग लुक देने में भी मदद करते हैं। इसका मुख्य लाभ यह है कि ये बालों की संरचना और बनावट को होने वाले नुकसान से बचाते हैं।



ऐसे बनाएं हेयर कलर: हालांकि बाजार में हर्बल उत्पादों से बने नेचुरल कलर तो मिल जाते हैं लेकिन ये थोड़े महंगे होते हैं। आप चाहें तो इन्हें घर पर भी बना सकती हैं। कलर पेस्ट बनाने के लिए गुनगुने पानी में मेहंदी और कत्था जैसे नेचुरल कलरेंट मिलाएं। इसके बाद रबर के दस्ताने पहनकर समान रूप से ऊपर से नीचे तक बालों पर लगाएं। 3 घंटे के लिए रंग लगा हुआ छोड़ दें। इसके बाद अच्छी तरह साफ पानी से धो लें।

फायदेमंद है आंवला: आंवला सफेद बालों को नियंत्रित करने के लिए उत्तम माना जाता है। कच्चे आंवले का रस एक पानी के गिलास में डालकर रोज पीने से सफेद बालों को नियंत्रित करने में मदद करता है। साथ ही आंवला, मेहंदी पावडर में मिलाकर लगाया जा सकता है। आपको बता दें कि मेहंदी सफेद बालों को रंगती है, न कि काले बालों को। इसका पेस्ट बनाने के लिए रात को 2 से 3 कप पानी में रात भर सूखा आंवला भिगोकर रख दें। अगली सुबह, आंवला पानी से निकाल लें। इसके बाद पानी फेंकना नहीं है। अब आंवला पीस लें। इसके बाद मेहंदी पावडर में आंवला पेस्ट, 4 छोटे चम्मच नीबू का रस, कॉफी, 2 चम्मच तेल और पर्याप्त आंवले का पानी मिलाएं। दो से तीन घंटे के लिए पेस्ट बनाकर रख दें। फिर पूरे बालों में इस तरह लगाएं कि सारे बाल कवर हो जाएं। कम से कम दो घंटे के लिए रखें और सादे पानी से धो लें।



इस तरह लगाएं मेहंदी: सबसे पहले ध्यान रखें कि मेहंदी पावडर अच्छी गुणवत्ता की हो। यह गहरे हरे रंग की होनी चाहिए। हेयर हेल्थ को अच्छा करने और बालों की समस्याओं को दूर करने के लिए मेहंदी के साथ आंवले, ब्राह्मी, भृंगराज, बेल आदि का इस्तेमाल करना चाहिए। मेहंदी बहुत अच्छा कंडीशनर होता है और बालों को सुरक्षा के साथ मजबूती भी प्रदान करता है।

आने वाले नवरात्रों में आप व्रत जरूर रखेंगी। व्रत के दौरान सिर्फ अन्न से दूरी बनाना ही काफी नहीं है। शरीर को पर्याप्त ऊर्जा और पोषण मिले, इसके लिए सही आहार का सेवन करना भी जरूरी है।

व्रत में ऐसी हो आपकी डाइट

डाइट सजेशन
निकिता चौहान





अधिकतर महिलाएं नवरात्र व्रत रखती हैं। अकसर लोग व्रत के दौरान फलाहार के नाम पर तली-भुनी चीजें, साबूदाना, आलू और मीठे खाद्य पदार्थ अधिक मात्रा में खाने लगते हैं। इससे सेहत को फायदा होने के बजाय नुकसान हो सकता है। वहीं, पर्याप्त पानी और संतुलित आहार की कमी से कमजोरी, सिरदर्द, एसिडिटी, कब्ज और डिहाइड्रेशन जैसी समस्याएं परेशान कर सकती हैं। ऐसे में जरूरी है कि व्रत के दौरान ऐसी डाइट ली जाए, जो शरीर को ऊर्जा देने के साथ पोषण भी दे। नवरात्र में व्रत का उद्देश्य केवल भोजन छोड़ना नहीं, बल्कि संयम के साथ शरीर और मन का ध्यान रखना भी है। संतुलित फलाहार, पर्याप्त पानी और सही मात्रा में पोषक तत्व लेकर आस्था के साथ सेहत का भी ख्याल रखा जा सकता है।

बनाए रखें हाइड्रेशन: नवरात्र के दौरान पर्याप्त मात्रा में पानी पीना बेहद जरूरी है। दिनभर थोड़ी-थोड़ी मात्रा में पानी पीते रहें। इसके अलावा नारियल पानी, नीबू पानी, छाछ जैसे पेय भी डाइट में शामिल किए जा सकते हैं। बहुत अधिक चीनी वाले पेय और पैकेज्ड जूस से बचना बेहतर है।

फल-सब्जियों का सेवन: व्रत की डाइट में मौसमी फल और सब्जियों को शामिल करना अच्छा विकल्प है। सेब, पपीता, संतरा और अमरूद जैसे फल खाए जा सकते हैं। फलों के जूस की बजाय पूरा फल खाना बेहतर रहता है, क्योंकि इससे फाइबर भी मिलता है। दिनभर एक साथ ज्यादा खाने की बजाय छोटे और संतुलित मील लेना अधिक बेहतर है।

कुट्टू, सिंघाड़ा और सामक से मिले ऊर्जा: व्रत में कुट्टू या सिंघाड़े के आटे की रोटी और चीला लिया जा सकता है। इसके साथ दही या सब्जियां शामिल करने से भोजन अधिक संतुलित हो जाता है। सामक के चावल भी सीमित मात्रा में खाए जा सकते हैं। प्रोटीन के लिए दूध, दही और पनीर ले सकते हैं।

तली-भुनी चीजों से बनाएं दूरी: साबूदाने की खिचड़ी, वड़ा, आलू चिप्स, कुट्टू की पूड़ी और पकौड़े व्रत में खूब पसंद किए जाते हैं। इनका अधिक सेवन कैलोरी बढ़ाने के साथ पेट से जुड़ी समस्याएं पैदा कर सकता है।

नमक-चीनी का सीमित सेवन: व्रत में सेंधा नमक का इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन इसकी मात्रा पर भी नियंत्रण जरूरी है। चाय, कॉफी, मीठी लस्सी और अन्य मीठे पेय का भी अधिक सेवन नहीं करना चाहिए।

व्रत खोलते समय बरतें सावधानी: व्रत खोलते ही बहुत ज्यादा या भारी, मसालेदार और तला-भुना भोजन करने से बचें। शुरुआत हल्के भोजन, फल या दही से की जा सकती है। भोजन धीरे-धीरे और अच्छी तरह चबाकर खाएं, ताकि पाचन तंत्र पर अचानक अधिक भार न पड़े।

बरतें ये विशेष सावधानी: डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, किडनी या हृदय संबंधी बीमारी से पीड़ित लोगों को बिना चिकित्सकीय सलाह के लंबे समय तक उपवास नहीं करना चाहिए। गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं, बुजुर्गों तथा नियमित दवा लेने वाले लोगों को भी व्रत रखने से पहले डॉक्टर या डाइटिशियन की सलाह लेनी चाहिए।

(सीनियर डाइटिशियन डॉ. आस्था शर्मा से बातचीत पर आधारित)

रोजगार, कौशल, स्वरोजगार, उद्यमिता, नवाचार और उभरती प्रौद्योगिकियां होंगी प्रमुख केंद्र

सीएम डॉ. यादव आज करेंगे 20 हजार युवाओं से सीधा संवाद, युवाओं की आकांक्षाओं को अवसरों के साथ जोड़ेगा सीएम यूथ कॉन्क्लेव-2026

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र की युवा शक्ति की प्रतिभा, आकांक्षाओं और नवाचार को नई संभावनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में सीएम यूथ कॉन्क्लेव-2026 का आयोजन 6 अक्टूबर को भोपाल के लाल परेड मैदान में किया जाएगा। कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 20 हजार से अधिक युवाओं से सीधा संवाद करेंगे।

उच्च शिक्षा मंत्री इन्दर सिंह परमार ने लाल परेड मैदान में कार्यक्रम स्थल, प्रदर्शनी कक्षों सहित आयोजन से जुड़ी विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने तैयारियों की प्रगति की जानकारी लेते हुए आयोजन से संबंधित व्यवस्थाओं को समय-सीमा में पूर्ण करने तथा युवाओं की सुविधा और कार्यक्रम की सुव्यवस्थित संचालन व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा अनुपम राजन एवं आयुक्त, उच्च शिक्षा प्रबल सिपाहा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। कॉन्क्लेव में रोजगार, कौशल विकास, स्वरोजगार, उद्यमिता, नवाचार, अनुसंधान तथा उभरती प्रौद्योगिकियों पर विशेष फोकस रहेगा।

सुप्रसिद्ध गायक जुबिन नौटियाल और कबीर कैफे की सुरमई प्रस्तुतियां होंगी विशेष आकर्षण



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री, मप्र

80 से अधिक प्रदर्शनी कक्षों में दिखेगी संभावनाओं की तस्वीर

कॉन्क्लेव में विभागों, संस्थाओं, विश्वविद्यालयों और नवोदित उद्यमों के 80 से अधिक प्रदर्शनी कक्ष लगाए जाएंगे। इनमें रोजगार, प्रशिक्षण, कॅरियर, उद्यमिता, अनुसंधान, प्रौद्योगिकी और शासकीय योजनाओं से संबंधित गतिविधियां प्रदर्शित की जाएंगी। विश्वविद्यालयों द्वारा शिक्षा, नवाचार, अनुसंधान, प्रौद्योगिकी, उद्यमिता, कॅरियर मार्गदर्शन और ड्रोन प्रौद्योगिकी सहित भविष्य की आवश्यकताओं से जुड़े विषयों पर प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

17 विभागों और विभिन्न संस्थाओं की सहभागिता

आयोजन में 17 शासकीय विभागों एवं विभिन्न संस्थाओं की सहभागिता रहेगी। उच्च शिक्षा, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, तकनीकी शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, श्रम, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, परिवहन, आयुष तथा पुलिस एवं साइबर सुरक्षा सहित विभिन्न विभाग अपने-अपने क्षेत्र से संबंधित योजनाओं और गतिविधियों से युवाओं को परिचित कराएंगे। मप्र स्टार्टअप सेंटर एवं सेडमैप द्वारा स्वरोजगार, उद्यमिता, कौशल विकास और नवाचार से संबंधित गतिविधियां प्रस्तुत की जाएंगी।

विचार से नवाचार और नवाचार से उद्यमिता तक

मप्र स्टार्टअप सेंटर के माध्यम से विभिन्न नवोदित उद्यम अपने उत्पादों और नवाचारों का प्रदर्शन करेंगे। युवा इन नवाचारों के माध्यम से नए विचारों को उत्पाद एवं उद्यम में बदलने की प्रक्रिया को समझ सकेंगे। इससे उन्हें स्वयं का उद्यम स्थापित करने और नए विचारों पर कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), रोबोटिक्स, ड्रोन प्रौद्योगिकी, अर्धचालक प्रौद्योगिकी, नवीकरणीय ऊर्जा और विद्युत वाहन (ईवी) जैसी उभरती प्रौद्योगिकियां कॉन्क्लेव के प्रमुख विषयों में शामिल होंगी।

कॅरियर से साइबर सुरक्षा तक विविध विषयों पर मार्गदर्शन

आयोजन में कॅरियर मार्गदर्शन, कौशल विकास, मानसिक स्वास्थ्य, स्वास्थ्य, आयुष, उद्योग एवं रोजगार, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, उद्यमिता और साइबर सुरक्षा जैसे विषयों पर विशेषज्ञों एवं संबंधित विभागों की ओर से जानकारी दी जाएगी। पुलिस विभाग के माध्यम से महिला सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, यातायात जागरूकता, सामुदायिक पुलिसिंग, जन-सुरक्षा एवं युवा संवाद से जुड़े विषयों पर जागरूकता गतिविधियां भी होंगी।

सिंगापुर में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने एसआईएनजी में रखा सरकार का विजन

हरियाणा को बनाएंगे इनोवेशन कैपिटल उद्योगपतियों को दिया निवेश का न्योता

डाटा सेंटर, रक्षा क्षेत्र, इंफ्रास्ट्रक्चर और किफायती आवास परियोजनाओं पर मंथन

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सिंगापुर में एसआईएनजी फोरम (सिंगापुर इंडिया नेटवर्क फॉर ग्रोथ)के मंच पर विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर प्रदेश में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की। बैठक में डाटा सेंटर स्थापित करने, हिसार के आसपास रक्षा क्षेत्र में निवेश, आधारभूत ढांचे को मजबूत करने और नई तकनीक को बढ़ावा देने से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। उन्होंने कहा कि सरकार को हरियाणा को इनोवेशन कैपिटल बनाने की दिशा में काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने उद्यमियों को हरियाणा में निवेश के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि सरकार निवेशकों को हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराएगी। उन्होंने कहा कि निवेशकों के हर कदम पर सरकार साथ खड़ी रहेगी और परियोजनाओं के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रहे 'मेक इन इंडिया' अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि हरियाणा इस अभियान के लक्ष्यों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।



पानीपत और गुरुग्राम में हाउसिंग क्षेत्र के विकास पर चर्चा

बैठक में पानीपत में हाउसिंग क्षेत्र के विकास, गुरुग्राम में किफायती दरों पर रिहायशी क्षेत्र विकसित करने और हाउसिंग फॉर रेंटल नीति से जुड़े विषयों पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार प्रदेश में आवास व्यवस्था को अधिक सुलभ बनाने और किफायती आवास उपलब्ध कराने की दिशा में काम कर रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश को औद्योगिक और तकनीकी विकास का प्रमुख केंद्र बनाने की प्रतिबद्धता जताई। कंपनियों के प्रतिनिधियों ने सरकार की निवेश-अनुकूल नीतियों की सराहना की। बैठक में निवेश के अनुकूल माहौल, मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर और नई तकनीकों को बढ़ावा देने पर भी चर्चा हुई।

अरावली जंगल सफारी के लिए मंडाई वाइल्डलाइफ रिजर्व का किया अध्ययन

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ सिंगापुर स्थित मंडाई वाइल्डलाइफ रिजर्व का दौरा किया। गुरुग्राम और नूंह के अरावली क्षेत्र में प्रस्तावित जंगल सफारी परियोजना के मद्देनजर मुख्यमंत्री ने यहां वन्यजीव प्रबंधन, संरक्षण, पर्यटन सुविधाओं और संचालन व्यवस्था का अवलोकन किया। मंडाई वाइल्डलाइफ रिजर्व सिंगापुर का प्रमुख वन्यजीव एवं प्रकृति पर्यटन केंद्र है। इसमें सिंगापुर जू, नाइट सफारी और रिवर वंडर्स समेत कई आधुनिक सुविधाएं हैं। मुख्यमंत्री ने इन व्यवस्थाओं का अध्ययन किया, ताकि हरियाणा की प्रस्तावित जंगल सफारी को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित करने में इनसे सीख ली जा सके। हरियाणा सरकार गुरुग्राम और नूंह के अरावली क्षेत्र में करीब 10 हजार एकड़ भूमि पर विश्वस्तरीय जंगल सफारी विकसित करने की योजना पर काम कर रही है।

- गुरुग्राम और नूंह में करीब 10 हजार एकड़ में विश्वस्तरीय जंगल सफारी विकसित करने की योजना

पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार किया

घरेलू विवाद के बाद शराब के नशे में पिता ने बेटे पर टांगिया से किया हमला, बेटे की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

जिला मुख्यालय के कुम्हरास गांव में रविवार देर रात शराब के नशे में हुए विवाद के दौरान पिता ने अपने ही बेटे पर टांगिया से जानलेवा हमला कर उसकी हत्या कर दी। घटना के बाद गांव में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और आरोपी पिता को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की वैधानिक जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार कुम्हरास निवासी वेट्टी लक्ष्मण रविवार रात करीब 10 बजे घर के पास शराब के नशे में बैठा हुआ था। इसी दौरान उसका पिता वेट्टी हड़मा जंगल से लकड़ी काटकर घर वापस लौटा। बेटे के नशे में होने और विवाद करने को लेकर दोनों के बीच तीखी कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि पिता ने पास रखी टांगिया से लक्ष्मण पर हमला कर दिया। हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

छोटी-छोटी बातों पर होता था विवाद

पिता और पुत्र के बीच छोटी-छोटी बातों को लेकर अक्सर विवाद और मारपीट होती रहती थी। रविवार रात भी शराब के नशे में शुरू हुआ झगड़ा हत्या तक पहुंच गया। इस परिवार में पहले ही बीमारी के चलते एक बेटे की मौत हो चुकी है, जबकि बेटी की शादी हो चुकी है। इस वारदात के बाद से परिवार में मातम पसरा हुआ है। पुलिस ने आरोपी पिता को हिरासत में ले लिया है।

खरोरा थाना क्षेत्र का मामला, पुलिस कर रही जांच

अदानी पावर प्लांट में बलवा और पथराव की खबर, मौके पर पहुंची पुलिस टीम, जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के रायखेड़ा स्थित अदानी पावर प्लांट में जमकर बलवा और पथराव की खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि बीती रात को फैक्ट्री में बिहार और छत्तीसगढ़ के मजदूरों के बीच जमकर विवाद हुआ। इसके बाद बलवा में तब्दिल हो गया। मामला खरोरा थाने क्षेत्र का है। ग्रामीणों की ओर से गांव में शराब बेचने का विरोध करने पर भी विवाद गहरा गया।



इस हमले में सरपंच की गाड़ी में तोड़फोड़ की गई। पुलिस पर भी हमला किया गया है। खरोरा थाना प्रभारी समेत कई पुलिसकर्मियों के घायल होने की खबर सामने आ रही है। फिलहाल, स्थिति पर काबू पाने के लिए रायपुर से मौके पर अतिरिक्त पुलिस बल भेजा गया है।

धमतरी में दहशत का माहौल, पुलिस कर रही कार्रवाई

शहर में अलग-अलग जगहों पर चले चाकू आरोपियों को पहुंचाया सलाखों के पीछे



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

छत्तीसगढ़ के धमतरी शहर में कानून व्यवस्था को ठेंगा दिखाते हुए चाकूबाजी की लगातार दो खौफनाक वारदातें सामने आई हैं। पहली घटना में सिटी कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए रतन कॉलोनी में जानलेवा हमला करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर सीधे जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया है। वहीं, दूसरी वारदात में दानीटोला वार्ड में 5 से 6 बेखौफ बदमाशों ने घर में घुसकर पथराव किया और बीच-बचाव करने आए एक पिता और उनके दो बेटों पर चाकू से ताबड़तोड़ जानलेवा हमला कर दिया। लगातार चाकूबाजी की वारदातों से पूरे धमतरी शहर में दहशत का माहौल है।

पहला मामला: रतन कॉलोनी में जमकर हुआ विवाद

2 और 3 अक्टूबर की दरमियानी रात रतन कॉलोनी में घटित हुई। यहाँ मामूली विवाद के दौरान बदमाशों ने खूनी खेल खेला। प्रार्थी चंदेश्वर ध्रुव (उम्र 25 वर्ष, निवासी दानीटोला) और उनके साथी जब वहां चल रहे विवाद को शांत कराने और बीच-बचाव करने पहुंचे, तो हिंसक आरोपियों ने उन पर ही हमला बोल दिया। आरोपियों ने धारदार चाकू से प्रार्थी और उसके साथी पर वार किए, जिससे दोनों को गंभीर चोटें आईं।मामले की रिपोर्ट दर्ज होते ही सिटी कोतवाली पुलिस ने घेराबंदी कर रतन कॉलोनी निवासी तीन आरोपियों—साहिल मसीह (26 वर्ष), नितांत मसीह उर्फ प्रिंस (26 वर्ष) और सौरभ मसीह उर्फ रिंकू (19 वर्ष) को धर दबोचा। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त 12.7 इंच लंबा धारदार लोहे का चाकू और लकड़ी का बत्ता भी जब्त कर लिया है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और आर्म्स एक्ट की गंभीर धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए तीनों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

गिरिराज परिक्रमा यात्रा के पास वितरित

मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान, शिक्षा व्यवस्था पर अरुण यादव का संवाद



मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान कार्यक्रम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

विदिशा रोड स्थित निर्मल गार्डन, रासलाखेड़ी में कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला द्वारा मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान, प्रदेश की वर्तमान शिक्षा व्यवस्था पर विशेष परिचर्चा तथा 29वें चरण की निःशुल्क ब्रज दर्शन एवं गिरिराज जी परिक्रमा यात्रा के पास वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विभिन्न शैक्षणिक उपलब्धियां हासिल करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। अरुण यादव ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उनकी उपलब्धियों की सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों से उनकी पढ़ाई, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों और रोजगार की संभावनाओं को लेकर भी सीधा संवाद किया। शिक्षा व्यवस्था पर चर्चा के दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव ने सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि युवा वर्षों तक मेहनत कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। ऐसे में पेपर लीक या परीक्षा निरस्त होने जैसी घटनाएं केवल एक परीक्षा का नुकसान नहीं हैं, बल्कि विद्यार्थियों के समय, मेहनत और भविष्य के साथ खिलवाड़ हैं। सरकार को शिक्षा और परीक्षा व्यवस्था को लेकर जवाबदेही तय करनी चाहिए।

यूपी में 5 हजार युवाओं को एआई प्रशिक्षण, आनंदीबेन पटेल ने शुरू किया कार्यक्रम

नोएडा। उत्तर प्रदेश में 5,000 युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का प्रशिक्षण दिया जाएगा। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा में सैमसंग इनोवेशन कैंपस 2026 कार्यक्रम की शुरुआत की। इस मौके पर करीब 900 छात्र और शिक्षाविद मौजूद रहे।कार्यक्रम के तहत युवाओं को एआई और जेनरेटिव एआई की जानकारी के साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें परियोजनाओं पर काम, विशेषज्ञों का मार्गदर्शन और कौशल विकास शामिल है। छात्रों को एआई आधारित परियोजनाओं के जरिए समस्या समाधान और डिजाइन सोच की जानकारी भी दी जाएगी।सैमसंग के मुताबिक, कंपनी वर्ष 2026 में देश के 10 राज्यों में 20,000 युवाओं को एआई का प्रशिक्षण देने का लक्ष्य लेकर चल रही है। इसमें उत्तर प्रदेश के 5,000 युवाओं को शामिल किया जाएगा, जो राष्ट्रीय लक्ष्य का 25 प्रतिशत है।उत्तर प्रदेश में इस कार्यक्रम के तहत अब तक 8,000 से अधिक युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। राज्य में कार्यक्रम की शुरुआत 29 सितंबर को लखनऊ में भी हुई थी, जहां उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी की मौजूदगी में 400 छात्रों ने हिस्सा लिया।यह कार्यक्रम 18 से 25 वर्ष के युवाओं को रोजगार के लिए जरूरी तकनीकी कौशल देने पर केंद्रित है। वर्ष 2025 में देशभर में 20,000 से अधिक युवाओं को प्रशिक्षण मिला था।

राम मंदिर से 200-300 करोड़ की चोरी

दिग्विजय ने कहा: राम मंदिर के चंदे से बने भाजपा-आरएसएस के कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह 20 अक्टूबर से महाकाल मंदिर उज्जैन से अयोध्या तक करीब 1000 किलोमीटर की सत्य सनातन स्वाभिमान पदयात्रा करेंगे। उन्होंने कहा कि यह यात्रा धर्म के नाम पर धन कमाने और उसे राजनीति के हथियार बनाने वालों के खिलाफ है। दिग्विजय ने कहा कि आरएसएस और सावरकर ने सनातन धर्म को हिंदुत्व के नाम पर बिगाड़ दिया। राम मंदिर के चंदे का पैसा बीजेपी-आरएसएस के दफ्तर बनाने और चुनाव में लगाया गया। उन्होंने मंदिर के चढ़ावे में 200-300 करोड़ रुपए की हेराफेरी का भी दावा किया। उन्होंने कहा कि गांधी सनातन धर्म और सनातनी परंपराओं का सम्मान करते थे।



दिग्विजय के बयान पर मंत्री सारंग का पलटवार

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के बयान पर मंत्री विश्वास सारंग ने पलटवार करते हुए कहा कि दिग्विजय सिंह हर समय सनातन का अपमान करते आए हैं। वे अपनी राजनीतिक रोटी सेंकने के लिए तुष्टीकरण की राजनीति को आगे बढ़ाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह वही कांग्रेस के नेता हैं, जिन्होंने राम मंदिर का विरोध किया था। सारंग ने कहा कि दिग्विजय सिंह द्वारा राम मंदिर जैसे आस्था के विषय पर इस तरह की अनर्गल बयानबाजी करना आपत्तिजनक है। बिना किसी तथ्य के आरोप लगाकर वे सनातन धर्मावलंबियों की भावनाओं को ठेस पहुंचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिग्विजय सिंह को अपने आरोपों के समर्थन में तथ्य और प्रमाण प्रस्तुत करने चाहिए। बिना प्रमाण के इस तरह के गंभीर आरोप लगाना उचित नहीं है और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए।

सेवा सेतु कैंप में मंत्री शुक्ला रहेंगे मौजूद, 'सेवा सेतु कैंप' होंगे आयोजित

5 अक्टूबर को ग्वालियर
6 अक्टूबर को भोपाल में होंगे कार्यक्रम

पीएम सूर्य घर योजना को जन-जन तक पहुंचाने के लिए भोपाल और ग्वालियर में आयोजित होंगे 'सेवा सेतु कैंप'

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नवीन एवं नवकरणीय उर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने बताया है कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रति नागरिकों को जागरूक करने तथा योजना का लाभ अधिक से अधिक परिवारों तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रदेशभर में 'सेवा सेतु कैंप' आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि 5 अक्टूबर को ग्वालियर और 6 अक्टूबर को भोपाल में सेवा सेतु कैंप आयोजित होंगे। मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार 5 अक्टूबर को ग्वालियर के मेला मैदान में तथा 6 अक्टूबर को भोपाल शहर के शाहपुरा क्षेत्र में सेवा सेतु कैंप आयोजित किया जाएगा। कैंप के माध्यम से नागरिकों को प्रधानमंत्री सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।

प्रधानमंत्री मुफ्त बिजली योजना से संबंधित जानकारी कराई जाएगी उपलब्ध



कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों को जागरूक करना

ग्वालियर में 5 अक्टूबर को मेला मैदान और भोपाल में 6 अक्टूबर को शाहपुरा में आयोजित होने वाले कैंपों में संबंधित अधिकारियों की ओर से आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों तक योजना की जानकारी को सरल और सहज तरीके से पहुंचाना तथा अधिक से अधिक परिवारों को सौर ऊर्जा के उपयोग के लिए जागरूक करना है। कैंप के दौरान प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी साझा की जाएगी और नागरिकों को रूफटॉप सोलर अपनाने के लिए आवश्यक जानकारियां प्रदान की जाएगी।

नागरिकों को सभी जानकारी एक ही स्थान पर मिलेंगी

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के माध्यम से आवासीय क्षेत्र में रूफटॉप सोलर को बढ़ावा दिया जा रहा है। योजना के तहत घरों की छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने के लिए नागरिकों को योजना से संबंधित सुविधाओं और प्रक्रिया की जानकारी उपलब्ध कराई जाती है। 'सेवा सेतु कैंप' के माध्यम से नागरिकों को योजना की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया, रूफटॉप सोलर की स्थापना तथा योजना से संबंधित अन्य आवश्यक जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। कैंप में नागरिक अपनी जिज्ञासाओं और योजना से संबंधित विषयों पर संबंधित अधिकारियों से मार्गदर्शन भी प्राप्त कर सकेंगे।

उत्तर रेलवे
ई–नीलामी हेतु सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक / माल भाड़ा, दिल्ली डिवीजन, उत्तर रेलवे, रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2022 / टीसी (एफएम) / 10 / 04 दिनांक 13.06.2022 और रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2024/RS(G)/779/7(E3471089) दिनांक 13.08.2024, के अनुसार दिल्ली मंडल के विभिन्न स्टेशनों से चलने वाली निम्नलिखित ट्रेनों में एसएलआर कम्पार्टमेंट और पार्सल वान (राउंड ट्रिप के आधार पर) के स्थान को 03 वर्षों के पट्टे पर देने के लिए आईआरईपीएस के ई–नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से बोलियां आमंत्रित की जाती है:

क्रम संख्या	ई–नीलामी के आरम्भ होने की तिथि तथा समय	एसेट्स जिनकी नीलामी की जानी है
1	09/10/2026 को 10:30 बजे	12212(F1), 12420(F1), 12445(F1), 12452(R1), 12506(F1), 12630(F1), 12780(F1), 15304(F1, R1), 22420(F1), 22806(F1), 22858(F1).
2	12/10/2026 को 10:30 बजे	12005(F1), 12011(F1), 12013(F1), 12015(F1), 12034(F1), 12045(F1), 12156(R1) (बुध, शुक्र), 12270(R1), 12428(F1), 12481(F1, R1).
3	14/10/2026 को 10:30 बजे	12017(F1), 12040(F1), 12055(F1), 12057(F1), 12444(F1), 12448(F1), 12455(F1), 12528(F1, R1), 12722(R1) (बुध, शुक्र), 14152(F1), 14212(F1), 15530(F1), 15622(F1), 20452(F1), 22168(F1), 22210(F1).
4	16/10/2026 को 10:30 बजे	12265(F1), 12562(R1) (बुध, शुक्र), 12596(F1), 12626(R1) (बुध, शुक्र), 12918(F1), 12958(R1) (बुध, शुक्र), 14014(F1), 14056(R1), 14164(F1), 14341(F1), 14679(F1), 14681(F1, R1), 15035(F1, F2, R1), 19404(F1, R1), 20156(R1) (बुध, शुक्र), 22428(F1), 22950(F1).

महत्वपूर्ण सूचना:
1 ई–नीलामी के विभिन्न पहलुओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए इच्छुक बोली दाताओं को https://www.ireps.gov.in/html/helpdesk/learning centre.html. (E-Auction leasing section) पर जाने की सलाह दी जाती है।
2 रेलवे प्रशासन किसी भी समय इन निविदाओं / अनुबंधों को समाप्त करने का सम्पूर्ण अधिकार रखता है या इनके संबंध में किसी भी संशोधन अथवा अतिरिक्त नियमों और शर्तों के साथ इन निविदाओं अथवा अनुबंधों के बीच में ही समाप्त करने अथवा जारी रखने के संबंध में, जो की इन ट्रेनों के जारी रहने अथवा समाप्त होने की स्थिति पर निर्भर करता है। 3440/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

चिंतन

अपराध में डर दिखना चाहिए



डिजिटल
ओमकार चौधरी

जंतर-मंतर पर सोशल मीडिया से जुड़े युवाओं के हालिया हंगामे ने एक बड़े सवाल को फिर सामने ला दिया है—क्या कंटेंट क्रिएटर होने के नाम पर कानून और मर्यादा की सीमाएं भी खत्म हो जाती हैं? लोकतंत्र में सवाल पूछना, विरोध दर्ज कराना और व्यवस्था की जवाबदेही तय करना नागरिक अधिकार हैं, लेकिन सरकारी काम में बाधा डालना, पुलिस से अभद्रता करना या भीड़ के बीच अराजकता पैदा करना किसी अधिकार का हिस्सा नहीं हो सकता। सोशल मीडिया ने हर व्यक्ति को अपनी बात लाखों लोगों तक पहुंचाने की ताकत दी है। ऐसे में डिजिटल आजादी के साथ जिम्मेदारी और जवाबदेही तय करना भी जरूरी है।

कानून का उद्देश्य केवल अपराध होने के बाद सजा देना नहीं, बल्कि अपराधी के मन में कानून का डर पैदा करना भी है। खासकर महिलाओं और बच्चों के खिलाफ यौन अपराधों में यह डर जितना मजबूत होगा, अपराधियों के हौसले उतने ही कमजोर होंगे। दिल्ली-एनसीआर में 48 दिनों के भीतर नाबालिगों से गैंगरेप की तीन घटनाओं पर स्वतः संज्ञान लेते हुए सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी इसी कठोर वास्तविकता की ओर ध्यान खींचती है कि जब तक अपराधी के मन में मौत का डर नहीं होगा, तब तक ऐसे अपराध नहीं रुकेंगे। यह टिप्पणी किसी प्रतिशोध की भावना नहीं, बल्कि कानून के प्रभावी और दृश्यमान होने की जरूरत को रेखांकित करती है। 4 अगस्त को ग्रेटर नोएडा से दिल्ली जा रही बस में 16 वर्षीय नाबालिग के साथ गैंगरेप हुआ। बस करीब 47 किलोमीटर चलती रही और कश्मीरी गेट पर पीड़िता को उतारा गया। बस की खिड़कियों पर पर्दे लगे थे, यानी अपराधियों को यह भरोसा था कि उन्हें कोई देख नहीं रहा। 12 सितंबर को स्वरूप नगर में 16 वर्षीय नाबालिग के साथ गैंगरेप के बाद हत्या कर दी गई। उसका शव अगले दिन खेत के पास मिला। इस मामले में चार आरोपी गिरफ्तार हुए, जिनमें तीन नाबालिग हैं। 21 सितंबर को आस्था कुंज पार्क में 17 वर्षीय छात्रा से तीन युवकों ने फर्जी पुलिसकर्मी बनकर दुष्कर्म किया। तीनों आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। तीनों घटनाएं अलग-अलग हैं, लेकिन इनके पीछे सवाल एक है। क्या अपराधियों को व्यवस्था का पर्याप्त भय था? सुप्रीम कोर्ट ने इसी बिंदु पर पुलिस और प्रशासन की जिम्मेदारी तय करने की जरूरत बताई है। अदालत ने साफ कहा कि केवल कागजों पर योजनाएं बनाना पर्याप्त नहीं है। जरूरत पड़ने पर पुलिस को सख्त कार्रवाई करने से भी नहीं हिचकना चाहिए। आस्था कुंज पार्क मामले में यह तथ्य और गंभीर है कि एलएसआर कॉलेज की छात्राओं की ओर से पहले यौन उत्पीड़न की शिकायतें किए जाने के बावजूद सुरक्षा व्यवस्था में जरूरी सुधार नहीं हुए। एनसीआरबी के 2024 के आंकड़े बताते हैं कि दिल्ली में पोक्सो के 1,553 मामले दर्ज हुए हैं। यानी औसतन हर दिन चार से ज्यादा मामले। 2025 की रिपोर्ट अभी सामने नहीं आई है। ये केवल दर्ज मामले हैं; इसलिए इन्हें समस्या की पूरी तस्वीर मान लेना भी उचित नहीं होगा। बच्चों के खिलाफ यौन अपराधों में सामाजिक दबाव, डर और बदनामी के कारण अनेक मामले सामने ही नहीं आ पाते। यहां 'मौत का डर' वाली सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी को भी सही संदर्भ में समझना होगा। इसका अर्थ कानून से बाहर जाकर हिंसा या त्वरित न्याय नहीं है। लोकतंत्र में आरोपी को भी संविधान और कानून के तहत निष्पक्ष सुनवाई का अधिकार है। लेकिन जांच तेज हो, गिरफ्तारी प्रभावी हो, अभियोजन मजबूत हो और दोष सिद्ध होने पर ऐसी सजा मिले जो दूसरे संभावित अपराधियों के लिए स्पष्ट चेतावनी बने। यही कानून के डर का वास्तविक अर्थ है। आखिरकार, कानून का डर तभी पैदा होगा जब कानून जमीन पर दिखाई देगा। अपराधी को यह संदेश साफ मिलना चाहिए कि अपराध छिपाया नहीं जा सकता, जांच टाली नहीं जा सकती और सजा से बचना आसान नहीं है। मानवाधिकार अपराधी को कानून से ऊपर नहीं रखते और कठोर कानून व्यवस्था नागरिक अधिकारों को खत्म नहीं करती। लोकतंत्र की असली कसौटी यही है कि निर्दोष सुरक्षित रहें और अपराधी को कानून का डर रहे।

चुनौती बन रहा सोशल मीडिया

पिछले कुछ दिनों से हम और आप जंतर-मंतर पर सोशल मीडिया से जुड़े युवाओं का अलग ही रूप और हंगामा देख रहे हैं। इन्हें कई तरह से परिभाषित किया जा रहा है। कुछ का कथन है कि यह सब सीजेपी के ही समर्थक हैं और रिपोर्टिंग के नाम पर पुलिस के साथ अभद्रता करके अराजक माहौल बनाने की चेष्टा कर रहे हैं, कुछ का कहना है कि यदि ये कंटेंट क्रिएटर भी हैं तो उनका पुलिस के साथ बदजुबानी करने, उसके साथ भिड़ने या उनके सरकारी काम-काज में बाधा उत्पन्न करने का कोई अधिकार नहीं है। किसी आंदोलन स्थल पर यदि हजारों की संख्या में वीडियोग्राफी शुरू कर दी जाए। माइक हाथ में लेकर पुलिस-प्रशासन से तीखे सवाल पूछने का क्रम शुरू कर दिया जाए तो फिर उनके असली मक़सद को लेकर सवाल तो खड़े होंगे ही। हमने इस पैदा हुई ताजा समस्या की पड़ताल करने की कोशिश की है।

भारत में सोशल मीडिया अब केवल मनोरंजन, दोस्तों से संपर्क या तस्वीरें साझा करने का माध्यम नहीं रह गया है। यू ट्यूब, इंस्टाग्राम, फ़ेसबुक और एक्स (ट्विटर) सहित दूसरे डिजिटल मंचों ने सूचना, समाचार, राजनीति, कारोबार और जनमत निर्माण की पूरी व्यवस्था को बदल दिया है। एक मोबाइल फोन और इंटरनेट कनेक्शन रखने वाला व्यक्ति आज अपना चैनल शुरू कर सकता है, लाखों लोगों तक पहुंच सकता है और कुछ मामलों में परंपरागत मीडिया संस्थानों से भी बड़ी दर्शक संख्या हासिल कर सकता है। इस 'क्रांति' का दूसरा पहलू भी है। जब करोड़ों लोग सामग्री तैयार और प्रसारित कर रहे हों, तब फर्जी सूचनाओं, आपत्तिजनक वीडियो, अश्लीलता, बच्चों के शोषण से जुड़ी सामग्री, नफरत फैलाने वाले संदेश और कानून का उल्लंघन करने वाली सामग्री को नियंत्रित करना बड़ी चुनौती बन जाता है।

पिछले कुछ वर्षों में सरकार, अदालतों, बाल अधिकार संस्थाओं और संसद की सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी समिति का ध्यान इसी चुनौती पर तेजी से बढ़ा है। भारत दुनिया के सबसे बड़े यूट्यूब बाजारों में है। जारी आंकड़ों के अनुसार भारत में पिछले एक वर्ष में 10 करोड़ से अधिक चैनलों ने कम-से-कम एक वीडियो अपलोड किया। भारत में 15 हजार से अधिक यूट्यूब चैनल 10 लाख से ज्यादा सब्सक्राइबर का स्तर पार कर चुके हैं। दिसंबर 2023 तक एक लाख से ज्यादा सब्सक्राइबर वाले भारतीय चैनलों की संख्या 1.10 लाख से अधिक बताई गई थी। पुराने आक्सफोर्ड इकोनोमिक्स आकलन में सात लाख से अधिक भारतीय क्रिएटर्स और पार्टनर्स को यूट्यूब से आय अर्जित करने वाले व्यापक तंत्र का हिस्सा बताया गया था। भारत की विशेषता इसकी भाषाई विविधता भी है। हिंदी और अंग्रेजी के अलावा तमिल, तेलुगु, मराठी, बंगाली, पंजाबी, मलयालम, कन्नड़, गुजराती और दूसरी भाषाओं में बड़े पैमाने पर सामग्री बन रही है। उपलब्ध अनुमानों के अनुसार भारत में सोशल मीडिया इस्तेमाल करने वालों की संख्या करीब 50 करोड़ के स्तर तक पहुंच चुकी है। अलग-अलग संस्थाओं के आंकड़ों में अंतर इसलिए मिलता है, क्योंकि कहीं सक्रिय उपयोगकर्ता गिने जाते हैं, कहीं पंजीकृत खाते और कहीं विज्ञापन के जरिए पहुंच सकने वाली संभावित दर्शक संख्या। इंस्टाग्राम की भारत में विज्ञापन पहुंच लगभग 50 से 51 करोड़ खातों के स्तर पर आंकी गई है। यूट्यूब की भारतीय दर्शक संख्या भी लगभग 50 करोड़ के आसपास है। फ़ेसबुक की पहुंच करीब 40 करोड़ और स्नैपचैट की करीब 21 से 22 करोड़ के स्तर पर मानी जाती है। LinkedIn के भारत में करीब 19 करोड़ पंजीकृत सदस्यों का अनुमान है। इन आंकड़ों को जोड़कर यह निष्कर्ष निकालना गलत होगा कि भारत में डेढ़-दो अरब सोशल मीडिया उपयोगकर्ता हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुनिया के सबसे अधिक सोशल मीडिया फॉलोइंग वाले राजनीतिक नेताओं में शामिल हैं। हमारी पड़ताल के समय उनके इंस्टाग्राम फालोअर्स करीब 10.7 करोड़ और एक्स पर करीब 10.9 करोड़ के स्तर पर थे। यूट्यूब पर उनके लगभग 3.1 करोड़ सब्सक्राइब थे। राहुल गांधी के इंस्टाग्राम पर करीब 1.57 करोड़, यूट्यूब पर लगभग 1.1 करोड़ और उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार एक्स पर लगभग 2.85 करोड़ फालोअर्स थे। अरविंद केजरीवाल के इंस्टाग्राम पर करीब 40 लाख और X पर करीब 2.65 करोडड फालोअर्स का स्तर था। ये संख्याएं लगातार बदलती रहती हैं, लेकिन इनका राजनीतिक महत्व स्पष्ट है। राजनीतिक नेता अब अपनी बात लोगों तक पहुंचाने के लिए केवल अखबारों और टेलीविजन चैनलों पर निर्भर नहीं हैं। उनके पास करोड़ों लोगों से सीधे संवाद करने की अपनी डिजिटल व्यवस्था है। दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम, गाजियाबाद और फरीदाबाद मिलकर देश के प्रमुख कंटेंट क्रिएटर केंद्रों में बदल चुके हैं। दिल्ली-एनसीआर में यूट्यूबर्स और इन्फ्लुअंसर्स की कोई आधिकारिक सरकारी जनगणना उपलब्ध नहीं है। उद्योग आधारित अनुमानों में 10 हजार या उससे अधिक फालोअर्स वाले क्रिएटर्स और इन्फ्लुअंसर्स की संख्या करीब 70 हजार के स्तर पर होने का अनुमान सामने आता है। इसे आधिकारिक संख्या नहीं माना जाना चाहिए। छोटे और नेनो क्रिएटर्स को शामिल किया जाए तो वास्तविक संख्या इससे कहीं अधिक हो सकती है। यहीं से सबसे कठिन सवाल शुरू होता है। अगर लाखों लोग बिना किसी संपादकीय संस्था के सीधे करोड़ों दर्शकों तक सामग्री पहुंचा सकते हैं तो गैरकानूनी सामग्री की जिम्मेदारी किसकी होगी? भारत में इन्फ्लुअंसर्स के लिए कोई अलग एक्ट नहीं है। ऑनलाइन सामग्री मुख्य रूप से सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000, सूचना प्रौद्योगिकी नियम 2021 तथा अपराध की प्रकृति के अनुसार भारतीय न्याय संहिता और दूसरे संबंधित कानूनों के दायरे में आती है। सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 69ए के तहत निर्धारित परिस्थितियों में सरकार ऑनलाइन सामग्री को ब्लाक करने के निर्देश दे सकती है।



अश्लील सामग्री के लिए धारा 67, सैक्सुअल सामग्री के लिए 67ए और बच्चों से संबंधित यौन सामग्री के लिए धारा 67बी महत्वपूर्ण है। हाल के वर्षों में सरकार की कार्रवाई का दायरा भी बढ़ा है। 2024 में जनवरी से अक्टूबर के बीच इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा 9,845 यूआरएल को ब्लॉक करने के निर्देश दिए जाने का आंकड़ा सामने आया था। मार्च 2024 में अश्लील सामग्री के मामले में 18 ओटीटी प्लाटफार्मस, 19 वेबसाइट, 10 एप्लीकेशन और 57 सोशल मीडिया हैंडल्सके खिलाफ ब्लाकिंग कार्रवाई की गई। आपरेशन सिंदूर के दौरान 2025 में 1,400 से अधिक डिजिटल यूआरएल को ब्लॉक करने के निर्देश दिए गए थे। अब सवाल सोशल मीडिया को नियंत्रित करने या अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को सीमित करने भर का नहीं है। असली चुनौती संतुलन की है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता भी सुरक्षित रहे और बच्चों का शोषण, अश्लीलता, हिंसा, फर्जी सूचना तथा दूसरी गैरकानूनी सामग्री भी बेलगाम न हो।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

विदेश नीति
महेन्द्र तिवारी



रूस-यूक्रेन युद्ध में भारत की सक्रिय शांति पहल

वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में कूटनीति के मायने तेजी से बदल रहे हैं। रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे लंबे संघर्ष ने पूरी दुनिया को एक अभूतपूर्व संकट में डाल दिया है। इस युद्ध की शुरुआत में भारत ने एक तटस्थ दृष्टिकोण अपनाया था और सभी पक्षों से बातचीत के माध्यम से शांति स्थापित करने की अपील की थी, लेकिन जैसे-जैसे यह युद्ध खिंचता गया भारत की कूटनीतिक रणनीति में एक बड़ा और सकारात्मक बदलाव देखने को मिला है। आज भारत केवल युद्धविराम की औपचारिक अपील तक सीमित नहीं है, बल्कि वह इस संघर्ष से उपजी ठोस और व्यावहारिक समस्याओं के समाधान के लिए एक सक्रिय मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा है। यह बदलाव विश्व पटल पर भारत की उस छवि को मजबूत कर रहा है जो उसे एक जिम्मेदार और प्रभावी वैश्विक शांति निर्माता के रूप में स्थापित करती है। वर्ष 1947 में अपनी स्वतंत्रता के बाद से ही भारत ने अंतरराष्ट्रीय विवादों से खुद को दूर रखने की नीति का पालन किया था ताकि वह अपने आंतरिक विकास पर ध्यान दे सके, लेकिन 21वीं सदी का भारत एक अत्यंत शक्तिशाली और आत्मविश्वास से भरा राष्ट्र है। आज की बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था में कोई भी बड़ी घटना भारत को अछूता नहीं छोड़ सकती है। इसलिए भारत ने अपनी पुरानी संकोचशील नीति को त्याग कर एक सक्रिय और मुखर विदेश नीति अपनाई है। रूस और यूक्रेन के संदर्भ में यह मुखरता स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। विश्व अब यह मान चुका है कि भारत केवल मूक दर्शक बनकर नहीं बैठ सकता है। किसी भी युद्ध में केवल हथियार डाल देने की अपील करना सबसे आसान काम होता है, लेकिन जमीन पर मौजूद जटिलताओं को सुलझाना असली कूटनीति है। भारत ने यह गहराई से समझ लिया है कि रातों रात कोई स्थायी शांति समझौता नहीं हो सकता है। इसलिए उसने अपना ध्यान उन मुद्दों पर केंद्रित किया है जिनका सीधा असर पूरी मानवता और विशेषकर गरीब देशों पर पड़ रहा है। इस युद्ध ने दुनिया भर में खाद्यान्न संकट और ऊर्जा की कमी को जन्म दिया है। ऐसे में भारत ने अपनी कूटनीतिक ऊर्जा को उन क्षेत्रों में लगाया है जो वैश्विक अर्थव्यवस्था को पतन से बचा सकते हैं। भारत ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर मजबूती से यह बात रखी है कि यूरोप की समस्या को पूरी दुनिया की समस्या नहीं माना जाना चाहिए, लेकिन इस युद्ध के आर्थिक परिणामों से कोई भी देश अछूता नहीं रह सकता है। विकासशील देशों की आवाज बनकर भारत ने खुद को एक स्वाभाविक वैश्विक नेता के रूप में स्थापित किया है। जब भारत काला सागर की सुरक्षा या उर्वरकों की आपूर्ति की बात करता है तो वह केवल अपने लिए नहीं बल्कि उन तमाम देशों के लिए बोल रहा होता है जिनकी आवाज वैश्विक मंचों पर अक्सर अनसुनी कर दी जाती है। हाल के महीनों में भारतीय नेतृत्व द्वारा किए गए उच्च स्तरीय संवाद इस बात का जीवंत प्रमाण हैं कि भारत शांति की प्रक्रिया में कितना गहराई से निवेश कर रहा है। दोनों देशों के उच्च नेतृत्व के साथ सीधे संपर्क में रहकर भारत ने यह सुनिश्चित किया है कि संवादहीनता की स्थिति उत्पन्न ना हो। जब युद्ध के मैदान में हथियार चल रहे होते हैं तब कूटनीतिक वार्ता के दरवाजे खुले रखना एक अत्यंत कठिन कार्य होता है। भारत ने अपनी कूटनीतिक कुशलता से इस दरवाजे को बंद नहीं होने दिया है। यह इस बात को भी दर्शाता है कि भारत की विदेश नीति कितनी स्वतंत्र और लचीली है। भारत की इस मध्यस्थता की सफलता का सबसे बड़ा कारण उसका दोनों पक्षों के बीच समान रूप से विश्वसनीय होना है। वर्तमान में बहुत कम देश ऐसे हैं जो रूस और यूक्रेन दोनों के साथ बिना किसी पूर्वाग्रह के बातचीत कर सकते हैं। रूस के साथ भारत के ऐतिहासिक और रणनीतिक संबंध बहुत गहरे हैं इसलिए रूसी नेतृत्व भारत की चिंताओं को बहुत गंभीरता से लेता है। अंततः यह स्पष्ट रूप से कहा जा सकता है कि रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे इस टकराव में भारत की भूमिका एक मूक दर्शक या केवल उपदेश देने वाले देश की बिल्कुल नहीं रह गई है। ठोस आर्थिक और मानवीय मुद्दों पर बातचीत करके, सुरक्षित व्यापारिक मार्ग सुनिश्चित करवाकर और परमाणु सुरक्षा जैसे अत्यंत गंभीर विषयों पर हस्तक्षेप करके भारत ने विश्व को यह दिखा दिया है कि वह सबसे जटिल भू राजनीतिक समस्याओं का भी व्यावहारिक समाधान देने की असीम क्षमता रखता है। यही वह अद्वितीय कूटनीतिक कौशल है जो आने वाले समय में वैश्विक व्यवस्था में भारत के कद को और अधिक ऊंचा करेगा और उसे सही मायनों में विश्व में शांति स्थापित करने वाले एक प्रमुख और जिम्मेदार राष्ट्र के रूप में हमेशा के लिए मान्यता दिलाएगा।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

मेहनत के बाद भी नहीं मिल रही सफलता?



संकलित
दर्शन

संसार में किसी भौतिक वस्तु या सुख प्राप्त करने के लिए पुरुषार्थ की आवश्यकता होती है। पुरुषार्थ प्राथमिक आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त वांछित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए ऊर्जा, कौशल, दैव (प्रारब्ध या सौभाग्य) और तत्परता (इच्छाशक्ति) भी आवश्यक है। ये पांच तत्व अत्यंत अनिवार्य हैं। अतः पुरुषार्थ करें। यह विश्वास रखें कि सौभाग्य आपके साथ है और फिर कौशल अर्जित करें। अपनी ऊर्जा और कौशल को कैसे बढ़ाया जाए? जब आप ध्यान और मंत्रोच्चार के द्वारा अपने भीतर की सकारात्मकता को जाग्रत करते हैं, तो यह आपके कौशल, ऊर्जा और सौभाग्य में वृद्धि करता है। इन तीनों के होने के पश्चात भी, आपको पुरुषार्थ करना होगा और फिर यह फलीभूत होने में अपना नियत समय भी लेगा। हमें अपना ध्यान लक्ष्य पर केंद्रित रखते हुए निरंतर कर्म करते रहना होगा; प्रारंभिक समय में बार-बार मिलने वाली असफलता की परवाह किए बिना हमें सतत प्रयास करते रहना चाहिए। प्राचीन वेदों एवं शास्त्रों, वैदिक अनुष्ठानों में, आरंभ में संकल्प का विधान है। संकल्प लें-एक दृष्टि और एक लक्ष्य चुनें और फिर उसे समर्पित कर दें। समर्पण अर्थात उसे ईश्वर को अर्पित करना। यह कहना-"यह मेरी इच्छा है, किन्तु आप जो मेरे लिए श्रेष्ठ समझें। यदि यह या इससे भी उत्तम कुछ हो, तो मैं उसे स्वीकार करने को तत्पर हूं।"

सेहत और ज्ञान से जुड़े कामों में देर न करें



संकलित
प्रेरणा

एक दिन श्रीकृष्ण उद्धव की भेंट हुई तो श्रीकृष्ण ने उद्धव को एक ब्राह्मण की कहानी सुनाई। श्रीकृष्ण ने बताया कि एक ब्राह्मण ने खेती और व्यापार करके खूब धन कमाया था। वह धनी था, वह बहुत ही कंजूस भी था। धन आया तो उसका मन गलत कामों में लग गया, वह लालची भी था। बुरी आदतों के साथ ही उसे अहंकार भी हो गया, बात-बात पर वह गुस्सा करने लगा। अपने मित्रों से और रिश्तेदारों से भी ठीक से व्यवहार नहीं करता था। ब्राह्मण के व्यवहार की वजह से उसके घर-परिवार के लोग और मित्र लोग दुखी रहने लगे। वह धनी था, लेकिन और धन कमाना चाहता था। कंजूस इतना था कि वह अपने ऊपर भी खर्च नहीं करता था, लेकिन समय के साथ धीरे-धीरे उसका धन खर्च होने लगा। कुछ धन उसके घर-परिवार वालों ने ही छीन लिया। कुछ चोरी हो गया। कुछ चीजें अपने आप नष्ट हो गई। धनी ब्राह्मण का बुरा समय शुरू हुआ तो उसे व्यापार में भी नुकसान हो गया। इसी तरह कुछ ही दिनों में उसका पूरा धन बर्बाद हो गया। अब वह गरीब हो गया तो किसी ने उसकी मदद नहीं की। गरीबी के दिनों में उस ब्राह्मण को अपनी गलतियां याद आने लगीं। वह सोचने लगा कि उसने कभी भी किसी पर धन खर्च नहीं किया। घर-परिवार के लोगों से और मित्रों से बुरा व्यवहार किया। अब मेरी कोई मदद नहीं कर रहा है, ये सब मेरे ही कर्मों का फल है। मैंने कभी भी अपने धन का सही उपयोग नहीं किया।

अंतर्मन



आज की पाती

पशुओं की आंखों से दुनिया को देखें

हर साल 4 अक्टूबर को विश्व पशु दिवस मनाया गया। वर्ष 2026 की थीम थी 'उनकी आंखों से दुनिया को देखें।' यह थीम केवल एक भावुक अपील नहीं, बल्कि मनुष्य को अपने व्यवहार पर पुनर्विचार करने का अवसर देती है। आखिर जिस धरती को हम अपना घर कहते हैं, उस पर रहने का अधिकार केवल मनुष्य का तो नहीं है। विश्व पशु दिवस का इतिहास भी अपने आप में प्रेरणादायक है। जर्मनी में हेनरिक जिमर्मन ने 24 मार्च 1925 को बर्लिन में पहला विश्व पशु दिवस आयोजित किया था, जिसमें पांच हजार से अधिक लोग शामिल हुए थे। 1929 में 4 अक्टूबर को यह दिवस मनाया गया और 1931 में फ्लोरेंस में एक सम्मेलन में 4 अक्टूबर को विश्व पशु दिवस के रूप में स्वीकार किया गया।

-प्रदीप कश्यप, भाटापारा

ट्रेंड

महारानी दुर्गावती को नमन



नारी शक्ति और स्वाभिमान की पर्याय, गोंडवाना साम्राज्य की महारानी दुर्गावती जी की जयंती पर उन्हें कोटिशः नमन। महारानी दुर्गावती जी ने न्यायप्रियता व जनसेवा की मिसाल कायम की।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

भ्रम फैला रहा विपक्ष



एसआईआर पर विपक्ष द्वारा फैलाया जा रहा भ्रम उसके अपने नेताओं के बयानों से ही गलत साबित हो रहा है, जो कहते हैं कि एसआईआर जरूरी और सही दोनों है। 'निष्पक्ष चुनाव की आधारशिला पारदर्शी मतदाता सूचियां हैं। -अर्जुन राम मेघवाल, कानून मंत्री

भड़काना चाह रहे मणिशंकर



यह वही मणिशंकर अय्यर हैं जो पाकिस्तान गए थे और कहा था कि अब हमें मोदी सरकार को गिराना है। वह फिर वहां जाना चाहते हैं और मोदी सरकार के खिलाफ प्रदर्शन को भड़काना चाहते हैं। एक और साक्षात्कार देना चाहते हैं। वह भारत में रैलियां करने या विरोध प्रदर्शन करके संतुष्ट नहीं हैं। -संबित पात्रा, भाजपा प्रवक्ता

'आप' दोगुनी बेशर्म



जिस पार्टी के राज्यसभा में छह-सात सांसद पार्टी छोड़कर चले गए, वह हमें दलबदल पर उपदेश दे रही है। 'आप' के लोग कितने कमाल के हैं। मुझे लगता था कि मोदी के नेतृत्व वाली पार्टी बेशर्म है, लेकिन 'आप' उससे भी दोगुनी बेशर्म निकली।' वह हमें उपदेश नहीं दे सकते।

-पवन खेड़ा, कांग्रेस नेता

करंट अफेयर

अमेरिका वायुसेना ने ब्रिटेन से बमवर्षक विमान वापस बुलाए



इंग्लैंड स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डे आरएएफ फेयरफोर्ड को निशाना बनाकर कथित आतंकवादी हमले की साजिश की जांच के बीच अमेरिकी वायुसेना ने वहां तैनात अपने सभी बमवर्षक विमानों को वापस अमेरिका बुला लिया है। इन विमानों का इस्तेमाल ईरान पर हमले के लिए किया गया था। अमेरिकी रक्षा विभाग के मुख्यालय पेंटागन के एक अधिकारी ने नाम न उजागर करने की शर्त पर रविवार को बताया कि इन बमवर्षक विमानों को अमेरिका में उनके मूल ठिकानों पर वापस भेज दिया गया है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान के खिलाफ युद्ध को लेकर विकल्पों पर विचार कर रहे हैं, जिनमें नए हमले करना भी शामिल है। ट्रंप ने शनिवार को ओहायो में एक रैली में शामिल होने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस से रवाना होते समय कहा, 'ईरान को लेकर मुझे कुछ फैसले करने हैं। ईरान तबाह हो चुका है और अब प्रश्न यह है कि आगे कड़े कदम उठाने हैं या आसान।' पिछले सप्ताह मध्य लंदन में ब्रिटेन-ईरानी नागरिकता वाले एक व्यक्ति को आतंकवादी हमले की साजिश रचने के संदेह में गिरफ्तार किया गया था।

ऑफ बीट

'ड्रीम जॉब' की दौड़ में जिंदगी तो कहीं पीछे नहीं छूट रही?



किसी न किसी मोड़ पर हममें से ज्यादातर लोगों ने काम को लेकर यह सलाह जरूर सुनी होगी कि 'ऐसा काम चुनो जिसे करने में आपको खुशी मिले, फिर वह आपको जिंदगी में कभी बोझ या मजबूरी नहीं लगेगा और काम करना भी आपको काम जैसा महसूस नहीं होगा। 'ड्रीम जॉब' यानी ऐसी नौकरी का विचार, जिसे हम अपने सपनों के अनुरूप मानते हैं, सुनने में बेहद आकर्षक और प्रेरणादायक लगता है। इससे यह उम्मीद पैदा होती है कि नौकरी सिर्फ रोजी-रोटी का जरिया नहीं, बल्कि जीवन में उद्देश्य, अपनी पहचान और व्यक्तिगत संतुष्टि पाने का भी जरिया हो सकती है। लेकिन एक नौकरी से इन सभी उम्मीदों को जोड़ देना खासकर करियर की शुरुआत करने वाले युवाओं के लिए दबाव का कारण बन सकता है। हो सकता है समस्या यह न हो कि हम अपने काम में उद्देश्य तलाशने में नाकाम हो रहे हैं, बल्कि यह हो कि हमें शुरू से यह उम्मीद करना सिखाया गया है कि एक ही नौकरी हमें सब कुछ देगी—जीवन का उद्देश्य, पहचान, आर्थिक सुरक्षा और व्यक्तिगत संतुष्टि। अर्थपूर्ण काम निश्चित रूप से संतुष्ट जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हो सकता है। लेकिन हर हाल में एक 'ड्रीम जॉब' हासिल करने की कोशिश हमें थकान, आर्थिक दबाव और पहचान की अस्थिरता की ओर भी ले जा सकती है।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

भगवंत मान और केजरीवाल जवाब दें कि कितना घोटाला हुआः भाजपा

सरकार के भ्रष्टाचार पर हाई कोर्ट द्वारा सीबीआई जांच की सिफारिश करना दर्शाता है कि आप सरकार ने किस कदर लूट मचा रखीः पात्रा

◆ कहा, भ्रष्टाचार और बदहाल कानून-व्यवस्था पर आम आदमी पार्टी का दोहरा मापदंड नहीं चलेगा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं लोकसभा सांसद डॉ. संबित पात्रा ने सोमवार को नई दिल्ली स्थित पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित किया और पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार पर भ्रष्टाचार और बिगड़ती कानून-व्यवस्था को लेकर निशाना साधा। डॉ. पात्रा ने कहा कि पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने मुख्यमंत्री भगवंत मान के ओएसडी रणबीर सिंह गुमान और उनके करीबी लोगों पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की सीबीआई जांच के निर्देश दिए हैं। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने विगत 48 घंटों में पंजाब में चार हत्याओं और पुलिसकर्मियों पर हुए हमलों का उल्लेख करते हुए भगवंत मान, अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी से भ्रष्टाचार तथा कानून-व्यवस्था पर जवाब मांगा।



पात्रा ने कहा कि पंजाब में भगवंत मान और आम आदमी पार्टी की सरकार को लेकर कोर्ट में एक बड़ा डेवलपमेंट हुआ है। पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस अश्विनी कुमार मिश्रा और जस्टिस रोहित कपूर की खंडपीठ ने एक पीआईएल पर निर्णय दिया है कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के ओएसडी और उनके करीबी लोगों पर ईडी द्वारा लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों के विषय में सीबीआई जांच होनी चाहिए।

पंजाब के मुख्यमंत्री, आप के नेता और अरविंद केजरीवाल के खास भगवंत मान के ओएसडी और उनके खास लोगों द्वारा जिस प्रकार का घोटाला किया जा रहा था, उस पर आज पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने सीबीआई जांच को आगे बढ़ाने के साथ-साथ यह भी कहा गया है कि सीबीआई दो महीने, यानी लगभग 60 दिनों के अंदर जांच पूरी करे और अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करे।

राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा पहले से ही कहती आ रही थी कि पंजाब में चाहे कानून-व्यवस्था हो या भ्रष्टाचार, सब कुछ चरम पर पहुंचा हुआ है। कानून-व्यवस्था चरमराई हुई है और भ्रष्टाचार अपने चरम पर पहुंच चुका है। जो बात भाजपा कह रही थी, उसका पुष्टिकरण स्वयं उच्च न्यायालय ने किया है। पंजाब के सीएम भगवंत मान के खास रणबीर सिंह गुमान उनके ओएसडी हैं। उन पर आरोप लगा था कि वह और उनके कुछ अन्य अधिकारी बिचौलियों का काम करते हैं। अर्थात, सरकार की ओर से मिलने वाले लाभों को कुछ रकम, ब्राइबरी या रिश्वत लेकर लोगों तक किस प्रकार पहुंचाया जाए और बिजनेस इंटरेस्ट के बीच बिचौलिये का काम किया गया, इन सभी विषयों को लेकर एडवोकेट निखिल शराफ ने पंजाब के उच्च न्यायालय में पीआईएल दाखिल की थी। उस पर आज न्यायालय ने सीबीआई जांच के लिए कहा है। अरविंद केजरीवाल, आम आदमी पार्टी और भगवंत मान को इस पर सफाई देनी चाहिए कि आखिर कितना घोटाला हुआ है, उनके खुद के सचिव इसमें कितने लिप्त हैं और खुद के सचिव, अर्थात वे स्वयं, किस प्रकार के भ्रष्टाचार और किस प्रकार के घोटाले कर रहे हैं। डॉ. पात्रा ने कहा कि जहां तक कानून-व्यवस्था का विषय है, जब से आम आदमी पार्टी की सरकार आई है, पंजाब में किस प्रकार की कानून-व्यवस्था है, यह सभी को पता है।

आज से 3 दिन हिमाचल प्रदेश के दौरे पर राष्ट्रपति, अटल टनल भी जाएंगी

एजेंसी ▶▶ मनाली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मंगलवार को हिमाचल प्रदेश के तीन दिवसीय दौरे पर आ रही हैं। वह बिलासपुर स्थित एम्स के प्रथम दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगी। इसके बाद राष्ट्रपति मनाली के लिए रवाना होंगी और रात में यहीं रुकेंगी। राष्ट्रपति मुर्मू को रिसीव करने सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू भी बिलासपुर जाएंगे। इसके बाद सीएम एम्स के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे और दोपहर बाद वापस शिमला लौटेंगे। दीक्षांत समारोह में प्रशिक्षु डॉक्टरों को डिग्रियां प्रदान करेंगी। इस दौरान केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा भी बिलासपुर में मौजूद रहेंगे।



हिडिंबा मंदिर में पूजा करेंगी

7 अक्टूबर को राष्ट्रपति मुर्मू पहले अटल टनल रोहतांग जाएंगी। यहां से दोपहर 12 बजे वापस मनाली लौटेंगी। दोपहर बाद हिडिंबा मंदिर में दर्शन और पूजा करेंगी। 8 अक्टूबर को राष्ट्रपति सुबह के वक्त वापस दिल्ली लौटेंगी।

खबर संक्षेप

संचार साथी पोर्टल ने पार किए 30 करोड़ विजिट्स

नई दिल्ली। दूरसंचार विभाग द्वारा विकसित संचार साथी पोर्टल ने मई 2023 में शुरू होने के बाद से 30 करोड़ से अधिक विजिट्स का आंकड़ा पार कर लिया है। संचार मंत्रालय ने कहा कि यह उपलब्धि दूरसंचार-आधारित धोखाधड़ी और साइबर अपराधों के खिलाफ नागरिकों की बढ़ती भागीदारी को दर्शाती है। संचार साथी महत्वपूर्ण नागरिक सुविधा मंच बन गया है।



रकुल प्रीत बोलीं- कोई विदेशी लेन-देन नहीं

मुंबई। अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह ने खुद को आर्म्ड फोर्सेज़ के फैमिली में पली बढ़ी सेल्फ-मेड आर्टिस्ट बताते हुए कहा कि वह हमेशा से कानून का पालन करती आईं हैं और 20 साल की उम्र से टैक्स भरती आ रही हैं। उनका किसी भी तरह के विदेशी लेन-देन से लेना-देना नहीं है। कुछ लोग बगैर जांच पड़ताल किए मामले को बेवजह बड़ा बना रहे हैं।



चंद्रशेखर आजाद रेप केस में सौंपनी होगी रिपोर्ट

नई दिल्ली। आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के मुखिया और नगीना से सांसद चंद्रशेखर आजाद पर लगाए गए रेप के आरोप को लेकर राउज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी करते हुए अगली तारीख तक जांच पूरी करने को कहा है। अगली तारीख 23 अक्टूबर की निश्चित कर दी है। दिल्ली पुलिस के पास अब 18 दिन में जांच कर रिपोर्ट सौंपनी होगी।



पवनखेड़ा को आपराधिक मुकदमे से राहत नहीं

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को पीएम नरेंद्र मोदी के नाम को लेकर फरवरी 2023 में की गई टिप्पणी से जुड़ा आपराधिक मामले में पवन खेड़ा को फिलहाल सुप्रीम कोर्ट से कोई अंतिम राहत नहीं मिली है। सोमवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि हम इसे किसी और दिन लिस्ट करेंगे।

वोट चोरी के आरोपों पर कांग्रेस का देशव्यापी आंदोलन तेज

10 अक्टूबर से शुरू होगा 'वोट बचाओ-देश बचाओ' अभियान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण और कथित 'वोट चोरी' के मुद्दे पर कांग्रेस ने अपने आंदोलन को और व्यापक बनाने का फैसला किया है। कांग्रेस के संगठन महासचिव एवं सांसद केसी वेणुगोपाल ने सोमवार को कहा कि पार्टी अगले करीब दो महीनों तक देशभर में चरणबद्ध तरीके से विरोध-प्रदर्शन, पदयात्राएं, गांव चौपाल और जनसभाएं आयोजित करेगी। अभियान का मुख्य नारा 'वोट बचाओ-देश बचाओ' होगा। वेणुगोपाल के मुताबिक, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आज नई दिल्ली स्थित इंदिरा भवन में एआईसीसी महासचिवों, प्रभारियों, प्रदेश कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्षों और फ्रंटल संगठनों के प्रमुखों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में कथित मतदाता सूची अनियमितताओं के खिलाफ आंदोलन को बूथ और गांव स्तर तक ले जाने की रणनीति पर चर्चा हुई। कांग्रेस का आरोप है कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में चुनाव आयोग द्वारा की जा रही प्रक्रिया के जरिए बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम प्रभावित किए जा रहे हैं। पार्टी इसे 'वोट चोरी' की व्यापक कवायद बता रही है। हालांकि चुनाव आयोग और भाजपा इन आरोपों को खारिज करते रहे हैं और एसआईआर को मतदाता सूची को अधिक शुद्ध और विश्वसनीय बनाने की प्रक्रिया बताते हैं।

10 से 20 अक्टूबर तक ब्लॉक स्तर पर मार्च

वेणुगोपाल ने बताया कि आंदोलन के अगले चरण की शुरुआत 10 अक्टूबर से होगी। 10 से 20 अक्टूबर के बीच देशभर में ब्लॉक स्तर पर मार्च निकाले जाएंगे। इन मार्चों का समापन संबंधित एसडीएम कार्यालयों पर किया जाएगा। कांग्रेस कार्यकर्ता इन प्रदर्शनों के माध्यम से मतदाता सूची से जुड़े मुद्दों को स्थानीय प्रशासन के समक्ष उठाएंगे।

25 अक्टूबर से 25 नवंबर तक गांव-गांव चौपाल

अभियान का अगला और व्यापक चरण 25 अक्टूबर से 25 नवंबर तक चलेगा। इस दौरान देश के गांवों में 'गांव चौपाल' आयोजित की जाएंगी। कांग्रेस का कहना है कि इन चौपालों में ग्रामीणों को पार्टी द्वारा लगाए जा रहे 'वोट चोरी' के आरोपों और मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

पार्टी ने गांवों के स्थानीय नेताओं और प्रमुख लोगों को भी इन चौपालों में आमंत्रित करने की योजना बनाई है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर उन मतदाताओं की पहचान करने की जिम्मेदारी दी जाएगी, जिनके नाम पार्टी के अनुसार अनुचित तरीके से मतदाता सूची से हटाए गए हैं।

'वोट रक्षक' करेंगे मतदाताओं की मदद

वेणुगोपाल ने कहा कि कांग्रेस के बूथ लेवल एजेंट इस अभियान में 'वोट रक्षक' की भूमिका निभाएंगे। उनका काम कथित तौर पर हटाए गए मतदाताओं की पहचान करना और उनके नाम दोबारा मतदाता सूची में शामिल कराने की प्रक्रिया में मदद करना होगा। कांग्रेस इस अभियान को संगठनात्मक स्तर पर बूथ तक ले जाने

'वोट बचाओ-देश बचाओ' अभियान



1 नवंबर को रामलीला मैदान में इंडिया ब्लॉक की महारैली

कांग्रेस ने 1 नवंबर को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में बड़ी रैली आयोजित करने की भी घोषणा की है। पार्टी की योजना विपक्षी दलों को इसमें शामिल करने की है। कांग्रेस नेताओं के अनुसार यह आंदोलन के सबसे बड़े राजनीतिक कार्यक्रमों में से एक होगा। कांग्रेस का यह कार्यक्रम विपक्षी दलों द्वारा पहले घोषित किए गए 'सेव डेमोक्रेसी' अभियान के साथ भी जुड़ा हुआ है। इंडिया ब्लॉक ने इससे पहले 2 से 8 अक्टूबर तक जिला स्तर पर लोकतंत्र बचाओ मार्च और 6 अक्टूबर को संसद से चुनाव आयोग तक मार्च का कार्यक्रम घोषित किया था।

25-26 नवंबर को 'दिल्ली चलो' अभियान

अभियान का अंतिम बड़ा चरण 25 और 26 नवंबर को होगा। कांग्रेस ने इस दौरान 'दिल्ली चलो' कार्यक्रम आयोजित करने का फैसला किया है। पार्टी के अनुसार विभिन्न स्थानों से वाहन रैलियां और यात्राएं दिल्ली पहुंचेंगी और 26 नवंबर को संविधान दिवस के अवसर पर राजधानी में बड़ा कार्यक्रम होगा।

'ज्ञानेश कुमार को हटाने तक जारी रहेगा संघर्ष'

वेणुगोपाल ने कहा कि कांग्रेस का आंदोलन केवल कुछ दिनों का कार्यक्रम नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पार्टी का संघर्ष तब तक जारी रहेगा, जब तक मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाया नहीं जाता और चुनावी व्यवस्था में जरूरी सुधार नहीं किए जाते।कांग्रेस ने हाल के दिनों में एसआईआर, मतदाता सूची में नामों के कथित विलोपन और चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता को लेकर चुनाव आयोग पर लगातार निशाना साधा है। पार्टी नेतृत्व का कहना है कि लोकतंत्र में प्रत्येक पात्र नागरिक के मताधिकार की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। इस बीच, 5 अक्टूबर को कांग्रेस की घोषणा के साथ 'वोट बचाओ-देश बचाओ' अभियान को देशव्यापी राजनीतिक आंदोलन का रूप देने की तैयारी तेज हो गई है। आने वाले सप्ताहों में ब्लॉक, जिला, प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस के कार्यक्रमों के साथ इंडिया ब्लॉक के साझा कार्यक्रम भी देखने को मिल सकते हैं।

दिल्ली की संगठनात्मक बैठक में फैसला

चुनावी प्रक्रिया पर कांग्रेस की बड़ी तैयारी, देश भर में होगा हल्ला बोल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और निर्वाचन आयोग को लेकर जारी सियासी टकराव के बीच कांग्रेस ने सोमवार को नई दिल्ली स्थित इंदिरा भवन में पार्टी के शीर्ष संगठनात्मक नेताओं की अहम बैठक की। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल समेत पार्टी के महासचिवों, राज्यों के प्रभारियों, प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्षों और फ्रंटल संगठनों के राष्ट्रीय प्रमुखों ने हिस्सा लिया। बैठक ऐसे समय हुई है जब कांग्रेस ने कथित 'वोट चोरी' के मुद्दे पर देशव्यापी राजनीतिक अभियान तेज कर दिया है। बैठक से पहले ही पार्टी की ओर से संकेत दिए गए थे कि इसमें मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों के साथ-साथ संगठनात्मक तैयारियों और आगामी कार्यक्रमों को लेकर राज्यों के नेताओं से फीडबैक लिया जाएगा।



सीईसी के खिलाफ आंदोलन को धार देने की रणनीति

बैठक का सबसे अहम राजनीतिक संदर्भ निर्वाचन आयोग और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को लेकर कांग्रेस का अभियान रहा। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बैठक के बाद कहा कि पार्टी 'वोट बचाओ, देश बचाओ' के नारे के साथ देशव्यापी आंदोलन को तेज करेगी। उन्होंने कहा कि यह अभियान तब तक जारी रहेगा, जब तक ज्ञानेश कुमार को हटाया नहीं जाता और चुनावी व्यवस्था में आवश्यक सुधार नहीं किए जाते। कांग्रेस ने एसआईआर को लेकर मतदाता सूची में नाम हटाए जाने, चुनावी प्रक्रिया और निर्वाचन आयोग की भूमिका पर सवाल उठाए हैं। पार्टी का कहना है कि मतदाता सूची से किसी भी पात्र नागरिक का नाम हटने की स्थिति में प्रभावी अपील व्यवस्था होनी चाहिए। कांग्रेस ने भविष्य के चुनावों में एसआईआर से पहले की मतदाता सूची के इस्तेमाल और चुनावी प्रक्रिया में बैलेट पेपर की वापसी की भी मांग उठाई है।

राज्यों से लिया गया फीडबैक

इंदिरा भवन में हुई बैठक में केंद्रीय नेतृत्व ने प्रदेश इकाइयों के साथ समन्वय और संगठन को जमीनी स्तर तक सक्रिय करने पर भी चर्चा की। कांग्रेस पहले भी संगठनात्मक पुनर्गठन के तहत राज्यों में जिला, ब्लॉक और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने की प्रक्रिया चला चुकी है। मार्च में हुई एक संगठनात्मक समीक्षा में जिला कांग्रेस समितियों के गठन, ब्लॉक समितियों और बूथ स्तर की इकाइयों को मजबूत करने तथा सभी सामाजिक वर्गों को संगठन में प्रतिनिधित्व देने पर जोर दिया गया था। कांग्रेस नेतृत्व की ओर से हाल के दिनों में लगातार संगठनात्मक बैठकें की जा रही हैं। 15 सितंबर को राहुल गांधी और केसी वेणुगोपाल ने एआईसीसी सचिवों के साथ बैठक कर संगठनात्मक मामलों पर चर्चा की थी। अब महासचिवों, प्रभारियों और प्रदेश अध्यक्षों को एक साथ बुलाकर राज्यों की राजनीतिक स्थिति और संगठन की तैयारियों की समीक्षा को पार्टी की आगे की रणनीति के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

एसआईआर पर सड़क से सुप्रीम कोर्ट तक संग्राम, 'सीईसी' पर कांग्रेस का बड़ा हमला

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर विपक्षी दलों का विरोध सोमवार को संसद परिसर से सड़क तक दिखाई दिया। विपक्षी सांसदों ने एसआईआर की प्रक्रिया और निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली के खिलाफ मार्च निकालकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया और मतदाता अधिकारों की रक्षा की मांग की। विपक्ष का आरोप है कि एसआईआर के नाम पर मतदाता सूची से बड़े पैमाने पर नाम हटाए जा रहे हैं और प्रक्रिया में पर्याप्त उचित प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया। यह विरोध ऐसे समय हुआ है जब निर्वाचन आयोग की एसआईआर प्रक्रिया और फॉर्म-6 में कथित बदलाव को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। विपक्षी नेताओं का कहना है कि हालिया घटनाक्रम ने चुनाव आयोग की निष्पक्षता और उसकी कार्यप्रणाली को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं। इसी बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने सुप्रीम कोर्ट में आज हुई सुनवाई और मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार की भूमिका को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं।

जयराम रमेश ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक ऐसी याचिका पर सुनवाई की, जिसमें अन्य मांगों के साथ सीईसी ज्ञानेश कुमार को निलंबित करने की मांग भी की गई है। उन्होंने कहा कि हाल में सामने आए गंभीर खुलासों को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट के पास चुनाव आयोग जैसी लोकतंत्र की बुनियादी संस्था में जनता का भरोसा बहाल करने का एक असाधारण अवसर है।



रमेश ने एसआईआर की प्रक्रिया को 'कामचलाऊ, गैरकानूनी और लापरवाह' बताते हुए आरोप लगाया कि सुप्रीम कोर्ट के मौजूदा और सेवानिवृत्त दोनों जजों की ओर से इस प्रक्रिया की आलोचना की गई है। उन्होंने दावा किया कि पर्याप्त उचित प्रक्रिया का पालन किए बिना बड़े पैमाने पर और अंधाधुंध मतदाताओं के नाम हटाए गए, जिनमें कई नाम स्पष्ट रूप से गलत तरीके से हटाए गए। हालांकि, जयराम रमेश ने यह भी स्पष्ट किया कि सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल इस मामले में कोई अंतरिम आदेश पारित नहीं किया है। उनके अनुसार, कोर्ट ने मामले में जवाब मांगा है। रमेश ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने अतीत में निर्वाचन आयोग और मुख्य चुनाव आयुक्त पर भरोसा किया है कि वे संस्था के संचालन के संबंध में निष्पक्ष और सही जानकारी देंगे।

उन्होंने कहा कि यह भरोसा दशकों के अनुशासित, मर्यादित और सक्षम कामकाज से बनी संस्थागत साख पर आधारित रहा है, जिसकी शुरुआत देश के पहले मुख्य चुनाव आयुक्त दिवंगत सुकुमार सेन से हुई थी। कांग्रेस नेता ने कहा कि सुकुमार सेन ने देश में चुनाव कराने की व्यवस्था के लिए एक मानक स्थापित किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि उस विरासत से बनी साख का दावा मौजूदा सीईसी ज्ञानेश कुमार नहीं कर सकते।

फॉर्म-6 में कथित बदलाव को लेकर रमेश ने मुख्य चुनाव आयुक्त पर सीधे निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि फॉर्म-6 में 'दुर्भावनापूर्ण बदलाव' किया गया और शुरुआत में ऐसा संकेत दिया गया कि इस बदलाव को सुप्रीम कोर्ट की मंजूरी हासिल है। रमेश ने इसे मुख्य चुनाव आयुक्त के 'छलपूर्ण आचरण' का गंभीर उदाहरण बताया और कहा कि इसका किसी भी तरह बचाव नहीं किया जा सकता। रमेश ने आरोप लगाया कि सीईसी ने न केवल गलत जानकारी दी, बल्कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के इशारे पर कानून का उल्लंघन किया तथा संविधान की भावना और उसके शब्दों के साथ विश्वासघात किया। हालांकि, ये सभी आरोप कांग्रेस नेता की ओर से लगाए गए हैं और इन पर अंतिम न्यायिक निष्कर्ष अभी सामने नहीं आया है।

एसआईआर और निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर विपक्ष लगातार सरकार और चुनाव आयोग पर दबाव बना रहा है। सोमवार का विपक्षी सांसदों का मार्च इसी विरोध की कड़ी के रूप में देखा जा रहा है। विपक्ष की मांग है कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी हो, किसी भी पात्र मतदाता का नाम बिना उचित प्रक्रिया के न हटाया जाए और निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवालों का स्पष्ट जवाब दिया जाए।

केंद्र ने किया अर्थव्यवस्था का बंटाधार, विदेशी निवेशक निकाल रहे भारतीय बाजार से पैसाः कांग्रेस

शक्ति सिंह गोहिल ने कहा- बीते नौ महीनों में ही विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारतीय बाजार से 4 लाख करोड़ रुपये निकाले

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बीते नौ महीनों में ही विदेशी निवेशकों द्वारा भारतीय शेयर बाजार से चार लाख करोड़ रुपये निकाले जाने का हवाला देते हुए कांग्रेस ने कहा कि भाजपा सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था का बंटाधार कर दिया है। पार्टी ने विदेशी निवेशकों द्वारा इतनी भारी मात्रा में पैसे निकालने, देश में छाए आर्थिक संकट, रुपये की गिरती कीमत, महंगे पेट्रोल-डीजल और शेयर बाजार में भारी गिरावट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जवाब मांगा। पार्टी ने लोगों पर कर्ज के बढ़ते बोझ और बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर भी सरकार को घेरा। कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और पूर्व सांसद शक्ति सिंह गोहिल ने हाल ही में कर्ज के चलते नोएडा में एक युवक की आत्महत्या का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों का खामियाजा देश का हर वर्ग भुगत रहा है। सरकार को सिर्फ भ्रष्टाचार एवं चंद पूंजीपतियों की ही चिंता है। इसीलिए भारतीय बाजार में पूंजी लगाने वाले विदेशी संस्थागत निवेशक भारत से पैसा निकाल रहे हैं।



तीन दिन में निकाले 29,000 करोड़ रुपये

आंकड़ों का हवाला देते हुए गोहिल ने बताया कि जनवरी से सितंबर 2026 तक हर महीने विदेशी निवेशकों की ओर से बिकवाली का रुझान रहा और इस अवधि में 4.03 लाख करोड़ रुपये से अधिक की पूंजी भारतीय बाजार से बाहर गई। उन्होंने जोर देकर कहा कि ऐसा सिलसिला देश के इतिहास में पहले कभी नहीं देखा गया। उन्होंने कहा कि एनएसई में लिस्टेड कंपनियों से 14.7 से 15.8 प्रतिशत पूंजी निकल गई। 29 सितंबर, 30 सितंबर और 01 अक्टूबर के तीन दिनों में ही विदेशी निवेशकों ने 29,000 करोड़ रुपये की अपनी बिकवाली की है।

सेंसेक्स 85 हजार से गिरकर 72,500 के स्तर पर

गोहिल ने शेयर बाजार में गिरावट का जिक्र करते हुए कहा कि सितंबर 2024 में सेंसेक्स करीब 85 हजार के स्तर पर था, जबकि सितंबर 2026 के अंत में यह करीब 72,500 के स्तर पर आ गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के पुराने बयानों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि दोनों ने 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले लोगों से शेयर बाजार में निवेश करने की अपील की थी। उस समय इन बातों पर भरोसा करके जिन मध्यम वर्गीय लोगों ने शेयर बाजार में निवेश किया, उन्हें अब नुकसान उठाना पड़ रहा है और टैक्स भी देना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि 13 करोड़ से अधिक लोगों को हुए भारी नुकसान की जिम्मेदारी मोदी स्वीकार करें।

यूपीए के 10 साल के कार्यकाल में सेंसेक्स 398 प्रतिशत बढ़ा था

कांग्रेस नेता ने याद दिलाया कि यूपीए शासन के दौरान पूरे विश्व में आर्थिक मंदी आई थी, लेकिन सरकार ने इसका असर भारत की अर्थव्यवस्था पर नहीं पड़ने दिया था, बल्कि यूपीए के 10 साल के कार्यकाल में सेंसेक्स 398 प्रतिशत बढ़ा था। 2004 में यूपीए सरकार ने लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन टैक्स शून्य कर दिया था, जिससे मध्य वर्ग को राहत मिली। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार ने इसे 12.5 प्रतिशत और शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन को 20 प्रतिशत कर दिया है। साथ में सेक्युरिटीज ट्रांसैक्शन टैक्स भी लगता है। उन्होंने 1991 के आर्थिक संकट का जिक्र करते हुए यह भी याद दिलाया कि तत्कालीन वित्त मंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने विदेशी संस्थागत निवेश के लिए भारतीय बाजार खोले, जिससे अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली।

आज इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल भी महंगा है

गोहिल ने भारतीय रुपये के कमजोर होकर प्रति डॉलर लगभग 100 रुपये होने पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री मोदी के पुराने वीडियो दिखाए, जिनमें उन्होंने इसी मुद्दे पर यूपीए सरकार पर हमला बोला था। उन्होंने आगे कहा कि यूपीए शासन में कच्चे तेल की कीमत 140 डॉलर प्रति बैरल होने पर भी पेट्रोल-डीजल इतना महंगा नहीं हुआ, जबकि आज इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल भी महंगा है। कांग्रेस नेता ने कहा कि लोगों पर कर्ज का बोझ बढ़ रहा है और रोजगार की कमी के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक जैसी समस्याओं ने युवाओं की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

रुपये के लगातार गिरने पर मोदी चुप क्यों?

गोहिल ने पूछा कि रुपये के लगातार गिरने पर मोदी चुप क्यों हैं। उन्होंने मोदी सरकार से जवाब मांगा कि विदेशी निवेशक हर दिन भारतीय बाजार से पैसे निकालकर क्यों जा रहे हैं? लगातार नौ महीने से विदेशी संस्थागत निवेशकों में बिकवाली और नकारात्मक रुझान क्यों बना हुआ है? पेट्रोल-डीजल इतना महंगा क्यों है? गोहिल ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और मोदी सरकार की मिलीभगत का भी जिक्र किया। उन्होंने जस्टिस (सेवानिवृत्त) नरीमन और जस्टिस भुइयां द्वारा लाखों मतदाताओं के वोट के अधिकार से वंचित होने को लेकर जताई गई चिंता का हवाला दिया।

■ सेबी के चेयरमैन पांडेय ने निवेशकों को सावधान रहने को कहा

सुझावों, सोशल मीडिया की सलाह से सावधान रहें निवेशक : पांडेय

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने सोमवार को निवेशकों को अज्ञात स्रोतों से मिलने वाली निवेश सलाह, सोशल मीडिया पर वित्तीय सलाह देने वालों और रिटर्न को लेकर बढ़ा-चढ़ाकर किए जाने वाले दावों से सावधान रहने को कहा। पांडेय ने यह बात सेबी की देशव्यापी निवेशक जागरूकता पहल 'प्रोजेक्ट जागरूक' की शुरुआत के मौके पर पंजाब विश्वविद्यालय में कही। उन्होंने सेबी के निवेशक सर्वेक्षण के निष्कर्षों का हवाला देते हुए कहा कि प्रतिभूति बाजार के बारे में जागरूकता और उसमें वास्तविक भागीदारी के बीच अंतर है।

■ सेबी ने देशव्यापी निवेशक जागरूकता पहल की शुरू



लाभ लेने निवेश जल्द शुरू करना चाहिए

पांडेय ने कहा कि निवेश जल्द शुरू करना चाहिए और लगातार उसका लाभ लेने के लिए उसे जारी रखना चाहिए तथा निवेश में विविधता लानी चाहिए। पांडेय ने कहा कि भारतीय प्रतिभूति बाजार पहले के मुकाबले अधिक लोकतांत्रिक और सुलभ है, लेकिन केवल पहुंच पर्याप्त नहीं है। निवेशकों को भी पर्याप्त जानकारी होनी चाहिए।

जागरूकता बढ़ाना बुनियादी ढांचे का हिस्सा

चेयरमैन ने कहा, ''इसीलिए निवेशकों में जागरूकता बढ़ाना बाजार के बुनियादी ढांचे का हिस्सा है। मजबूत बाजार के लिए केवल शेयर बाजार, समाशोधन निगम और डिपॉजिटरी ही नहीं, बल्कि जानकार प्रतिभागी भी जरूरी हैं। 'प्रोजेक्ट जागरूक' इसी सिद्धांत को आगे बढ़ाने का प्रयास है।''

किसी की सलाह पर कोई निवेश न करे

निवेशकों में जागरूकता बढ़ाने की जरूरत पर जोर देते हुए पांडेय ने कहा कि निवेशकों को केवल इसलिए निवेश नहीं करना चाहिए कि किसी ने इसकी सलाह दी है या हर कोई निवेश कर रहा है। उन्होंने कहा, ''निवेश तभी करें जब आप इसे समझते हों। यही 'प्रोजेक्ट जागरूक' का उद्देश्य है। समझ के साथ निवेश करना आसान है।''

छात्रों से अवसरों का लाभ उठाने, सामाजिक जिम्मेदारी निभाने का किया आह्वान

भारत में युवाओं के सामने अपार अवसर

कीट डीम्ड विवि के दीक्षांत समारोह में 10 हजार से अधिक छात्रों को डिग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भुवनेश्वर

कीट डीम्ड विश्वविद्यालय का तीन दिवसीय 22वां वार्षिक दीक्षांत समारोह सोमवार को संपन्न हो गया। समारोह में 10 हजार से अधिक छात्रों को विभिन्न पाठ्यक्रमों की डिग्रियां प्रदान की गईं। देश-विदेश से पहुंचे गणमान्य अतिथियों और शिक्षाविदों ने स्नातक छात्रों से उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाने, नवाचार को अपनाने तथा समाज और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का आह्वान किया। नागालैंड के राज्यपाल नंद किशोर यादव ने कीट की यात्रा को "दृष्टि, दृढ़ता और संकल्प" की मिसाल बताया। उन्होंने संस्थापक डॉ. अच्युत सामंत, विश्वविद्यालय के नेतृत्व, शिक्षकों और कर्मचारियों के उच्च शिक्षा एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान की सराहना की। नीति आयोग के उपाध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार लाहिड़ी ने कहा कि भारत का भविष्य तकनीक और आधुनिकीकरण से निर्धारित होगा। उन्होंने तकनीकी प्रगति के साथ देश की परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखने पर जोर दिया। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के सदस्य कांग्रेस सदस्य माइकल बॉमगार्टनर ने कहा कि शैक्षणिक संस्थान विश्व में शांति और स्थिरता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मोंटाना राज्य विश्वविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. ब्रॉक टेसमैन ने भी छात्रों को संबोधित किया।

उत्कृष्ट छात्रों को स्वर्ण एवं रजत पदक मिले



दीक्षांत समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को संस्थापक स्वर्ण पदक, कुलाधिपति स्वर्ण पदक, पीके बाल स्मृति स्वर्ण पदक, पारादीप फॉस्फेट्स लिमिटेड स्वर्ण पदक, ननीबाला स्मृति स्वर्ण पदक, कृष्ण चंद्र पंडा स्मृति स्वर्ण पदक और डॉ. वार्टी परमहंस स्मृति स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। इसके अलावा कुलपति रजत पदक, डॉ. नितीश कांत रजत पदक और श्रीमती मंजू रथ रजत पदक भी दिए गए। डिग्री प्राप्त छात्रों ने अपने ज्ञान और कौशल का उपयोग समाज एवं राष्ट्र के विकास में करने का संकल्प लिया।

खेत की मिट्टी की सेहत जांचने के लिए हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड की बड़ी पहल

एचयूआरएल ने अपनाई पतंजलि की 'धरती का डॉक्टर' तकनीक

हरिद्वार। किसानों को उर्वरकों के संतुलित इस्तेमाल के प्रति जागरूक करने और खेती की लागत कम करने की दिशा में हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (एचयूआरएल) ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। कंपनी ने पतंजलि समूह की 'भरुआ एग्री साइंस' की ओर विकसित स्वचालित मृदा परीक्षण मशीन 'धरती का डॉक्टर' को अपनाते हुए उत्तर प्रदेश और बिहार में मृदा परीक्षण सुविधाएं लैब स्थापित की हैं। इस तकनीकी अभियान के तहत एचयूआरएल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृह जनपद और पूर्वांचल के प्रमुख केंद्र गोरखपुर जनपद में पहली मृदा परीक्षण लैब स्थापित की है, जो इस क्षेत्र के किसानों के लिए एक बड़ी सौगात है। एचयूआरएल ने उत्तरप्रदेश और बिहार के जनपदों के लिए पतंजलि समूह से ऐसी 9 मशीनें खरीद कर स्थापति की हैं, जिनके माध्यम से किसान अपने खेतों की मिट्टी की निशुल्क जांच करा सकेंगे। एचयूआरएल की यह पहल इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि उर्वरकों की उपलब्धता के साथ-साथ उनका सही मात्रा में इस्तेमाल भी खेती की उत्पादकता और किसानों की आर्थिक स्थिति से जुड़ा है। किसान अक्सर अनुमान या परंपरागत तरीके से खेतों में यूरिया, डीएपी और दूसरे उर्वरकों का इस्तेमाल करते हैं। जबकि हर खेत की मिट्टी में पोषक तत्वों की स्थिति अलग होती है। एचयूआरएल के प्रबंध निदेशक एसपी मोहंती ने उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के क्षेत्र गोरखपुर जनपद और पूर्वांचल के कई जिलों सहित मेरठ और बिहार के बक्सर जनपद के कई शहरों सहित अन्य जिलों में करीब नौ 'धरती का डाक्टर' मृदा परीक्षण लैब की स्थापना की।

12मानकों पर मिट्टी की जांच करती है 'धरती

एचयूआरएल की मृदा परीक्षण पहल में इस्तेमाल की जा रही 'धरती का डॉक्टर' मशीन की एक प्रमुख विशेषता इसकी स्वचालित परीक्षण व्यवस्था है। 'भरुआ एग्री साइंस' के अनुसार, मशीन मिट्टी के 12प्रमुख मानकों की जांच करती है। इनमें पीएच, विद्युत चालकता (ईसी), जैविक कार्बन, नाइट्रोजन, फॉस्फोरस, पोटैशियम, सल्फर, जिंक, आयरन, कॉपर, मैंगनीज और बोरॉन शामिल हैं। इन मानकों से मिट्टी की अम्लीय या क्षारीय प्रकृति, लवणों की स्थिति, जैविक कार्बन और प्रमुख एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों के स्तर को समझने में मदद मिलती है। मशीन से प्राप्त परिणामों के आधार पर मिट्टी की स्थिति का आकलन किया जा सकता है और उसके अनुरूप उर्वरक प्रबंधन की सलाह दी जा सकती है।

दिल्ली में सोना-चांदी की कीमतें स्थिर

नई दिल्ली (भाषा)। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोने और चांदी की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ, क्योंकि घरेलू मांग कम होने से सर्राफा की कीमतें एक सीमित दायरे में बनी रहीं। स्थानीय कारोबारियों के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत सभी कर मिलाकर 1,49,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर स्थिर रही, जबकि चांदी की कीमत 2,27,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर बनी रही। व्यापारियों ने कहा कि घरेलू कीमतें एक सीमित दायरे में रहीं, आभूषण एवं खुदरा विक्रेताओं की कमजोर मांग के कारण कीमती धातुओं की कीमतों में कोई खास हलचल नहीं दिखी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज) सौमिल गांधी ने कहा, ''विदेशी बाजारों में मजबूती के रुख को देखते हुए घरेलू बाजार में सोने की कीमतें स्थिर रहीं।''

रुपया 10 पैसे टूटकर 96.35 प्रति डॉलर पर

मुंबई। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और विदेशी पूंजी की लगातार निकासी के कारण अमेरिकी मुद्रा सोमवार को 10 पैसे की गिरावट के साथ 96.35 प्रति डॉलर पर बंद हुई। कारोबार के दौरान भारतीय मुद्रा डॉलर के मुकाबले 96 के अहम स्तर के आसपास सीमित दायरे में रही। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि जोखिम लेने की बढ़ती धारणा ने रुपये को सहारा दिया। हालांकि, कारोबारी अब विदेशी पूंजी प्रवाह और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की आगामी मौद्रिक समीक्षा बैठक पर नजर रख रहे हैं। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 96.20 प्रति डॉलर पर खुला और कारोबार के दौरान फिसलकर 96.35 के निचले स्तर तक आ गया।

ज्योतिष

कहते नहीं करके दिखाते है
सभी समस्याओं का समाधान
जैसा चाहोगे करके दूंगा
कारोबार, प्यार में परेशानी, दुश्मन से छुटकारा, गृहक्लेश, पति-पत्नी के झगड़े, लव मैरिज, प्रोपटी, कोर्ट केस, किया कराया, जादू टोना, मनचाही इच्छा
A to Z समस्या का समाधान
स्पेशलिस्टः मनचाहा प्यार, प्रेम-विवाह
पंडित पी. के. शास्त्री
हमारे किये हुए काम को कोई ज्योतिष, पंडित या मौलवी काट दे तो उसे मुंह मांगा ईनाम।
काम ना होने पर पैसे वापस
+91 99974 92579

1,499 के 'जियोभारत 4जी ' फोन पर मिलेगा 6 महीने का रिचार्ज फ्री

मुंबई। जियो ने अपने 10वें एनिवर्सरी ऑफर में जियोभारत 4जी फोन 1,499 रुपये में देने के साथ 6 महीने का रिचार्ज फ्री कर दिया है। इस दौरान ग्राहकों को हर महीने 14जीबी डेटा और अनलिमिटेड एचडी वॉयस कॉलिंग मिलेगी। यानी फोन खरीदने के साथ ही अगले छह महीने के रिचार्ज की चिंता खत्म। अब अलग से रिचार्ज पर पैसा खर्च नहीं करना होगा। कंपनी ने इस ऑफर को खास तौर पर अभी भी 2जी फीचर फोन इस्तेमाल कर रहे ग्राहकों को ध्यान में रखकर पेश किया है। जियो के मुताबिक ऐसे ग्राहक आम तौर पर करीब 199 रुपये महीना रिचार्ज पर खर्च करते हैं। छह महीने में यह रकम करीब 1,200 रुपये बैठती है। ऐसे में 1,499 रुपये में फोन और छह महीने का रिचार्ज दोनों मिलने से 2जी से 4जी पर शिफ्ट होने का अतिरिक्त खर्च दरअसल मात्र 299 रुपये रह जाता है। हालांकि ग्राहक को फोन खरीदते वक्त पूरे 1,499 रुपये की कीमत चुकानी होगी। 2जी से 4जी पर आने के साथ ग्राहक को अल्ट्रा फास्ट इंटरनेट तो मिलेगा ही, साथ ही जियोभारत में जियोटीवी के 500 से ज्यादा टीवी चैनल, जियोहॉटस्टार पर क्रिकेट, फिल्में और मनोरंजन, म्यूजिक और जियोपे के जरिए यूपीआई (यूपीआई) पेमेंट जैसी सुविधाएं भी मिलेंगी।

हर महीने 14जीबी डेटा और अनलिमिटेड एचडी कॉलिंग भी मिलेगी

शेयर बाजार में गिरावट का दौर थमा, सेंसेक्स 473 अंक चढ़ा

मुंबई (एजेंसी)। स्थानीय शेयर बाजार के मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी सोमवार को बढ़त के साथ बंद हुए। अमेरिका में रोजगार के आंकड़े उम्मीद से कमजोर रहने से अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व द्वारा आक्रामक मौद्रिक रुख अपनाए जाने की आशंका कम हुई है, जिससे उभरते बाजारों में जोखिम लेने की धारणा को समर्थन मिला। बीएसई का 30 शेयर वाला सेंसेक्स 472.77 अंक चढ़कर 72,382.47 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह एक समय 722.23 अंक तक बढ़कर 72,631.93 अंक पर पहुंच गया था। निफ्टी 133.80 अंक यानी 0.60 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,555.75 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में से आईटीसी, इटर्नल, भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस, अदाणी पोर्ट्स, आईसीआईसीआई बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और लार्सन एंड टुब्रो के शेयर लाभ में रहे। वहीं, एचसीएल टेक, एचडीएफसी बैंक,सन फार्मा, इन्फोसिस और एशियन पेंट्स के शेयर नीचे आए। बीएसई स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.52 प्रतिशत चढ़ा।

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मोहित पुत्र रविन्द्र कुमार निवासी मकान नं. डी–470, जेजे कॉलोनी शकुरपुर दिल्ली ने प्रथम सूचना रिर्पोट संख्या 1322/21 धारा 25/54/59 आर्म एक्ट के तहत** थानाः रानी बाग, नई दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उन पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मोहित** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मोहित** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिर्पोट संख्या 1322/21 धारा 25/54/59 आर्म एक्ट के तहत** थानाः रानी बाग, नई दिल्ली **के उक्त मोहित** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.11.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
अनुराधा जिंदल
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी
नार्थ वेस्ट, कमरा नं. 101
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/13579/OD/2026

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **कुणाल पुत्रः श्री महेश कुमार पताः मकान नंबर– 07, हरिजन मोहल्ला, मलिकपुर कोही, रंगपुरी, दिल्ली FIR No. 124/2025 U/s 305/331(3)/317(2) BNS थानाः राजिंदर नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया हैकि उक्त अभियुक्त **कुणाल** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गए है कि उक्त अभियुक्त **कुणाल** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 124/2025 U/s 305/331(3)/317(2) BNS थानाः राजिंदर नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **कुणाल** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **13.01.2027** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री प्रीति
जेएमएफसी–03, कमरा नंबर 150
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/13846/CD/2026
(Court Matter)

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **अमित पुत्रः राजेंद्र पताः मकान नम्बर ए–40/1 बड़ा चौक मंडावली, दिल्ली FIR No. 59/2017 U/S 392/34 IPC थानाः मंडावली, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया हैकि उक्त अभियुक्त **अमित** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गए है कि उक्त अभियुक्त **अमित** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 59/2017 U/S 392/34 IPC थानाः मंडावली, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अमित** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.11.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री सचिन
जेएमएफसी–03, कमरा नंबर–16
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/ 13776/ED/2026
(Court Matter)

महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक

(हरियाणा अधिनियम सं. XXV ऑफ 1975 के तहत स्थापित)
एनएएसी द्वारा प्रमाणित 'ए+' ग्रेड विश्वविद्यालय

प्रवेश सूचना (विज्ञा. सं. पीआर-10 ऑफ 2026)

विश्वविद्यालय शैक्षणिक सत्र 2026–27 हेतु विश्वविद्यालय अध्यापन विभागों और सम्बद्ध महाविद्यालयों / संस्थानों द्वारा पेश किए जा रहे पीएच.डी. प्रोग्राम में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

प्रवेश का कार्यक्रम, सीटों की संख्या, मेरिट लिस्ट की तैयारी, शुल्क संरचना, प्रवेश प्रक्रिया इत्यादि निहित विवरणिका विश्वविद्यालय वेबसाइट अर्थात www.mdu.ac.in पर उपलब्ध हैं।

अद्यतन/परिवर्तन, यदि कोई हो, विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अधिसूचित किये जाएंगे।

संवाद–1235/11/184/2027/49929/सी/88/7 दि. 05.10.26 रजिस्ट्रार

कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मंडल, बिलासपुर

-:: ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना ::-

Portal: http://eproc.cgstate.gov.in

छत्तीसगढ़ शासन, लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर में निम्नलिखित कार्य नवीन ई-पंजीयन में पंजीकृत ठेकेदार हेतु 12.10.2026 तक निविदा आमंत्रित की जाती है:-

क्र.	नि.आ.सू.क्र./दिनांक	कार्य का नाम	लागत (लाख मे)
1	347	मुंगेली उपसंभाग अंतर्गत मुंगेली सेक्शन के विभिन्न मार्गों में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेच रिपेयर कार्य। द्वितीय आमंत्रण। संभाग मुंगेली। मद संख्या-24-3054-0134	109.47
2	348	मुंगेली उपसंभाग अंतर्गत फास्टरपुर सेक्शन के विभिन्न मार्गों में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेच रिपेयर कार्य। द्वितीय आमंत्रण। संभाग मुंगेली। मद संख्या-24-3054-0134	106.44
3	349	लोरमी उपसंभाग अंतर्गत विभिन्न मार्गों में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेच रिपेयर कार्य। द्वितीय आमंत्रण। संभाग मुंगेली। मद संख्या - 24-3054-0134	68.48
4	350	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग कोरबा अंतर्गत विभिन्न मार्गों में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेच रिपेयर कार्य। द्वितीय आमंत्रण। संभाग कोरबा। मद संख्या - 24-3054-0134	105.20
5	351	उपसंभाग सारंगढ़ के बरमकेला सेक्शन के अंतर्गत बी.टी. पेच मरम्मत का कार्य। द्वितीय आमंत्रण। संभाग सारंगढ़। मद संख्या – 24-3054-0134	79.98
6	352	उपसंभाग सारंगढ़ के सारंगढ़ सेक्शन के अंतर्गत बी.टी. पेच मरम्मत का कार्य। द्वितीय आमंत्रण। संभाग सारंगढ़। मद संख्या - 24-3054-0134	59.93
7	353	उपसंभाग सारंगढ़ के सरिया सेक्शन के अंतर्गत बी.टी. पेच मरम्मत का कार्य। द्वितीय आमंत्रण। संभाग सारंगढ़। मद संख्या - 24-3054-0134	39.13
8	354	Srengthning and Renewal work of janjgir Bypass (ODR) Road From Km. 1/2 to 2/4 (100M) = 1.30 Km पंचम आमंत्रण। संभाग चांपा। मद संख्या-8443 Deposit Work	77.26
9	355	धरमजयगढ़ उपसंभाग के अंतर्गत राज्य मार्ग, जिला मार्ग एवं ग्रामीण विभिन्न मार्गों में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेच मरम्मत कार्य। षष्टम आमंत्रण। रायगढ़ संभाग रायगढ़। मद संख्या – 24-3054-7983	24.86
10	356	रायगढ़ उपसंभाग के अंतर्गत राज्य मार्ग, जिला मार्ग एवं ग्रामीण विभिन्न मार्गों में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेच मरम्मत कार्य। षष्टम आमंत्रण। रायगढ़ संभाग रायगढ़। मद संख्या – 24-3054-0134	50.00
11	357	खरशिया उपसंभाग के अंतर्गत राज्य मार्ग, जिला मार्ग एवं ग्रामीण विभिन्न मार्गों में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेच मरम्मत कार्य। षष्टम आमंत्रण। रायगढ़ संभाग रायगढ़। मद संख्या – 24-3054-7983	24.94

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते हैं।

अधीक्षण अभियंता
लो.नि.वि.,बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर

G-262703739/5

राशिफल

मेष शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। आय वृद्धि के साधन विकसित होंगे।

वृष व्यर्थ के क्रोध से बचें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

मिथुन अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

कर्क आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। खानपान के प्रति सचेत रहें। मन में निराशा एवं असंतोष के भाव रहेंगे।

सिंह शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

कन्या क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। व्यर्थ के वविादों से बचने का प्रयास करें।

तुला पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

वृश्चिक घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

धनु पिता का साथ रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

मकर परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन सम्भव है। लंबे समय से रुके हुए काम बनने की उम्मीद है।

कुंभ परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। वाहन के रख-रखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। शिक्षा में सुधार होगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी।

मीन वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में अशांति रहेगी।

बेंगलुरू के कांतीरवा स्टेडियम में हुआ अखिल भारतीय एलआईसी खेल 2026-27 का उद्घाटन

नई दिल्ली। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबन्ध निदेशक, आर. दुरैस्वामि, ने आज बेंगलुरू स्थित कांतीरवा स्टेडियम में अखिल भारतीय एलआईसी खेल 2026-27 का उद्घाटन किया। अखिल भारतीय एलआईसी खेल भारतीय जीवन बीमा निगम का वार्षिक खेलकूदों का आयोजन है, जो चार दिनों की अवधि के लिए आयोजित किया जा रहा है। इन खेल प्रतियोगिताओं में छः खेल विधाएं सम्मिलित हैं, जिनमें कैरम, शतरंज, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, वॉलीबॉल तथा एथलेटिक्स का समावेश है। उद्घाटन समारोह में सुश्री एस. गिरिजा, कार्यकारी निदेशक (मानव संसाधन विकास एवं प्रशिक्षण), श्री प्रदीप पी. शेणै, कार्यकारी निदेशक (निगमित संप्रेषण), सुश्री लता माडमपत्त, कार्यकारी निदेशक (कार्मिक), श्री सरवना रमेश एस., क्षेत्रीय प्रबन्धक, दक्षिण-मध्य क्षेत्र तथा श्री आर. के. यादव, वरिष्ठ मण्डल प्रबन्धक, बेंगलुरू मण्डल उपस्थित थे। प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे खिलाडियों को संबोधित करते हुए भारतीय जीवन बीमा निगम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबन्ध निदेशक आर. दुरैस्वामि ने कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा तक सीमित नहीं होते, बल्कि चरित्र-निर्माण में भी महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। उन्होंने प्रतिभागियों से आवाहन किया कि वे उत्साह एवं खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लें तथा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहें।



शब्द पहेली - 6369



बाएँ से दाए
1. अत्यावश्यक-6
5. कारागार, जेल-4
8. पानी, नीर-2
9. मीन, मत्स्य-3
10. लक्ष्मी, कमला-2
11. कलाकार, फनकार-4
12. मर्द, मादा का विलोम-2
14. हसरत, मुराद-4
15. कैद में, अवरुद्ध, रुका-2
17. भूमि, धरती-3
19. मतवासा, मदहोश-4
21. फिल्मी दुनिया-3,3
24. दुर्भाग्यशाली-5
27. ठोकर लगना, भिड़ना-4
29. दौंडी पीटना-3
31. सांप, सर्प-2
32. दाल-4
33. हूर, अप्सरा-2
35. गाड़ी चलाने वाला-4
36. पिता का छोटा भाई-2
38. पुत्र, बेटा-3
39. टौंटी, नलका-2
40. ललचाना, तड़फाना-4
41. टाऊन हाल, नागरिक भवन-2,4

ऊपर से नीचे
1. ईश्वर, अनश्वर-3,3
2. तेलहन-2
3. सुखद वस्तु, वर देना-4
4. करधनी, कमर पेटी-5
5. गलीचा-3
6. दिन-2
7. समस्या का हल-4
11. धरोहर, थाती-4
13. मिट्टी, धूल-2
16. चमकना-4
18. वायुसेना का एक विमान-3
19. इतराना-4
20. परत-2
22. जाप करना-3
23. किवाड़, द्वार-2
25. उदाहरणतः-4
26. परवरिश-3,3
28. राग छेड़ना-5
29. भेंट, मेल-मिलाप-4
30. दिया, दीपक-2
32. औषधालय, दवाखाना-4
34. खाली होना-3
37. छोटी सवारी गाड़ी-2
39. नया, नवीन-2

शब्द पहेली - 6368 का हल

	बि	रा	द	री		ज	य	मा	ला	
बि	ल		श		का	य	म		श	व
रा		म	ह	क	ना		ज	रा		र्त
द	र	द	रा			सा		ग	रि	मा
र		हो		व	सु	ध	र		या	न
	कु	श	ल		दा		जा	य	ज	
मि	लं		क	र	मा	त		म		अ
ला	न	त		त			प	रा	धी	न
व		ल	ता		अ	च	र	ज		ब
ट	ब		लं	न	ता		तं		मी	न
	स	ला	म	त		मि	त्र	व	त	





चाइना ओपन : स्वियातेक ने बनाई राउंड ऑफ 16 में जगह

रोमांचक मुकाबले में डोना वेकिक को हराया

एजेंसी ▶▶| बीजिंग

छह बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन इगा स्वियातेक ने सोमवार को चाइना ओपन के राउंड-ऑफ-32 में 30वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी डोना वेकिक को हराया। उन्होंने एक सेट और दो ब्रेक से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी की। इगा स्वियातेक ने शानदार वापसी करते हुए राउंड-ऑफ-16 में जगह बनाई।

पोलैंड की स्टार खिलाड़ी पहला सेट 4-6 से हार गई थीं और दूसरे सेट में 2-5 से पीछे चल रही थीं। ऐसा लग रहा था कि वह मैच हार जाएंगी, लेकिन उन्होंने जबरदस्त संघर्ष दिखाया। स्वियातेक ने दूसरे सेट का टाईब्रेकर 7-0 से जीता और फिर निर्णायक सेट में 6-2 से जीत हासिल कर मैच को 4-6, 7-6 (0), 6-2 से अपने नाम कर लिया।

जापान ओपन : दूसरी बार फाइनल में पहुंचे अल्काराज



टोकियो। वर्ल्ड नंबर 3 कार्लोस अल्काराज ने जापान ओपन के सेमीफाइनल में हमवतन खिलाड़ी जाउमे मुनार को 5-7, 6-3, 6-1 से मात दी। अल्काराज अपनी सर्विस गंवाने के कारण पहला सेट हार गए थे। उन्होंने कुछ 'ब्रेक' के साथ वापसी करते हुए दूसरा सेट 6-3 से जीता और फिर फाइनल सेट में शानदार खेल दिखाते हुए 6-1 से जीत दर्ज की।



इस साल कोर्ट पर नजर नहीं आएंगी पोटापोवा

बीजिंग। दुनिया की 25वें नंबर की खिलाड़ी अनास्तासिया पोटापोवा ने अपने 2026 सीजन को समय से पहले ही खत्म कर दिया है। उन्होंने चोटों से जूझने और करियर की सबसे अच्छी रैंकिंग हासिल करने के मिले-जुले साल के बाद ठीक होने पर ध्यान देने का फैसला किया है।

आज से भारत-वेस्टइंडीज पहला टी-20

प्लेइंग इलेवन में जगह पाने संजू और वैभव आमने-सामने

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

भारतीय टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ मंगलवार को होने वाले पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में आत्मविश्वास के साथ उतरेगी, जिसमें मुख्य कोच गौतम गंभीर के लिए सबसे बड़ी दुविधा संजू सैमसन और युवा खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी में से किसी एक का चयन करने को लेकर होगी। एशियाई खेलों में वीवीएस लक्ष्मण कोच थे और उन्होंने सैमसन और सूर्यवंशी दोनों को अंतिम एकादश में रखा था लेकिन अब गंभीर कोच है और ऐसे में रणनीतिक बदलाव होना तय है, भले ही दोनों कोच आठवें नंबर तक बल्लेबाजी रखने में विश्वास रखते हैं। लेकिन अगर गंभीर की रणनीति को करीबी नजर से देखें तो वह सैमसन और सूर्यवंशी दोनों को एक साथ अंतिम एकादश में नहीं रखेंगे।

रेड्डी का बैकअप मौजूद

अभिषेक शर्मा सलामी बल्लेबाज के रूप पसंद बने हुए हैं। निशिन सिटी के कोरोगी स्पोर्ट्स पार्क में खराब पिचों पर लक्ष्मण ने इन तीनों बल्लेबाजों को टीम में रखा। सूर्यवंशी और विश्व के नंबर एक टी20 बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने पारी की शुरुआत की, जबकि सैमसन तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए। यह फैसला पिच की स्थिति को ध्यान में रखते हुए लिया गया था। लेकिन लखनऊ के एकाना स्टेडियम की पिच पर गंभीर एक बार फिर सैमसन को सलामी बल्लेबाज के रूप में वापस लाने के बारे में सोच सकते हैं, क्योंकि निचले क्रम में ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी का बैकअप मौजूद है।





नंबर तीन पर सहज नहीं दिखे सैमसन

सैमसन नंबर तीन पर सहज नहीं दिखे। उन्होंने सलामी बल्लेबाज के रूप में अफगानिस्तान के खिलाफ पिछली घरेलू टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में दो अर्धशतक बनाए थे। मध्य क्रम में पहले से ही कप्तान श्रेयस अय्यर, ईशान किशन, उप कप्तान तिलक वर्मा, ऑलराउंडर शिवम दुबे और रेड्डी के साथ-साथ अक्षर पटेल भी मौजूद हैं। ऐसे में सूर्यवंशी और सैमसन दोनों को अंतिम एकादश में रखने की संभावना बहुत कम है।

तेज गेंदबाजी आक्रमण सिरदर्द

कोच गंभीर के लिए एक और सिरदर्द तेज गेंदबाजी आक्रमण होगा, जिसमें अनुभवी अर्शदीप सिंह के साथ-साथ अपेक्षाकृत अनुभवहीन मयंक यादव (छह टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच) और प्रिंस यादव (तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच) शामिल हैं। स्पिन गेंदबाजी विभाग की जिम्मेदारी अक्षर पटेल और कुलदीप यादव संभालेंगे। अगर गंभीर बल्लेबाजी को मजबूत करना चाहते हैं, तो नमन धीर को प्रिंस या मयंक की जगह लिया जा सकता है। यह भी देखना बाकी है कि अय्यर स्पिनर के रूप में अभिषेक का इस्तेमाल करते हैं नहीं। इस बाएं हाथ के स्पिनर ने एशियाई खेलों में कुछ विकेट लेकर अपने गेंदबाजी कौशल का प्रदर्शन किया था।

मैच का समय : शाम 7:00 बजे

खबर संक्षेप



बधिर प्रीमियर लीग: कोलकाता वॉरियर्स ने जीता खिताब

तिरुपति। कोलकाता वॉरियर्स ने चार दिनों तक चले रोमांचक क्रिकेट मुकाबलों के बाद फाइनल में बैंगलोर बादशाह को हराकर बधिर इंडियन प्रीमियर लीग का खिताब अपने नाम कर लिया। प्रतियोगिता में देशभर की आठ टीमों ने हिस्सा लिया। चैंपियनशिप का आयोजन एक से चार अक्टूबर तक किया गया। भारतीय बधिर क्रिकेट संघ (आईडीसीए) के अध्यक्ष सुमित जैन ने चैंपियनशिप के सफल आयोजन में योगदान देने वाले खिलाड़ियों, अधिकारियों, साझेदारों और सभी संबंधित पक्षों के प्रति आभार व्यक्त किया। बैंगलोर बादशाह के अमन चौकसे को लीग का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के अलावा इसका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज भी चुना गया।

विश्व एथलेटिक्स में शामिल अहमदाबाद मैराथन



अहमदाबाद। अडाणी अहमदाबाद मैराथन को 29 नवंबर को होने वाले इसके 10वें संस्करण से पहले विश्व एथलेटिक्स वैश्विक कैलेंडर में शामिल कर लिया गया है और अब इस दौड़ में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को विश्व एथलेटिक्स रैंकिंग के लिए अंक मिलेंगे। अहमदाबाद मैराथन के लिए यह बड़ी उपलब्धि है, जिसकी शुरुआत कुछ हजार प्रतिभागियों के साथ हुई थी जबकि पिछले साल इसमें 24000 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। इस मान्यता से अहमदाबाद अंतरराष्ट्रीय रोड-रेसिंग कैलेंडर में शामिल हो गया है। अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप मैराथन का आयोजन करने से इस प्रतियोगिता को यह मान्यता मिली। यह मान्यता इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि अहमदाबाद 2030 में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी करेगा और वह 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी की दौड़ में भी शामिल है।

आज से ऑस्ट्रेलिया 'ए' के खिलाफ वनडे सीरीज

एजेंसी ▶▶| पुडुचेरी

युवा तेज गेंदबाज गुरजपनीत सिंह, अरशद खान और यश ठाकुर के लिए ऑस्ट्रेलिया 'ए' के खिलाफ मंगलवार से शुरू हो रही 3 मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला खुद को साबित करने का बड़ा मौका देगी क्योंकि ये गेंदबाज राष्ट्रीय टीम में तेज गेंदबाजी विभाग में मौजूदा संसाधनों की कमी के बीच अपनी दावेदारी पेश करना चाहेंगे। दिग्गज हरफनमौला हार्दिक पंड्या की वापसी को लेकर इस श्रृंखला की काफी उत्सुकता थी लेकिन दाहिनी पिंडली की चोट के कारण वह अनिश्चितकाल के लिए बाहर हो गए हैं।

तेज गेंदबाजी में विकल्प सीमित

तेज गेंदबाजी करने वाले हरफनमौला खिलाड़ियों की बात करें तो भारतीय क्रिकेट में फिलहाल विकल्प सीमित हैं। पंड्या के अलावा नीतिश कुमार रेड्डी और सूर्यांश शेडगे प्रमुख विकल्पों में शामिल हैं। 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' में अपना रिहैब (चोट से उबरना) पूरा करने वाले शेडगे को पांड्या की जगह भारत 'ए' टीम में शामिल किया गया है। नमन धीर के वेस्टइंडीज श्रृंखला के लिए भारत की टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम से जुड़ने के बाद लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे अनुकूल रॉय को 'ए' टीम में शामिल किया गया है।



प्रसिद्ध के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी

प्रसिद्ध कृष्णा के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी रही है, मोहम्मद सिराज फॉर्म से जूझ रहे हैं और हर्षित राणा लगातार चोटों से परेशान रहे हैं। ऐसे में गुरजपनीत, अरशद और यश की तेज गेंदबाजी तिकड़ी इस श्रृंखला में दमदार प्रदर्शन कर राष्ट्रीय चयन समिति का ध्यान आकर्षित करना चाहेगी। न्यूजीलैंड दौरे के वनडे चरण से पहले यह उनके लिए अपनी दावेदारी मजबूत करने का महत्वपूर्ण अवसर हो सकता है। जसप्रीत बुमराह को छोड़ दें तो न्यूजीलैंड दौरे के लिए भारतीय तेज गेंदबाजी आक्रमण में किसी अन्य खिलाड़ी की जगह अभी पक्की नहीं मानी जा सकती।

धीमी ओवर गति के लिए भारत और वेस्टइंडीज पर जुर्माना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने न्यू चंडीगढ़ में तीसरे वनडे के दौरान धीमी ओवर गति के लिए भारत और वेस्टइंडीज पर जुर्माना लगाया। भारत पर जहां मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया, वहीं वेस्टइंडीज पर 10 प्रतिशत जुर्माना लगा, जिसमें दोनों टीम को निर्धारित ओवर गति से क्रमशः चार और दो ओवर कम पाया गया। मैच रेफरी प्रकाश भट्ट ने मैच के बाद यह जुर्माना लगाया।

दोनों कप्तानों ने किया अपराध स्वीकार

आईसीसी ने कहा, 'दोनों कप्तानों ने अपराध स्वीकार कर लिए और प्रस्तावित जुर्माने को स्वीकार कर लिया है जिससे औपचारिक सुनवाई की कोई जरूरत नहीं थी।' ये आरोप मैदानी अंपायर जयरामन मदनगोपाल और सैम नोगाज्स्की, तीसरे अंपायर शरफुद्दौला इब्ने शाहिद और चौथे अंपायर वीरेंद्र शर्मा ने लगाए थे। वेस्टइंडीज अंतिम वनडे में पहले ही तीन मैच की सीरीज गंवा चुका था, लेकिन उसने भारत दौरे के वनडे चरण का समापन शानदार अंदाज में किया। शाई होप के नाबाद 162 रन की मदद से वेस्टइंडीज ने पुरुष वनडे में अपने सबसे बड़े 352 रन के लक्ष्य को हासिल किया।



हांगकांग सिक्स

सात सदस्यीय टीम घोषित भुवनेश्वर संभालेंगे कमान



एजेंसी ▶▶| हांगकांग

हांगकांग सिक्स 2026 के लिए भारतीय टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के स्टार खिलाड़ियों के साथ उतरेगी। इसमें सात प्रमुख भारतीय क्रिकेटर 30 अक्टूबर से 1 नवंबर तक खेले जाने वाले तेजतर्रार 'सिक्स-ए-साइड' (छह खिलाड़ियों वाले) फॉर्मेट में हिस्सा लेंगे।

टिन क्वांग रोड रिक्रिएशन ग्राउंड पर खेले जाने वाली इस लीग में भारतीय टीम की कमान अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार संभालेंगे। उनके साथ आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी क्रुणाल पांड्या, शशांक सिंह, राहुल तेवतिया, नितिश राणा, राहुल त्रिपाठी और टी. नटराजन भी होंगे। भुवनेश्वर के पास अंतरराष्ट्रीय और आईपीएल का कई वर्षों का अनुभव है और वे नई गेंद से असरदार प्रदर्शन करने की क्षमता रखते हैं, जबकि क्रुणाल एक बेहतरीन ऑलराउंडर के तौर पर टीम को विविधता देते हैं। नितिश आक्रामक बल्लेबाजी और टॉप ऑर्डर में खेलने का अनुभव लाते हैं।

वहीं, शशांक और तेवतिया मैच फिनिश करने की अपनी काबिलियत दिखाते हैं। त्रिपाठी आक्रामक इरादे के साथ खेलते हैं और नटराजन बाएं हाथ के तेज गेंदबाज के तौर पर एक खास विकल्प देते हैं।

टीम इंडिया फिर से करेगी वापसी

टीम इंडिया हांगकांग सिक्स में फिर से वापसी करेगी और टूर्नामेंट में आगे तक जाने की कोशिश करेगी। 2025 में उन्होंने पाकिस्तान के विरुद्ध डकवर्थ-लुईस नियम से दो रन की जीत के साथ शुरुआत की थी, लेकिन बाद के मैचों में हार के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे। इस बार चुनौती कड़ी होगी। पाकिस्तान 2026 के टूर्नामेंट में मौजूदा चैंपियन के तौर पर उतरेगा। उन्होंने पिछले साल के फाइनल में कुवैत को शिकस्त देकर रिकॉर्ड छठी बार हांगकांग सिक्स का खिताब अपने नाम किया था। 2026 के टूर्नामेंट में आठ प्रमुख क्रिकेट खेलने वाले देशों के साथ-साथ चार एसोसिएट सदस्य भी हिस्सा लेंगे।

भारत के खिलाफ सीरीज खेलेंगे आमिर जांगू



लखनऊ। वेस्टइंडीज ने भारत के खिलाफ 5 मैचों की टी20 सीरीज के लिए शीर्ष क्रम के बल्लेबाज आमिर जांगू को चोटिल ज्वेल एंड्रयू के विकल्प के रूप में टीम में शामिल किया है। टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज का पहला मैच मंगलवार को लखनऊ में खेला जाएगा। मुल्लांपुर में शनिवार को खेले गए तीसरे वनडे के दौरान नमन धीर का कैच लेने के प्रयास में एंड्रयू की उंगली में चोट लग गई थी। हालांकि जांच में पता चला कि किसी तरह का फ्रैक्चर नहीं है। यह 19 वर्षीय विकेटकीपर बल्लेबाज वेस्टइंडीज के 352 रन के रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा करने के दौरान बल्लेबाजी करने नहीं उतरा। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने कहा, 'भारत के खिलाफ शनिवार को तीसरे वनडे के दौरान ज्वेल एंड्रयू की उंगली में चोट लगने के बाद उनकी जगह विकल्प के तौर पर आमिर जांगू को टीम में शामिल किया गया है। चिकित्सा दल एंड्रयू की स्थिति पर नजर रख रहा है।

बार्सिलोना ने रियाल मैड्रिड को हराया

एजेंसी ▶▶| बार्सिलोना

क्लाउडिया पिना के चार गोल की मदद से बार्सिलोना ने महिला लालिगा फुटबॉल टूर्नामेंट में रियाल मैड्रिड को 7-0 से करारी शिकस्त दी। इस मैच को देखने के लिए 40,533 दर्शक स्टेडियम पहुंचे थे, जो महिला लालिगा में रिकॉर्ड है।

पिना ने कैम्प नोउ स्टेडियम में खेले गए मैच में अपने सभी गोल हाफ टाइम से पहले किए। उनके अलावा कैरोलिन ग्राहम हैनसेन, ईवा पजोर और सिडनी शेर्टेनलीब ने भी गोल किए, जिससे बार्सिलोना ने अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पर अब तक की सबसे बड़ी जीत हासिल की। इन दोनों क्लबों के बीच अब तक खेले गए 26 मैचों में से बार्सिलोना ने 25 मैच जीते हैं। पिना बार्सिलोना की ऐसी पहली महिला खिलाड़ी हैं जिन्होंने रियाल मैड्रिड के खिलाफ मैच में चार गोल किए।

महिला लालिगा



नेशंस लीग: गोंकालो रामोस ने किया विजयी गोल

पुर्तगाल ने बनाई क्वार्टर फाइनल में जगह, नॉर्वे को हराया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पुर्तगाल ने यूईएफए नेशंस लीग के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। क्रिस्टियानो रोनाल्डो के बिना खेल रही पुर्तगाल टीम ने 79वें मिनट में गोंकालो रामोस के विजयी गोल की मदद से नॉर्वे को 2-1 से हराया। क्रिस्टोफर अजेर ने शानदार हाफ-वॉली के जरिए मेहमान टीम को बढ़त दिलाई, लेकिन दो मिनट बाद ही जोआओ कैंसेलो ने शानदार अंदाज में गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद मेजबान टीम ने बढ़त हासिल कर ली। जोआओ फेलिक्स के शानदार पास पर गोंकालो रामोस ने गोल दागा। दो बार नेशंस लीग का खिताब जीत चुकी पुर्तगाल की टीम ने मैच के अंत तक अपनी बढ़त कायम रखी और ग्रुप ए4 में जीत का सिलसिला जारी रखा। हालांकि, मैच के आखिरी मिनटों में फ्रांसिस्को कॉन्सेकाओ को दूसरा पीला कार्ड मिलने के कारण मैदान छोड़ना पड़ा, लेकिन इससे टीम की जीत पर कोई असर नहीं पड़ा।



डेनमार्क ने वेल्स को हराया

वहीं दूसरी ओर, रासमस होजलुंड और जोशुआ जर्कजी ने अहम भूमिका निभाई और डेनमार्क तथा नीदरलैंड्स ने भी महत्वपूर्ण जीत हासिल की। होजलुंड की सधी हुई पेनल्टी ने डेनमार्क को इस कैंपेन की दूसरी जीत दिलाई और वेल्स के खिलाफ अपनी अजेय बढ़त को पांच मैचों तक बढ़ा दिया। वेल्स ने मैच की शुरुआत अच्छी की और गेंद पर ज्यादा कब्जा रखते हुए ब्रेनन जॉनसन और लुईस कौमास के जरिए कई हमले किए। हालांकि, धीरे-धीरे डेनमार्क ने वापसी की और हाफ-टाइम से पहले गुस्ताव इसाकसेन और ओलिवर प्रोवस्टगार्ड गोल करने के करीब पहुंच गए।

नीदरलैंड्स ने सर्बिया को दी मात

आइंधोवन में नीदरलैंड्स ने सर्बिया को 2-1 से हराया। टीम की जीत में जोशुआ जर्कजी का गोल अहम रहा। इस जीत के साथ जावी हर्नांडिज की कोचिंग में नीदरलैंड्स की टीम अपना अजेय रिकॉर्ड बरकरार रखने में सफल रही। नीदरलैंड्स ने मैच के पहले 30 मिनट में पूरा नियंत्रण बनाए रखा और बढ़त हासिल कर ली। ट्यून कूपमीनर्स की फ्री-किक खिलाड़ियों की भीड़ के बीच से निकलते हुए सीधे गोल में पहुंची। इसके बाद सर्बिया के मिहाजलो श्वेतकोविच ने हेडर से गोल कर मुकाबला बराबरी पर ला दिया। इस गोल के साथ यह सिलसिला जारी रहा कि नीदरलैंड्स ने अब तक अपने हर मैच में गोल किया है, लेकिन हर मैच में गोल भी खाया है। मैच खत्म होने से 19 मिनट पहले जोशुआ जर्कजी ने करीब से शानदार गोल कर नीदरलैंड्स को फिर बढ़त दिला दी। इस जीत के साथ टीम ने ग्रुप में दो जीत और दो ड्रॉ का रिकॉर्ड कायम रखा और अपनी अजेय लय बरकरार रखी है।

ये चार बातें भोजन या जल अर्पण स्मृति-स्थल पर जाना और दान करना एक समान

दुनिया भर में पूर्वजों की यादः भारत के पितृपक्ष से मेक्सिको के 'डे ऑफ द डेड' तक एक जैसी श्रद्धा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

हिंदू धर्म में पितृपक्ष के दौरान पूर्वजों को तर्पण और पिंडदान अर्पित करने की परंपरा सदियों पुरानी है, लेकिन अपने दिवंगत परिजनों को याद करने की यह भावना केवल भारत तक सीमित नहीं है। दुनिया के लगभग हर कोने में अलग-अलग नामों और तरीकों से पूर्वजों के प्रति श्रद्धा जताई जाती है। कर्मकांड भले अलग हों, मूल भाव एक ही है।

पूर्वज परिवार के कल्याण से जुड़े रहते हैं। जानकारों के अनुसार भोजन या जल अर्पण, दीप या धूप जलाना, स्मृति-स्थल पर जाना और दान करना, ये चार बातें लगभग हर परंपरा में समान हैं। यह इस बात का प्रमाण है कि संस्कृतियाँ भले अलग हों, अपने पूर्वजों को सम्मान देने की मानवीय भावना सार्वभौमिक है।


एआई इमेज


भारत में पूजन और ब्राह्मणों को भोजन अनिवार्य

भारत और नेपाल में पितृपक्ष

हिंदू मान्यता के अनुसार भाद्रपद पूर्णिमा से आश्विन अमावस्या (सर्वपितृ अमावस्या) तक के 15-16 दिन पितृपक्ष कहलाते हैं। इस अवधि में जल अर्पण यानी तर्पण, पिंडदान और ब्राह्मण भोजन कराया जाता है। बिहार के गया, वाराणसी, हरिद्वार, उज्जैन और प्रयागराज जैसे तीर्थों में पिंडदान का विशेष महत्व माना जाता है। नेपाल में भी यह परंपरा श्राद्ध या पितृ तर्पण के नाम से निभाई जाती है।

पूर्वी एशिया में दीप, भोजन और नृत्य

चीन, ताइवान और हांगकांग में अप्रैल की शुरुआत में छिंगमिंग पर्व मनाया जाता है, जब लोग कब्रों की सफाई कर भोजन, फूल और धूप चढ़ाते हैं। चंद्र कैलेंडर के सातवें महीने में घोस्ट फेस्टिवल मनाया जाता है, जिसमें पूर्वजों और भटकती आत्माओं के लिए भोजन अर्पित किया जाता है। इसे पितृपक्ष से काफी मिलता-जुलता माना जाता है। वियतनाम में इसे वू लान कहा जाता है। जापान में अगस्त के दौरान ओबोन पर्व मनाया जाता है। मान्यता है कि इस समय पूर्वजों की आत्माएँ घर लौटती हैं। परिवार लालटेन जलाते हैं, कब्रों पर जाते हैं और बोन ओदोरी नृत्य करते हैं। कोरिया में फसल पर्व छुसोक के अवसर पर चारऐ रस्म निभाई जाती है, जिसमें पूर्वजों के लिए विशेष भोजन सजाया जाता है।


एआई इमेज



मेक्सिको में उत्सव जैसा माहौल

मेक्सिको में 1-2 नवंबर को 'दिया दे लॉस मुएर्तोस' मनाया जाता है। घरों में पूर्वजों की तस्वीरों के साथ वेदी सजाई जाती है, जिस पर गेंदे के फूल, उनका पसंदीदा भोजन और मोमबत्तियाँ रखी जाती हैं। यहाँ माहौल शोक से अधिक उत्सव का होता है।

दक्षिण-पूर्व एशिया में दान की परंपरा

थाईलैंड में पूर्वजों के नाम पर भिक्षुओं को भोजन दान किया जाता है। कंबोडिया में पंद्रह दिन चलने वाले 'पचुम बेन' पर्व में लोग मंदिरों में जाकर दान करते हैं, जो पितृपक्ष की अवधि से मेल खाता है।


एआई इमेज

यूरोप, अफ्रीका और अन्य धर्म

कैथोलिक ईसाई परंपरा में 2 नवंबर को 'ऑल सोल्स डे' मनाया जाता है, जब पोलैंड, इटली और फ्रांस जैसे देशों में लोग कब्रिस्तान जाकर मोमबत्तियां जलाते हैं। आयरलैंड और स्कॉटलैंड का प्राचीन सेल्टिक पर्व सैमहेन आज के हैलोवीन का स्रोत माना जाता है। घाना और नाइजीरिया जैसे अफ्रीकी समुदायों में पूर्वजों को पेय अर्पित करने की परंपरा है। इस्लाम में कर्मकांड के बजाय दुआ, कुरान की तिलावत और सदके पर जोर रहता है, और शब-ए-बरात पर लोग कब्रिस्तान जाकर दुआ करते हैं।

खबर संक्षेप

भारतीयःशर्मिला वुमेन्स हॉल ऑफ फेम में

वॉशिंगटन। भारतीय-अमेरिकी समाजसेवी शर्मिला मोना सिन्हा को अमेरिका के 'नेशनल वुमेन्स हॉल ऑफ फेम' में शामिल किया गया है। वह यह सम्मान पाने वाली भारतीय मूल की दूसरी महिला हैं। उनसे पहले पेप्सिको की सीईओ इंद्रा नूयी को यह सम्मान मिला था।



कोलकाता में जन्मी सिन्हा को 24 सितंबर को न्यूयॉर्क के सेनेका फॉल्स स्थित हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया। वह 'इक्वेलिटी नॉऊ' की मुख्य कार्यकारी हैं।

भारतीय रेस्तरां में आग दो नाबालिगों को सजा

लंदन। पूर्वी लंदन के भारतीय रेस्तरां 'इंडियन अरोमा' में आग लगाने के मामले में 17 वर्षीय दो नाबालिगों को 10-10 साल की हिरासत की सजा सुनाई गई है। अगस्त 2025 में दोनों चाकू लेकर गैंट्स हिल स्थित रेस्तरां में घुसे और दरवाजे बंद कर दिए। तीसरे व्यक्ति ने अंदर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। घटना के समय आठ ग्राहक खाना खा रहे थे, जिनमें कई झुलस गए। लंदन की ओल्ड बेली अदालत ने कहा कि आरोपियों को पता था कि उनके कृत्य की मौत हो सकती है।



व्यापार-निवेश से लेकर तकनीक और मोबिलिटी तक सहयोग बढ़ाने पर बनी सहमति

भारत-स्विट्जरलैंडःरिश्तों को मिलेगी नई उड़ान,मोदी-परमेलिन ने बनाई 'रणनीति'

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

टीईपीए की पहली वर्षगांठ पर आर्थिक रिश्तों पर जोर | प्रौद्योगिकी, नवाचार, मोबिलिटी और लोगों के बीच संपर्क समेत कई मुद्दों पर सहमति

व्यापार, निवेश, तकनीक और अन्य क्षेत्रों में द्विपक्षीय चर्चा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को हैदराबाद हाउस में स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति गाइ परमेलिन से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने गर्मजोशी से एक-दूसरे का अभिवादन किया और इसके बाद द्विपक्षीय वार्ता शुरू हुई। बैठक में व्यापार और निवेश, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, नवाचार, मोबिलिटी और लोगों के बीच संपर्क समेत विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग की प्रगति की समीक्षा की गई। दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया।

साथ ही बहुपक्षीय मंचों पर भारत-स्विट्जरलैंड सहयोग को और मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की। परमेलिन की भारत यात्रा ऐसे समय हो रही है, जब भारत और यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के बीच व्यापार एवं आर्थिक साझेदारी समझौते (टीईपीए) के लागू होने का एक साल पूरा होने वाला है। स्विस राष्ट्रपति ने कहा कि यह यात्रा दोनों देशों के आर्थिक संबंधों को आगे बढ़ाने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने भारत-स्विट्जरलैंड संबंधों को साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, विश्वास और आपसी सम्मान पर आधारित बताया।


पीएम मोदी एवं राष्ट्रपति परमेलिन

इससे पहले विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने राष्ट्रपति परमेलिन से मुलाकात की। उन्होंने भारत-ईएफटीए टीईपीए की संभावनाओं को आगे बढ़ाने और दोनों देशों की साझेदारी को गहरा करने की प्रतिबद्धता की सराहना की। जयशंकर ने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री मोदी और परमेलिन की बैठक से व्यापार, निवेश, तकनीक और अन्य क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को और गति मिलेगी।

तीन दिवसीय राजकीय यात्रा पर आए परमेलिन

परमेलिन प्रधानमंत्री मोदी के निमंत्रण पर सोमवार को तीन दिवसीय राजकीय यात्रा पर भारत पहुंचे हैं। राष्ट्रपति बनने के बाद यह उनकी पहली राजकीय भारत यात्रा है। हालांकि, इस वर्ष फरवरी में वे नई दिल्ली में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट में शामिल होने भारत आए थे। उनके साथ वरिष्ठ अधिकारियों और कारोबारी नेताओं का उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आया है। यात्रा का मुख्य फोकस व्यापार, निवेश, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, नवाचार और मोबिलिटी समेत विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाना है।

टीईपीएः भारत में 100 अरब डॉलर निवेश का लक्ष्य

भारत और यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के बीच व्यापार एवं आर्थिक साझेदारी समझौते (टीईपीए) की पहली वर्षगांठ पर भारत-स्विट्जरलैंड आर्थिक रिश्तों को नई दिशा देने की तैयारी है। स्विस परिसंघ के राष्ट्रपति गाइ पार्मेलिन ने समझौते के लागू होने के बाद कंपनियों की बढ़ती दिलचस्पी को उत्साहजनक बताया। उन्होंने उम्मीद जताई कि टीईपीए आने वाले वर्षों में दोनों देशों के बीच व्यापार को तेजी से बढ़ाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत के बाद संयुक्त प्रेस बयान में पार्मेलिन ने कहा कि समझौते को जमीन पर लागू करने की प्रक्रिया अब तक बहुत सकारात्मक रही है। उन्होंने कहा कि टीईपीए दोनों देशों के लिए 'विन-विन' स्थिति पैदा करता है। स्विट्जरलैंड की मजबूत तकनीक, वैश्विक कंपनियां और नवाचार क्षमता को भारत की बड़ी अर्थव्यवस्था, कुशल कार्यबल और बड़े पैमाने पर उत्पादन क्षमता का लाभ मिल सकता है। पार्मेलिन ने कहा कि टीईपीए सिर्फ व्यापार शुल्क में राहत देने वाला समझौता नहीं है, बल्कि टिकाऊ विकास, रोजगार और लंबे समय के निवेश का आधार तैयार करता है। इससे नवाचार और पूंजी प्रवाह को भी बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि टीईपीए निवेश, नवाचार, रोजगार और आपसी समृद्धि का महत्वाकांक्षी खाका है। इसके तहत अगले 15 वर्षों में भारत में 100 अरब डॉलर का निवेश और 10 लाख प्रत्यक्ष नौकरियां हासिल करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि स्विट्जरलैंड में भारतीय उत्पादों के लिए बाजार पहुंच बढ़ाने और निवेश आसान बनाने के किए गए हैं।

भारत-यूएई ने खोले व्यापार और निवेश बढ़ाने के नए रास्ते

ऊर्जा, रक्षा एवं तकनीक और स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग पर चर्चा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने व्यापार, निवेश और कारोबारी साझेदारी को और मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की है। दुबई में भारत के महावाणिज्यदूत डॉ. ई. विष्णु वर्धन रेड्डी ने यूएई के अर्थव्यवस्था एवं पर्यटन मंत्री अब्दुल्ला बिन तौक अल मर्री से मुलाकात की। बैठक में दोनों देशों के बीच बढ़ते आर्थिक संबंधों की समीक्षा की गई और द्विपक्षीय व्यापार, निवेश तथा कारोबारी साझेदारी को नई गति देने के तरीकों पर विचार हुआ। भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर इसकी जानकारी दी। बैठक ऐसे समय हुई है, जब भारत और यूएई के आर्थिक संबंध लगातार मजबूत हो रहे हैं। इससे पहले 22 सितंबर को विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 81वें सत्र के दौरान यूएई के विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान और फ्रांस के विदेश मंत्री जीन-नोएल बैरोट के साथ भारत-यूएई-फ्रांस त्रिपक्षीय बैठक में हिस्सा लिया था।

इसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता, अंतरिक्ष, स्वास्थ्य विज्ञान, ऊर्जा, संस्कृति और विरासत के क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा हुई। तीनों देशों ने साझा हित वाले क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने और ठोस पहलों के जरिये संबंधों को और अधिक मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई।


चर्चारत दोनों देश के नेता

भारत-फ्रांस के लिए आगे बढ़ने का शानदार मौका है एफटीए : मंत्री हद्दाद

फ्रांस के मंत्री बेंजामिन हद्दाद ने एफटीए को नई दिल्ली और पेरिस दोनों के लिए वर्तमान परिदृश्य में काफी अहम बताया है। फ्रांस के यूरोप मामलों के मंत्री हद्दाद तीन दिवसीय दौरे पर भारत आए हैं। सोमवार को उन्होंने म्यूनिख लीडर्स मीटिंग में हिस्सा लिया। बाद में बातचीत में फ्रांस और भारत के रिश्तों को लेकर अपनी राय जाहिर की। उन्होंने माना कि 30 साल के रणनीतिक साझेदारों के बीच होने वाला मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) रिश्तों को और समृद्ध करेगा। उन्होंने फ्रांस की 'दिलचस्पी' का जिक्र करते हुए कहा, फ्रांस और भारत लगभग 30 सालों से रणनीतिक साझेदार रहे हैं, और प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति मैक्रों के बीच भरोसे और दोस्ती का रिश्ता है। और मुझे साफ तौर पर लगता है कि ऐसी दुनिया में जहां अमेरिका का दबाव है, चीन से व्यापार का प्रेशर है, और बहुत सारी भू-राजनीतिक उथल-पुथल और तेजी से तकनीक बदल रही हो, वहां फ्रांस और भारत के बीच, और साथ ही ईयू और भारत के बीच सहयोग बढ़ाने और रिश्ते को और मजबूत करने में हमारी गहरी दिलचस्पी है।

पेट्रोल डीजल होगा सस्ता?

सऊदी अरब ने कच्चे तेल पर दिया 6 साल का सबसे बड़ा डिस्काउंट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सऊदी ने भारत समेत एशियाई देशों के लिए कच्चे तेल पर 6 साल का सबसे बड़ा डिस्काउंट दिया। कच्चे तेल की कीमतों को लेकर एक तरफ दुनिया में टेंशन बढ़ी हुई है, वहीं दूसरी तरफ भारत समेत एशियाई देशों के लिए सऊदी अरब से एक राहत वाली खबर आई है। सऊदी अरामको ने एशियाई खरीदारों के लिए अपने प्रमुख अरब लाइट क्रूड की नवंबर कीमत में 3 डॉलर प्रति बैरल की कटौती की है। ये जून 2020 के बाद सबसे बड़ा डिस्काउंट है। ये फैसला ऐसे समय आया है जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच चुका है। अब सबसे बड़ा सवाल ये है कि इस फैसले के बाद भारत में पेट्रोल और डीजल के दाम कम होंगे या नहीं? सऊदी अरामको ने नवंबर के लिए एशियाई खरीदारों को अरब लाइट क्रूड की कीमत ओमान और दुबई क्रूड के औसत से 5 डॉलर प्रति बैरल नीचे रखी है। अक्टूबर में यही अंतर 2 डॉलर प्रति बैरल था। यानी एक महीने में डिस्काउंट 3 डॉलर बढ़ गया। उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक ये 6 साल से ज्यादा समय में सबसे बड़ा डिस्काउंट है। सिर्फ अरब लाइट ही नहीं, सऊदी ने एशिया के लिए अरब मीडियम और अरब हेवी ग्रेड की कीमत में भी 5 डॉलर प्रति बैरल की कटौती की है। खास बात ये है कि बाजार के जानकारों को कीमत घटने की उम्मीद नहीं थी। रॉयटर्स के सर्वे में नवंबर के लिए करीब 3 डॉलर की बढ़ोतरी का अनुमान लगाया गया था। सऊदी की ओर से क्रूड सस्ता करने की खबर ऐसे समय आई है, जब दूसरी तरफ कच्चे तेल के दाम बढ़ रहे हैं। यमन के हूती संगठन ने सऊदी अरामको की कुछ साइट्स पर मिसाइल और ड्रोन हमले का दावा किया है। इससे सऊदी की तेल सप्लाई को लेकर बाजार में चिंता बढ़ी। इस खबर के बाद ब्रेंट क्रूड की कीमत 103 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर चली गई।



कांगो में बड़ा नाव हादसा!

दो मोटरबोट की टक्कर में 30 लोगों की मौत, दर्जनों लापता

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कांगो नदी में रविवार को दो नावों के आपस में टकराने से बड़ा हादसा हो गया। इस हादसे में 30 लोगों की मौत हो गई और कई लोग लापता हैं। ये हादसा इक्वातेउर के नगोम्बे-लुकोलेला इलाके के पास हुआ. स्थानीय प्रशासन और बचाव टीमें सर्च ऑपरेशन चला रही हैं ताकि लापता लोगों की तलाश की जा सके। अफ्रीकी देश कांगो की कांगो नदी में दो नावें आपस में टकराने से बड़ा हादसा हो गया है। रविवार को हुए इस हादसे में 30 लोगों की जान चली गई है, वहीं दर्जनों लोग लापता बताए जा रहे हैं। हादसे में जान गंवाने वाले सभी 30 लोगों के शवों को बरामद कर उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया है। अधिकारियों के मुताबिक, हादसे का शिकार हुई ये दोनों लकड़ी से बनी मोटर से चलने वाली नावें अलग-अलग दिशाओं में जा रही थीं। एक नाव देश के उत्तर-पश्चिम हिस्से में स्थित उबांगुई से राजधानी किंशासा की तरफ आ रही थी।


हादसे का दृश्य



रूस की लैब में टूटी टेस्ट ट्यूब, शोधकर्ता की मौत से हड़कंप

जिंदा बैक्टीरिया से संपर्क की आशंका,200 क्वारंटीन

एजेंसी ⏭ मॉस्को

रूस के साइबेरिया में एंटी-प्लेग अनुसंधान संस्थान की 28 वर्षीय शोधकर्ता दर्या शिपिलोवा की गंभीर निमोनिया से मौत के बाद हड़कंप मच गया है। उनकी मौत के बाद करीब 200 लोगों को चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया है और कुछ स्थानों पर एहतियात के तौर पर अलग रखने के कदम उठाए गए हैं। हालांकि, रूसी स्वास्थ्य अधिकारियों ने अब तक यह पुष्टि नहीं की है कि शोधकर्ता की मौत प्लेग संक्रमण से हुई थी। मामले को लेकर चिंता इसलिए बढ़ी है।

प्लेग की पुष्टि नहीं, बयानों से बढ़ी उलझन


पहला दृश्य लैब का दूसरा मृतक महिला का

पड़ोसी बुर्यातिया के प्रमुख अलेक्सी त्सिदेनोव ने कहा कि महिला की मौत संभवतः प्लेग से हुई हो सकती है। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि बुर्यातिया में प्लेग का कोई प्रकोप नहीं है। दूसरी ओर, रोस्पोट्रेबनादजोर ने प्लेग संक्रमण की पुष्टि नहीं की है। संस्था के पूर्व प्रमुख गेनाडी ओनिशचेंको ने भी कहा कि संक्रमण के प्लेग होने की संभावना कम है। प्लेग की आशंका इसलिए भी संवेदनशील मानी जा रही है, क्योंकि शिपिलोवा ऐसे संस्थान में काम करती थीं, जहां खतरनाक संक्रामक बीमारियों पर शोध और निगरानी की जाती है। इसी वजह से टेस्ट ट्यूब टूटने की रिपोर्ट और शोधकर्ता की मौत के बीच संभावित संबंध को लेकर सवाल उठ रहे हैं। हालांकि, उपलब्ध आधिकारिक जानकारी के आधार पर अभी यह कहना संभव नहीं है कि प्रयोगशाला में हुई।

रूस के अलावा और भी कई देशों में इसे गंभीरता से लिया है

प्लेग की पुष्टि नहीं होने से रहस्य बरकरार जांच जारी

रूस ने जांच और निगरानी बढ़ाई

मामले की गंभीरता को देखते हुए रूस की मुख्य राज्य स्वच्छता चिकित्सक अन्ना पोपोवा खुद साइबेरिया पहुंचीं। अधिकारियों ने क्षेत्र में स्वच्छता और महामारी नियंत्रण से संबंधित बैठक कर स्थिति की समीक्षा की। लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और केवल आधिकारिक जानकारी पर भरोसा करने की अपील की गई है। फिलहाल रूस में प्लेग के प्रकोप की पुष्टि नहीं हुई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, फेफड़ों को प्रभावित करने वाला न्यूमोनिक प्लेग संक्रमित व्यक्ति की सांस से निकलने वाली बूंदों के जरिए फैल सकता है। समय पर पहचान और उपचार मिलने पर इसका एंटीबायोटिक दवाओं से इलाज संभव है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109